RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net वर्ष 33 ■ अंक 313 ■ मुंबई, बुधवार 4 जून 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 संरक्षक : आरएन सिंह



कोरोना ने दिखाए फिर पुराने तेवर

पेज-4



धार्मिक स्थलों और पर्यटन केंद्रों पर मिलेगी सस्ते में होमस्टे की सुविधा

पेज-6



कलाकारों ने लगाया चार चांद, आसमान में बनाया तिरंगा

पेज-9



रोमांस में डूबे कार्तिक-अनन्या, 'तू मेरी मैं तेरा...'

पेज-10

# आठ घंटे में पाक घुटनों पर आया

## CDS अनिल चौहान का बड़ा खुलासा: उसे हो गया गलती का एहसास

महानगर नेटवर्क

पुणे

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने पुणे में एक कार्यक्रम में कहा कि भारत आतंकवाद और परमाणु हमले की धमकी के साये में रहकर नहीं जीने वाला। सीडीएस अनिल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा, 10 मई को लगभग 1 बजे, पाकिस्तान का उद्देश्य 48 घंटों में भारत को अपने घुटनों पर लाना था। कई हमले किए गए और किसी तरह से, उन्होंने इस लड़ाई को बढ़ाने की कोशिश की। वहीं हमने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।

सीडीएस ने आगे कहा, ऑपरेशन जो उन्होंने सोचा था कि 48 घंटे तक चलेगा, लगभग 8 घंटे में बंद हो गया और फिर उन्होंने टेलीफोन उठाया और कहा कि वे बात करना चाहते हैं। अनिल चौहान ने आगे कहा, पाकिस्तान को एहसास हो गया होगा अगर वो युद्ध लड़ता है तो उसे हार ही मिलेगी।



**'आतंकवाद सही तरीका नहीं है'**

जनरल अनिल चौहान ने कहा कि इस टकराव की शुरुआत पहलगाम में हुए आतंकी हमले से हुई थी। क्या आतंकवाद को युद्ध का सही तरीका माना जा सकता है? मुझे नहीं लगता, आतंकवाद इसका सही तरीका है, क्योंकि इसका कोई तय नियम नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा दुश्मन भारत को नुकसान पहुंचाना चाहता था, लेकिन वो ऐसे करने में नाकाम रहा।

### 'हमने आतंकवाद के खिलाफ नई रेखा खींची'

अनिल चौहान ने कहा, युद्ध उतना ही पुराना है, जितनी मानव सभ्यता। किसी भी तरह के युद्ध में दो महत्वपूर्ण तत्व होते हैं- हिंसा और हिंसा के पीछे की राजनीति... तीसरा तत्व है आपसी बातचीत, जो लगातार हो रही है। हमने आतंकवाद के खिलाफ नई रेखा खींची है।

### पाकिस्तान के 6 फाइटर जेट तबाह



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की ओर से पाकिस्तान में की गई सैन्य कार्रवाई का विश्लेषण किया गया है। इसमें सामने आया है कि पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) के छह लड़ाकू विमान, दो महंगे हवाई जहाज, 10 से ज्यादा मानवरहित लड़ाकू वाहन (यूसीएवी), एक सी-130 परिवहन विमान और कई क्रूज मिसाइलें भारतीय मिसाइल हमलों में तबाह कर दी गईं। इस ऑपरेशन में शामिल रहे सूत्रों ने बताया कि भारतीय वायु सेना के पास मौजूद तकनीकी डाटा के आधार पर यह पुष्टि हुई है कि ये 6 पाकिस्तानी लड़ाकू विमान हवा में ही मार गिराए गए।

# कमल हासन को फटकार

## हाईकोर्ट बोला- क्या आप इतिहासकार हैं?

महानगर नेटवर्क

चेन्नई

कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक्टर-डायरेक्टर और नेता कमल हासन को कन्नड़ भाषा पर टिप्पणी को लेकर मंगलवार को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि आपने किस आधार पर बयान दिया है। क्या आप इतिहासकार हैं या भाषाविद? आप कमल हासन हों या कोई और, आपके पास किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है। जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने कहा, 'इस देश का विभाजन भाषा के आधार पर है। नागरिकों के लिए जल, जमीन और भाषा मायने रखते हैं। आपके बयान की वजह से अशांति फैली है। कर्नाटक के लोगों ने आपसे सिर्फ माफी की उम्मीद की थी। आप सुरक्षा मांगने यहां आ गए।'

दरअसल, कमल ने 24 मई को चेन्नई में अपनी तमिल फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रमोशनल इवेंट में कहा था कि कन्नड़ भाषा तमिल से पैदा हुई है। कर्नाटक में इस बयान की काफी आलोचना हो रही है। कई कन्नड़ संगठन एक्टर से माफी की मांग कर रहे हैं। कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (KFCC) ने 'ठग लाइफ' की रिलीज पर भी बैन लगा दिया है। KFCC ने कहा है कि जब तक हासन माफी नहीं मांगते, कर्नाटक में फिल्म रिलीज नहीं की जाएगी। फिल्म प्रोडक्शन कंपनी राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल ने फिल्म की रिलीज के लिए सुरक्षा की मांग करते हुए 2 जून को हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। कमल इस कंपनी के को-फाउंडर हैं। मणिरत्नम निर्देशित यह फिल्म 5 जून को रिलीज होने वाली है।




आप कमल हासन हों या कोई और, आपके पास किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है।

### कोई भी भाषा किसी दूसरी भाषा से पैदा नहीं होती

आप (कमल हासन) क्यों नहीं मांग सकते? अब आप अपनी फिल्म की रिलीज के लिए सुरक्षा मांग रहे हैं। माफी मांग लेते, वही काफी होता।' कोई भी भाषा किसी दूसरी भाषा से पैदा नहीं होती। एक माफी से सब ठीक हो सकता था। भाषा लोगों की भावनात्मक और सांस्कृतिक पहचान है। जल, जमीन और भाषा नागरिकों के लिए जरूरी है।

# अहमदाबाद में 24 घंटे में कोरोना के 60 मामले

महाराष्ट्र में दो की जान गई; देश में अब तक 38 मौतें, एक्टिव केस 4 हजार पार



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

देश में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। गुजरात के अहमदाबाद में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना के 60 केस मिले हैं। राजकोट में SP हिमकर सिंह भी कोरोना पॉजिटिव हैं। वे फिलहाल होम आइसोलेशन में हैं।

देश भर में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना से 5 लोगों की मौत भी हुई है। इनमें केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एक-एक और महाराष्ट्र में दो मौतें हुई हैं। जनवरी से अब तक देश में कोरोना से 38 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से 31 की मौत बीते 4 दिन में हुई हैं। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 10 मौतें हुई हैं। भारत में कोरोना मरीजों का आंकड़ा 4 हजार के पार हो गया है। अभी देश में कुल 4,026 एक्टिव केस हैं। इनमें 50% केस सिर्फ महाराष्ट्र और केरल में हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1,446 एक्टिव केस हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 494, गुजरात में 397 और दिल्ली में 393 मामले हैं।

# राहुल बोले-ट्रम्प का फोन आया, नरेंद्र तुरंत सरेंडर हो गए

## इतिहास गवाह है, यही BJP-RSS का कैरेक्टर | कांग्रेस के शेर-शेरनियां कभी झुकते नहीं

महानगर नेटवर्क

भोपाल

राहुल गांधी ने मंगलवार को भोपाल में कहा- ट्रम्प का एक फोन आया और नरेंद्र जी तुरंत सरेंडर हो गए। इतिहास गवाह है, यही BJP-RSS का कैरेक्टर है। ये हमेशा झुकते हैं। भारत ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। कांग्रेस के बब्बर शेर और शेरनियां सुपर पावर से लड़ते हैं, कभी झुकते नहीं हैं।

राहुल ने कहा- बीजेपी, आरएसएस वालों को मैं अच्छी तरह जानता हूं। इन पर थोड़ा सा दबाव डालो, थोड़ा सा धक्का मारो। डरकर भाग जाते हैं। जैसे उधर से ट्रम्प ने एक इशारा किया, फोन उठाया, कहा- मोदी जी क्या कर रहे हो नरेंद्र... सरेंडर... और जी हुजूर कर मोदी जी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। इससे पहले राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की। प्रदेश में यह अभियान 10 जून से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि तीन तरह के घोड़े होते हैं। रेस वाला, बारात वाला और लंगड़ा घोड़ा। रेस वाला घोड़ा दौड़कर आगे बढ़ जाता है। बारात वाला घोड़ा, बारात तक ही चल पाता है। तीसरा घोड़ा लंगड़ा होता है जो किसी काम का नहीं होता। हमें रेस वाला घोड़ा बनना है। दौड़कर आगे जाना है।



**थंडर V/S ब्लंडर**

बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने एक पोस्ट किया और राहुल गांधी को ब्लंडर बताया। इसी के साथ उन्होंने एक तस्वीर भी पोस्ट की जिसके एक हिस्से में पीएम मोदी और दूसरे हिस्से में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हाथ मिलाते राहुल गांधी नजर आ रहे हैं। उन्होंने पोस्ट में पीएम मोदी को थंडर और राहुल गांधी को ब्लंडर बताया।

## राज्यपाल ने तमिलनाडु सरकार के बिलों को मंजूरी दी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने सरकार की ओर से पारित 2 बिलों को मंजूरी दे दी है। इनसे 12,000 से ज्यादा दिव्यांगजनों को शहरी और स्थानीय निकायों में नामांकन का अधिकार मिलेगा। ये बिल लंबे समय से राजभवन में लंबित थे। राज्यपाल के इस फैसले पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा- यह मंजूरी मिलनी ही थी। राज्यपाल को डर था कि अगर फिर से बिलों को रोका तो हम सुप्रीम कोर्ट चले जाएंगे।

8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के मामले पर राज्यपाल के अधिकार की सीमा तय कर दी थी। बेंच ने कहा था- राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। साथ ही सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध भी बताया था। कोर्ट ने कहा था कि यह मनमाना कदम है और कानून के नजरिए से सही नहीं है। राज्यपाल को राज्य की विधानसभा को मदद और सलाह देनी चाहिए थी। आदेश दिया कि विधानसभा से पास बिल पर राज्यपाल एक महीने के भीतर कदम उठाएं।

## Short News एक नजर

### नीदरलैंड में 11 महीने में गिर गई सरकार

हेग। नीदरलैंड में दक्षिणपंथी पार्टी PVV ने गठबंधन से बाहर निकलने का ऐलान किया है। पार्टी चीफ वाइल्डर्स ने कहा कि उनकी पार्टी के सभी मंत्री सरकार से इस्तीफा दे रहे हैं। यह सरकार सिर्फ 11 महीने चल पाई। नीदरलैंड में जुलाई 2024 में गठबंधन सरकार बनी थी। वाइल्डर्स खुद सरकार में किसी पद पर नहीं थे। उन्होंने कहा कि गठबंधन के साथी दल शरणार्थी संकट को लेकर कड़ी नीति नहीं बना रहे थे। इस वजह से उन्होंने गठबंधन से निकलने का फैसला किया है। यह फैसला ऐसे वक्त में हुआ है जब गठबंधन पहले से बेहद कमजोर हालत में था।

### ऑपरेशन सिंदूर पर I.N.D.I.A ब्लॉक की बैठक

नई दिल्ली। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए I.N.D.I.A ब्लॉक की मंगलवार को नई दिल्ली में बैठक हुई। इसमें 16 विपक्षी पार्टियों ने हिस्सा लिया। TMC सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने जानकारी दी कि सभी दलों ने PM को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की गई है। आम आदमी पार्टी (AAP) मीटिंग में शामिल नहीं हुई। डेरेक ने बताया कि AAP बुधवार को प्रधानमंत्री को अलग से चिट्ठी भेजेगी। इस बैठक में 16 दल शामिल हुए लेकिन आप और NCP (शरद) नहीं पहुंची।

### पाकिस्तान की जेल से भागे 216 कैदी

नई दिल्ली। पाकिस्तान में भूकंप के बाद निकासी के दौरान जेलों से 200 से अधिक कैदी भाग निकले। देश में भूकंप के बाद एहतियात के तौर पर वहां की एक जेल से कैदियों को निकाले जाने के दौरान मची अफरा-तफरी के बाद कम से कम 216 कैदी जेल से भाग गए। मंगलवार को मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। कराची की मलीर जेल में सोमवार रात हुई घटना में एक कैदी की मौत हो गई और अर्द्धसैनिक फ्रंटियर कोर के तीन जवान और एक जेल कर्मचारी घायल हो गए। जेल अधिकारियों के अनुसार, 80 से अधिक कैदियों को फिर से पकड़ लिया गया है।

### सेना के अफसरों के इंटरव्यू को लेकर एडवायजरी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने सीनियर सैन्य अधिकारियों और उनके परिवारों की गोपनीयता का सम्मान करने के लिए एडवायजरी जारी किया है। एडवायजरी में लिखा है, 'सेवारत या रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के निजी आवासों या परिवारों से इंटरव्यू करने से बचें।' एडवायजरी में लिखा, 'जब तक आधिकारिक तरीके से इसका Invitation या इजाजत न दी गई हो। आवासीय पते, परिवार के सदस्यों की तस्वीरें या गैर- संचालन संबंधी जानकारी सहित निजी ब्योरों का छापने या प्रसारित करने से बचें, जो सार्वजनिक हित में नहीं हैं।

# शर्मिष्ठा पनौली की बढ़ी मुश्किलें

## दिल्ली और गुवाहाटी में भी शिकायतें दर्ज | हाईकोर्ट ने पुलिस से मांगी केस डायरी

महानगर नेटवर्क

कोलकाता

पैगंबर मुहम्मद के बारे में आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के आरोप में इंफ्लुएंसर व कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनौली के विरुद्ध कोलकाता के गार्डेनरीच थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने वाला वजाहत खान कादरी रशीदी खुद कई मामलों में आरोपित है। कादरी के विरुद्ध इंटरनेट मीडिया पर सांप्रदायिक और भड़काऊ पोस्ट करने को लेकर कोलकाता पुलिस के साइबर सेल व महानगर के विभिन्न थानों में कम से कम सात प्राथमिकी दर्ज हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन मामलों की जांच चल रही है। तथ्यों की पुष्टि होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कादरी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराने वालों ने इसे एक प्रश्न मैत्र से उसे 'आदतन अपराधी करार देते हुए प्रश्न किया कि उन मामलों में पुलिस शर्मिष्ठा के मामले जितनी सक्रियता क्यों नहीं दिखा रही है? कादरी पर इंटरनेट मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं और परंपराओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का आरोप है। कोलकाता के अलावा दिल्ली व गुवाहाटी में भी उसके विरुद्ध कई शिकायतें दर्ज हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने एक्स पर लिखा-'मां कामाख्या के विरुद्ध एक व्यक्ति द्वारा की गई अस्वीकार्य टिप्पणियों के संदर्भ में असम पुलिस की ओर से मामला दर्ज किया गया है और हम उस व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई करने के लिए असम लाने में बंगाल सरकार से सहयोग मांगेंगे।



# सरकारी नौकरी की आड़ में आतंक से रिश्ते

## जम्मू-कश्मीर में तीन कर्मचारी बर्खास्त

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राज्य सरकार के तीन कर्मचारियों को आतंकवादी संगठनों से संबंधों के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 311(2)(c) के तहत की गई है, जो सरकार को ऐसे मामलों में जांच के बिना सीधे बर्खास्त करने का अधिकार देता है। जिन कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया था, उनमें मलिक इश्फाक नसीर, जो पुलिस में कांस्टेबल थे, अजाज अहमद, जो स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक थे, और वसीम अहमद खान, जो सरकारी मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में जूनियर असिस्टेंट थे।



इन तीनों कर्मचारियों पर कई गंभीर आरोप हैं। जिनमें आतंकवादी गतिविधियों में सीधे या परोक्ष रूप से संलिप्त होना, देश की सुरक्षा और संप्रभुता को खतरा पैदा करना और आतंकवादी संगठनों को सहायता देना शामिल हैं। यह निर्णय जांच एजेंसियों द्वारा जुटाए गए सबूतों और खुफिया रिपोर्टों पर आधारित है।

# म्हाडा की जर्जर इमारतों में रहने वालों को मिलेगा 20 हजार भाड़ा

महानगर संवाददाता

मुंबई

म्हाडा ने जर्जर इमारतों में रहने वाले रहिवासियों को वैकल्पिक घर नहीं उपलब्ध करा पाती है तो घर मालिकों को 20 हजार भाड़ा देने का निर्णय लिया है। मुंबई में म्हाडा की उपकरप्राप्त 96 इमारतें हैं, जिसमे 2400 रहिवासी रहते हैं। उल्लेखनीय है की म्हाडा को 96 उपकर प्राप्त इमारत है, जिन्हे म्हाडा ने जर्जर घोषित की है। म्हाडा के पास कुल 786 घर उपलब्ध हैं, जबकि लोगों के घरों की संख्या अधिक होने के कारण म्हाडा लोगों को किराया देने का निर्णय लिया है। म्हाडा का कहना है कि जर्जर इमारतों में रहिवासी रहते हैं, उन्हें मानसून पूर्व दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होना अति आवश्यक है। म्हाडा उपाध्यक्ष संजीव जायसवाल ने यह निर्णय लिया है कि



यदि अति-धोकादायक इमारतों के रहवासी स्वयं अपने स्तर पर वैकल्पिक निवास की व्यवस्था करते हैं, तो मंडल उन्हें प्रतिमाह 20,000 किराए के रूप में भुगतान करेगा। उन्होंने लोगों को घर उपलब्ध कराने के लिए, बाहरी एजेंसियों के माध्यम से तीन वर्षों के लिए 180 से 250 वर्गफुट क्षेत्रफल के 400 घर किराए पर भी लेने के लिए टेंडर निकाला है। म्हाडा इन जर्जर इमारतों का पुनर्विकास करने वालों से यह पैसा वसूल करेगी। मुंबई शहर में वर्तमान में 13,091 उपकरप्राप्त इमारतें अस्तित्व में हैं।


# मोदी दुनिया के शानदार नेता

## 'अगर पाकिस्तान परेशानी पैदा कर रहा है तो...'

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

टेस्ला के सीईओ और मशहूर अरबपति एलन मस्क के पिता एरोल मस्क भारत दौरे पर हैं। यहां उन्होंने भारत की संस्कृति के साथ-साथ भारत की अर्थव्यवस्था और पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। एरोल मस्क ने आतंकवाद के साये में जी रहे कश्मीरियों की परेशानियों को खत्म करने का आह्वान करते हुए कहा, 'अगर पाकिस्तान परेशानी पैदा कर रहा है, तो इसके बारे में कुछ किया जाना चाहिए।' एलन मस्क के पिता एरोल मस्क ने कहा, 'आप आम लोगों को इस तरह से पीड़ित नहीं कर सकते। आपको एक योजना बनानी होगी और इसे खत्म करना होगा।'



**पीएम मोदी की जमकर तारीफ की**

एरोल मस्क ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ भी कर दी और कहा वह इस समय दुनिया के सबसे शानदार नेता हैं। एरोल मस्क ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह एक शानदार नेता हैं, इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ नेताओं में से एक हैं।' जियोपॉलिटिक्स में भारत की भूमिका के सवाल पर उन्होंने कहा, 'अब भारत की जीडीपी दुनिया में तीसरा या चौथी सबसे ज्यादा है, यह बिल्कुल अविश्वसनीय है। यह एक विश्व शक्ति है। मैं इसके अलावा और क्या कह सकता हूं, यह शानदार है। मैं आपको बताता हूं कि यह शानदार क्यों है, क्योंकि मुझे लगता है कि भारतीय लोग बहुत प्यारे लोग हैं। वे आक्रामक, मतलबी लोग नहीं हैं। वे ऐसे लोग हैं जो किसी व्यक्ति को गले लगाते हैं। इसलिए हम ऐसे लोगों को एक महत्वपूर्ण वैश्विक शक्ति बनने की स्थिति में देखना चाहते हैं। एरोल मस्क अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन करने वाले हैं।

## जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग लाएगी मोदी सरकार!

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए संसद के आगामी मानसून सत्र में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजु को सभी दलों में सर्वसम्मति बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पहले ही जांच कमेटी गठित किये जाने और उसकी रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोपों की पुष्टि किये जाने को देखते हुए महाभियोग प्रस्ताव आने के बाद नए सिरे से सुप्रीम कोर्ट की जांच की जरूरत नहीं पड़ेगी। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार किरण रिजिजु आने वाले दिनों में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से बातचीत कर सर्वसम्मति बनाने की कोशिश करेंगे।

# 'वन नेशन वन हसबैंड' पर सियासी बवाल

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

बीजेपी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की ऑपरेशन सिंदूर को लेकर की गई टिप्पणियों की कड़ी निंदा की है। बीजेपी ने मांग की है कि सीएम मान को अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए और मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए। बीजेपी नेताओं ने भगवंत मान के बयानों को गैर-जिम्मेदाराना और आपत्तिजनक करार दिया है। पार्टी का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर, जो एक महत्वपूर्ण सुरक्षा अभियान था, उस पर पंजाब के सीएम की टिप्पणी न केवल अनुचित है, बल्कि यह राष्ट्रीय हितों के खिलाफ भी है। बीजेपी ने इसे पंजाब सरकार की विफलता और असंवेदनशीलता का प्रतीक बताया।

**पंजाब के सीएम का विवादित बयान**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि भाजपा घर-घर जाकर सिंदूर बांटेगी, उन्होंने कहा कि क्या आप मोदी के नाम का सिंदूर लगाएंगे? क्या यह एक राष्ट्र, एक पति योजना है? इसको लेकर पंजाब के बीजेपी प्रवक्ता प्रीतपाल सिंह बलियावाल ने कहा, 'भगवंत मान का बयान निंदनीय है। उन्हें तत्काल माफी मांगनी चाहिए और अपनी जिम्मेदारी से इस्तीफा देना चाहिए।'



### पंजाब सरकार पर सवाल

बीजेपी ने पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने बार-बार गलत नीतियों और बयानों से राज्य की छवि को नुकसान पहुंचाया है। पार्टी ने केंद्र सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की भी मांग की है। बीजेपी ने मांग की है कि भगवंत मान के बयानों की जांच की जाए और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई हो। पार्टी ने कहा कि इस तरह के बयान देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा बन सकते हैं। चाहिए।' पार्टी ने यह भी दावा किया कि मान की टिप्पणियां पंजाब की जनता और सुरक्षा बलों का अपमान करती हैं। बीजेपी प्रवक्ता ने सीएम भगवंत मान के विवादित बयान की एक क्लिप भी X पर पोस्ट की है।

# एक और आयोग की स्थापना

■ कैबिनेट बैठक में राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के गठन की मंजूरी

■ राज्य अनुसूचित जाति आयोग भी स्वतंत्र रूप से काम करता रहेगा

महानगर संवाददाता

मुंबई



मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में अनुसूचित जनजाति के लिए अलग आयोग की स्थापना का निर्णय लिया है। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की। सरकार ने आयोग के गठन के साथ-साथ पदों का निर्माण, जगह और सहायक खर्चों के लिए 4 करोड़ 20 लाख रुपए मंजूर किए। राज्य में पहले से मौजूद अनुसूचित जाति आयोग स्वतंत्र रूप से काम करता रहेगा।

केंद्रीय स्तर पर देश में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए दो अलग-अलग आयोग हैं। इन दोनों आयोगों से संबंधित विषय अलग-अलग हैं, इसलिए दो अलग आयोग होने की आवश्यकता थी। साथ ही 51वीं जनजातीय सलाहकार परिषद ने महाराष्ट्र में एक अलग अनुसूचित जनजाति आयोग स्थापित करने की सिफारिश की थी। इस अनुसार सरकार ने अनुसूचित जनजाति के लिए अलग आयोग की स्थापना का निर्णय लिया। इस आयोग की संरचना राज्य अनुसूचित जाति आयोग की तरह होगी, इसमें एक अध्यक्ष और चार गैर सरकारी सदस्य होंगे। आयोग के लिए, 26 नए पद सृजित किए जाएंगे। इन पदों सहित आयोग के सदस्यों के वेतन, भत्ते और दफ्तर किराए पर लेने, फर्नीचर, बिजली, टेलीफोन, ईंधन सहित अन्य खर्च के लिए 4 करोड़ 20 लाख रुपए मंजूर किए गए। सरकार की तरफ से कहा गया है कि अनुसूचित जाति आयोग भी स्वतंत्र रूप से काम करता रहेगा। कैबिनेट ने इन दोनों आयोगों को वैधानिक दर्जा देने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इसके लिए आने वाले दिनों में कार्रवाई की जाएगी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

राज्य कर्मचारी बीमा महामंडल के 200 बिस्तरों वाले बीमा कर्मचारी अस्पताल के निर्माण के लिए छत्रपति संभाजी नगर जिले के मौजे करोडी में 6 हेक्टेयर गायरान जमीन। इसके अलावा बिबवेवाड़ी- पुणे, अहिल्या नगर, सांगली अमरावती, बल्लारपुर-चंद्रपुर, सिन्नर- नाशिक, बारामती, सातारा और पनवेल में अस्पतालों के लिए भूमि उपलब्ध कराने की सैद्धांतिक मंजूरी। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास महामंडल को टोल रियायत के लिए मुआवजा मिलेगा। मुंबई प्रवेश द्वार पर 5 टोल स्टेशनों पर रियायत देने के लिए महामंडल को मुआवजा दिया जाएगा।

## बच्चों को पहली कक्षा से ही सैन्य प्रशिक्षण देने की तैयारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पहली कक्षा से ही विद्यार्थियों के लिए बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण शुरू करने की तैयारी है। राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने मंगलवार को यह घोषणा की। भुसे के अनुसार इस पहल का उद्देश्य युवा विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन और शारीरिक फिटनेस की संस्कृति विकसित करना है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त सैनिक इस बावत खेल शिक्षकों,राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और स्काउट्स एंड गाइड्स के सदस्यों के साथ मिलकर बच्चों को प्रशिक्षण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा, " इस फैसले का उद्देश्य बच्चों में देश के प्रति प्रेम को बढ़ावा देना और नियमित व्यायाम और अनुशासन की आदतें डालना है, जिससे छात्रों को जीवन भर लाभ होगा। " गौरतलब है इस आशय के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है।

## महिला के वेश में चोरी करने वाला गिरफ्तार

### 41 लाख रुपए के गहने बरामद



महानगर संवाददाता

मुंबई

मालाड पुलिस ने एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ्तार किया है,जो चोरी करने के लिए महिला का भेष धारण करता था। आरोपी दिन में इलाके की रेकी करता और रात के अंधेरे में चोरी की वारदातों को अंजाम देकर फरार हो जाता। पुलिस के हत्थे चढ़ा यह आरोपी अब तक मुंबई के मालाड, कांदिवली,बोरीवली और दिंडोशी इलाकों में कई चोरियों को अंजाम दे चुका है।

चोरी की इस अजीबोगरीब तरकीब में आरोपी विशेष तौर पर रेलवे स्टेशनों के आसपास के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाता था। वारदात को अंजाम देने के बाद वह रेलवे ट्रैक पर जाकर अपने कपड़े बदलता और फिर बुरखा या सलवार-सूट पहनकर भीड़ में मिल जाता, जिससे वह पुलिस और CCTV कैमरों की नजर से बच सके।

### CCTV फुटेज में आरोपी महिला के वेश में दिखाई दिया


पुलिस ने आरोपी की पहचान रंजीत कुमार उर्फ मुन्ना के रूप में की है, जो बिहार के खगड़िया जिले का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने 36 तोले सोने के हीरे जड़े गहने, 1 किलो चांदी, 13 लाख रुपये की बैंक एफडी, चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार और सोना पिघलाने की मशीन बरामद की है। जब्त सामान की कुल कीमत लगभग 41 लाख रुपये आंकी गई है। इतना ही नहीं, आरोपी ने चोरी के पैसों से बिहार में जमीन खरीदने के लिए 10 लाख रुपये और मालवणी में मकान खरीदने के लिए 6 लाख रुपये नकद दिए थे, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। मालाड पुलिस मार्च से ही आरोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने रेलवे ट्रैक के पास लगे 100 से ज्यादा CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली, जिनमें आरोपी महिला के वेश में दिखाई दिया। आखिरकार मालाड पुलिस ने मालवणी इलाके में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी के बाद अब तक 8 चोरी के मामलों का खुलासा हो चुका है।

## बेमौसम बारिश ने बढ़ाया बांधों का जलस्तर

महानगर संवाददाता

ठाणे

### ठाणे में पानी कटौती का संकट टला



मई के अंतिम सप्ताह में हुई बेमौसम बारिश ने ठाणे शहर और आसपास के इलाकों के लिए राहत की सौगात लाई है। लंबे समय से जलसंकट की आशंका झेल रहे नागरिकों के लिए यह बारिश वरदान साबित हुई है। ठाणे को जलापूर्ति करने वाले प्रमुख बारवी और भातसा बांधों में जलस्तर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। अप्रैल के अंत तक इन दोनों बांधों में महज 28 प्रतिशत जलसंग्रहण बचा था,लेकिन मई के अंतिम दिनों में हुई 180 मिमी बारिश के कारण अब जलस्तर बढ़कर 35 प्रतिशत तक पहुंच गया है। बता दें कि बारिश के चलते जलसंग्रहण में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जिससे आगामी महीनों में पानी कटौती की संभावना बेहद कम हो गई है। ठाणे मनपा क्षेत्र में प्रतिदिन 585 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति की जाती है। इसमें से 250 मिलियन लीटर पानी मनपा की स्वयं की योजना से आता है, 135 मिलियन लीटर महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) से, 115 मिलियन लीटर स्टेम प्राधिकरण से और 85 मिलियन लीटर पानी मुंबई मनपा से प्राप्त होता है। इन चार स्रोतों से हो रही आपूर्ति के बावजूद गर्मी के मौसम में ठाणे के कुछ इलाकों में पानी की कमी बनी हुई थी। जलाशयों में घटते जलस्तर को देखते हुए पानी की कटौती की आशंका व्यक्त की जा रही थी। मगर अब बारिश के चलते बढ़े जलस्तर ने नगर निगम और नागरिकों दोनों को राहत की सांस दी है। हालांकि बारिश ने बांधों की स्थिति सुधारी है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि जलसंवर्धन और पानी के विवेकपूर्ण उपयोग की दिशा में निरंतर प्रयास जरूरी है। यदि मानसून सामान्य रहा तो ठाणे को पानी के संकट से पूरी तरह निजात मिल सकती है। फिलहाल ठाणे के नागरिकों को पानी कटौती की चिंता से कुछ समय के लिए छुटकारा मिल गया है।

## मुंबई एयरपोर्ट से दो बांग्लादेशी गिरफ्तार, फर्जी पासपोर्ट बरामद

महानगर संवाददाता

मुंबई



सहार पुलिस ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर दो बांग्लादेशी नागरिकों को फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल कर जेददा के रास्ते नॉर्वे जाने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है,आरोपियों की पहचान सुब्रतो कालीपद मंडल और मीता गौरपद बिस्वास के रूप में हुई है,जिन्हें इमिग्रेशन जांच के दौरान पकड़ा गया। सहार पुलिस अधिकारी के अनुसार,दोनों व्यक्ति बांग्लादेश के खुलना और गोपालगंज जिलों के रहने वाले हैं,कथित तौर पर वे छह साल पहले पश्चिम बंगाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और तब से कोलकाता में रह रहे थे,अपने प्रवास के दौरान, दोनों ने 2024 में जाली दस्तावेजों का उपयोग करके अपने और अपने बच्चे के लिए भारतीय पासपोर्ट हासिल करने में कामयाबी हासिल की।

### 2020 में अवैध रूप से भारत में किया था प्रवेश

पुलिस ने कहा कि 1 जून की रात करीब 12:30 बजे दंपति अपने बच्चे के साथ इमिग्रेशन क्लीयरेंस के लिए मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे,उन्हें जेददा के लिए 2:30 बजे की फ्लाइट पकड़नी थी,जहां से वे नॉर्वे जाने वाले थे।

## महिला से अश्लील हरकत और पीछा करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिवंडी।** शहर के कामतघर, हनुमान नगर मारूती मंदिर इलाके में एक महिला के साथ छेड़छाड़ और अश्लील टिप्पणी करने वाले आरोपी को भिवंडी शहर पुलिस ने महज कुछ घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 78(2) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता सुबह 9 बजे किसी निजी कार्य से बाहर जा रही थीं। इसी दौरान वाराला देवी रोड़, वैष्णवदेवी सोसाइटी के रहने वाले राजू नारायण चेंनुरी ने उनका पीछा करना शुरू किया। आरोप है कि आरोपी ने महिला पर अश्लील टिप्पणियां कीं और फिर मोटरसाइकिल से आकर जानबूझकर उनके हाथ में पकड़ी वस्तु के साथ छेड़छाड़ की, जिससे महिला असहज हो गई।

## वसई-विरार शहर के स्ट्रीट लाईटे बंद

### जनता परेशान, रोड लाइटें बंद होने से बढ़ी दुर्घटनाएं



महानगर संवाददाता

विरार

वसई-विरार शहर के कई इलाकों में पिछले कुछ दिनों से सड़क लाइटें बंद पड़ी हैं, जिससे स्थानीय निवासियों को रात के समय भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे के कारण सड़कों पर चलना बेहद खतरनाक हो गया है,जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। रात होते ही पूरा इलाका घोर अंधेरे में डूब जाता है, जिसके चलते महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को विशेष रूप से परेशानी हो रही है। इस स्थिति ने चोरियों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों में भी वृद्धि की है, जिससे नागरिकों में असुरक्षा की भावना पनप रही है।

### सुरक्षा पर बढ़ता खतरा

सड़क के स्ट्रीक लाईट बंद होने से केवल चलने-फिरने में ही नहीं, बल्कि समग्र सुरक्षा व्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। अंधेरे का फायदा उठाकर आपराधिक तत्व सक्रिय हो गए हैं। हाल के दिनों में चेन स्नेचिंग और घरों में सेंधमारी की कई घटनाओं की खबरें सामने आई हैं, जिसने स्थानीय पुलिस और प्रशासन पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। नागरिकों का कहना है कि जब रात में पूरी सड़कें अंधेरे में डूबी रहती हैं, तो पुलिस गश्त भी अप्रभावी साबित होती है, क्योंकि दूर से किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि को पहचानना मुश्किल हो जाता है।

### स्थानीय निवासियों की आपबीती

नालासोपारा के प्रगति नगर के निवासी और समाजसेवक सत्यप्रकाश ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, हर रात हमें डर के साए में घर लौटना पड़ता है। कई बार राह चलते लोग अंधेरे के कारण गिर जाते हैं, जिससे चोट लगने का डर बना रहता है। छोटे बच्चों को स्कूल या ट्यूशन से लौटने में भी काफी डर लगता है, क्योंकि अंधेरे में उन्हें ठीक से कुछ दिखाई नहीं देता। ऐसा लगता है जैसे हम किसी वीरान इलाके में रह रहे हों। एक अन्य निवासी शिवम् सिंह ने बताया, शाम ढलते ही हमें घर के अंदर दुबक कर रहना पड़ता है। बच्चे खेलने के लिए बाहर नहीं जा पाते और शाम के समय महिलाओं को घर से बाहर निकलने में भी हिचकिचाहट होती है। चोरियों की घटनाएं बढ़ गई हैं, और हमें अपने घरों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता रहती है।

## क्लस्टर योजना को लेकर कांग्रेस ने लगाया महायुति पर आरोप

महानगर संवाददाता

भायंदर

मीरा-भायंदर शहर में क्लस्टर योजना का कांग्रेस ने विरोध किया हैं। कांग्रेस का कहना हैं की क्लस्टर योजना के नियम के फेर में शहर की अधिकतर धोखादायक इमारतों का पुनर्निर्माण नहीं हो पा रहा हैं। हालही में राणी सती मार्ग रहवासी संघर्ष समिति ने इसके खिलाफ आवाज उठाई थी। राणी सती मार्ग रहवासी संघर्ष समिति के मुकेश मेहता ,बिपिन मेहता,जगदीश शर्मा,हेमा पाटील आदि ने मीरा-भायंदर कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष आफरीन सय्यद को ज्ञापन देकर समर्थन करने का निवेदन किया। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर भाजपा पर अपने खास बिल्डरों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया हैं। कांग्रेस प्रवक्ता प्रकाश नागणे ने आरोप लगाया की मनपा की जिम्मेदारी प्रशासक संभाल रहें हैं। महायुती की सरकार क्लस्टर के नाम पर नियम एवं शर्तों के माध्यम से अपने खास बिल्डरों को फायदा पहुंचाना चाहती हैं। शहर की बहुत सारी इमारतें धोखादायक हैं,परन्तु इस क्लस्टर योजना के नियमों के कारण इन इमारतों का पुनर्निर्माण नहीं हो पा रहा हैं। ऐसी इमारतों में लोग अपनी जान को जोखिम में डाल कर रह रहें हैं। कांग्रेस की आफरीन सय्यद ने इस योजना का विरोध किया और कहां की हम शहर के लोगों के साथ हैं और इनको न्याय दिला कर रहेंगे।

## मनपा चुनाव पूर्व ही शुरू हुई राजनीति

### अनुसूचित जाति के आरक्षित वार्ड को लेकर हुआ विवाद

महानगर संवाददाता

मुंबई



सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में महानगर पालिका नगर पालिका सहित नगर पंचायत के चुनाव करने का निर्देश दिया है। कोर्ट के आदेश के बावजूद अभी तक चुनाव को लेकर अभी तक राज्य चुनाव आयोग की ओर से कोई खास आदेश नहीं निकला है,लेकिन उसके पहले राजन्ती शुरू हो गई है। अनुसूचित जाति के वार्ड की संख्या कम रखने का आरोप भाजपा नेता भाई गिरकर ने लगाया है। उन्होंने महाराष्ट्र राज्य अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष एडवोकेट धम्मपाल मेश्राम को इस विषय में एक लिखित ज्ञापन सौंपा कर नाराजगी जताई है। भाई गिरकर ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ महाराष्ट्र राज्य अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष एडवोकेट धम्मपाल मेश्राम को इस विषय में एक लिखित ज्ञापन सौंपा। इस पर मेश्राम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर जानकारी दी कि मुंबई मनपा में कुल वार्डो की संख्या 227 होने के बावजूद अनुसूचित जाति के लिए मात्र 13 वार्ड आरक्षित रखे जाते है,जबकि नाशिक महानगरपालिका में कुल 122 वार्ड में 18 ,संभाजी नगर में 113 वार्ड में 22,नागपुर में 151 में 24 और पुणे में कुल 162 वार्ड में 19 वार्ड आरक्षित है। जिसको लेकर भाई गिरकर ने सवाल खड़ा किया की मुंबई मनपा में इतना कम क्यों। उन्होंने अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष एडवोकेट धम्मपाल मेश्राम को इस विषय में एक लिखित ज्ञापन सौंपा।

## शेयर में निवेश के नाम पर 25 करोड़ की ठगी

महानगर संवाददाता

ठाणे

### छह पर मामला दर्ज



शेयर बाजार में निवेश के नाम पर एक नागरिक से करोड़ों रुपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। इस सिलसिले में भिवंडी शहर पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता जितेंद्र मोहनलाल भंडारी ने आरोप लगाया है कि उन्होंने एनएसई कंपनी में 2,50,000 निवेश किया था। यह निवेश जीटो एजुकेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन के माध्यम से किया गया था। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी निशाकुमारी, सतीश कुमार (संचालक एटम कैपिटल प्रा. लि.), क्रीश व्होरा (सुप्रीमस एंजल कंपनी), मनीष सोनी, एटम कैपिटल प्रा. लि. और जीटो एजुकेशन संस्था ने मिलकर निवेश के नाम पर रकम ली थी। परंतु जब शिकायतकर्ता ने निवेश के बदले रिटर्न मांगा तो उन्हें लगातार टालने की कोशिश की गई और आखिरकार पैसे भी वापस नहीं किए गए। पीड़ित ने बताया कि इन आरोपियों ने उन्हें 39,50,00,000 का फर्जी शेयर रसीद और 1,30,000 का एनएसई के नाम पर निवेश का झांसा देकर कुल 25,00,00,000 की ठगी की। इसके अलावा, निवेश से संबंधित किसी भी तरह का लेखी या वैध दस्तावेज भी नहीं दिया गया। यह मामला 19 दिसम्बर 2024 से आज तक 79 बाज़ार पेठ, पारनाका,पुलिस चौकी के सामने चल रहा । पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(5),61(2) (अ) के तहत दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। जांच का ज़िम्मा पुलिस निरीक्षक धनंजय एम. देवडीकर के नेतृत्व में जारी है।

## पांच लोगों पर एमआरटीपी एक्ट के तहत केस दर्ज

### अवैध निर्माण को लेकर मनपा की बड़ी कार्रवाई

महानगर संवाददाता

भिवंडी

भिवंडी-निज़ामपुर महानगरपालिका प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। प्रभाग समिति क्रमांक 1 के अंतर्गत आने वाले नागांव क्षेत्र में निर्माणाधीन एक अवैध इमारत के मामले में पांच लोगों के खिलाफ शांतिनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया है। मनपा के सहायक आयुक्त मकसूम शेख की ओर से की गई शिकायत पर पुलिस ने अब्दुल लतीफ मोहम्मद इसाक अंसारी (मृत), फरीदा बेगम अब्दुल लतीफ अंसारी (मृत), बिलाल अहमद अब्दुल लतीफ अंसारी, मोहम्मद कासिम मोहम्मद अय्युब और मोहम्मद अनवर मोहम्मद अय्युब अंसारी के खिलाफ महाराष्ट्र प्रादेशिक व नगर रचना अधिनियम 1966 की धारा 52 के तहत मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 2021 में मनपा द्वारा इन आरोपियों को अवैध बांधकाम हटाने को लेकर नोटिस जारी की गई थी, जिसमें 7 दिनों के भीतर निर्माण हटाने का स्पष्ट आदेश दिया गया था।

## भाजपा ने पेंगिन के बच्चों का अंग्रेजी नाम देने पर किया विरोध



**मुंबई।** रानीबाग चिड़िया घर में पिछले दिनों तीन नए पेंग्विन बच्चों का जन्म हुआ। मनपा ने तीनों बच्चों का अंग्रेजी नाम नौडी,ट्राम और पिंगू इस तरह का नामकरण किया। भाजपा ने रानीबाग चिड़िया घर के सामने आंदोलन कर पेंग्विन पक्षी का मराठी नाम देने की मांग रखी। उल्लेखनीय है कि राजनीतिक दलों और नेताओं द्वारा अभी तक रेलवे स्टेशन,सड़क,चौक-चौराहे के नाम अपने आदर्श व्यक्ति के नाम पर रखने की मांग करते थे,लेकिन मुंबई भाजपा के एक नेता ने वीरमाता जीजाबाई भोसले प्राणी उद्यान में पेंग्विन के बच्चों के नाम मराठी में रखने की मांग की है। भाजपा नेता की इस मांग को आने वाले मनपा चुनाव से जोड़ कर देखा जा रहा है।

### आकर्षण का केंद्र रानीबाग के पेंग्विन

भायखला स्थित वीरमाता जीजाबाई भोसले प्राणी उद्यान ( रानीबाग ) में वर्ष 2017 में दक्षिण कोरिया से लाए गए पेंग्विन आकर्षण का केंद्र हैं। रानीबाग में वर्ष 2017 में दक्षिण कोरिया से 8 पेंग्विन मंगाई गई थी। इसमें से एक पेंग्विन की कुछ दिन बाद मृत्यु हो गई थी। हालांकि 8 साल बाद रानीबाग में पेंग्विन की संख्या बढ़ कर 21 हो गई है। रानीबाग में आने वाले ज्यादातर पर्यटक पेंग्विन जरूर देखने जाते हैं। पेंग्विन के जोड़ों ने 4 मार्च 2025 को नॉडी ( नर ) , 7 मार्च को टॉम ( नर ) और 11 मार्च को पिंगू ( मादा ) का जन्म दिया।

## वाराला तालाब की सफाई पर उठे सवाल, नागरिकों में रोष



**भिवंडी।** शहर के वाराला तालाब में व्याप्त गंदगी और दुर्गंध से नागरिकों की समस्याएं बढ़ गई हैं।इस गंभीर मुद्दे को लेकर महानगरपालिका स्थायी समिति के पूर्व वरिष्ठ सदस्य संतोष एम. शेट्टी ने पालिका आयुक्त को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि वार्ड क्रमांक 17 अंतर्गत वराला तालाब वर्षों से साफ-सफाई और देखरेख के अभाव में बदहाल स्थिति में हैं। इसी तालाब से दररोज 2.0 एम.एल.डी.पानी नागरिकों के लिए सप्लाई किया जाता है। तालाब की सफाई ना होने से पानी का रंग हरा हो चुका है। तालाब की सफाई ना होने से जलप्रदूषण और दुर्गंध की स्थिति गंभीर होती जा रही है। प्रदूषण युक्त पानी का सेवन करने से नागरिकों में अनेक बीमारियां से संक्रमित होने की संभावनाएं प्रबल हो चुकी है। शेट्टी ने अपने पत्र में प्रशासन से मांग की है कि तालाबों की नियमित सफाई, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए जरूरी कदम तत्काल उठाए जाएं।

## पश्चिम रेलवे ने मानसून 2025 के लिए की तैयारी

महानगर संवाददाता

मुंबई



आगामी मानसून सीजन के दौरान ट्रेनों का निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाते हुए पश्चिम रेलवे ने अपने मुंबई उपनगरीय नेटवर्क में मानसून की तैयारी से जुड़ी कई महत्वपूर्ण गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। इन व्यापक उपायों का उद्देश्य भारी बारिश के दौरान व्यवधानों को कम करना और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। गौरतलब है कि 2024 में मानसून की तैयारी और शमन के लिए पश्चिम रेलवे की पहलों ने यह सुनिश्चित करने में मदद की कि मुंबई उपनगरीय खंड में किसी भी स्थान पर कोई जलभराव या बाढ़ की स्थिति नहीं बनी और पिछले साल मानसून के कारण कोई सेवा बाधित न होने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार,आगामी मानसून सीजन के दौरान निर्बाध ट्रेन सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड पर लक्षित कार्यों की एक श्रृंखला शुरू की गई है। प्रमुख गतिविधियां जैसे पुलिया, नालों और नालियों की सफाई और सफाई, पटरियों के किनारे की गंदगी और कचरा हटाना,अतिरिक्त जलमार्गों का निर्माण, उच्च क्षमता वाले पंपों की स्थापना और पेड़ों की छंटाई जैसे कार्य सटीकता और तत्परता के साथ किए गए हैं। पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने एक समर्पित मानसून सावधानी पुस्तिका तैयार की है, जो कर्मचारियों के लिए एक विस्तृत कार्य योजना प्रदान करती है। इस योजना में व्यवधानों को कम करने, रेलवे संपत्तियों को नुकसान को कम करने और यात्रियों को सूचित रखने के लिए डिज़ाइन किए गए उपायों की एक श्रृंखला शामिल है। विस्तृत योजना शामिल सभी कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करती है।

## साझेदारी के नाम पर 4 .16 करोड़ की ठगी, तीन पर FIR

महानगर संवाददाता

भिवंडी

साझेदारी में व्यापार करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने के आरोप में नारपोली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई मुंबई परेल निवासी राकेश राधेश्याम सिंह की शिकायत पर की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मीरारोड़ निवासी किरण गिरीष कौशिक, कुणाल गिरीष कोशिक और वंदना सुजित सिंह ने शिकायतकर्ता की पत्नी पूनम राकेश सिंह को झूठे विश्वास में लेकर भिवंडी के राजलक्ष्मी कॉम्प्लेक्स काल्हेर में खिड़की व दरवाजे के परदा बनाने की फैक्ट्री चलाने का प्रस्ताव दिया और आरोपियों ने विश्वास दिलाया कि वे फैक्ट्री का संचालन एक संगठित रूप से करेंगे और मुनाफे का हिस्सा 10 प्रतिशत देंगे। इसके लिए पूनम सिंह ने 2 करोड़ 66 लाख 48 हजार रूपये में अपना मकान गिरवी रखा। यही नहीं दगाबाजों ने उन्हें कंपनी का भागीदार बताकर, फर्जी कागज़ पत्र की सहायता से काई फाइनेंश कंपनियां और बैकों से 1.10 करोड़ रूपये कर्ज भी ले लिया। मगर फैक्ट्री से संबंधित कोई वैध दस्तावेज न दिए गए और न ही कोई लाभांश प्रदान किया गया।

# गिरीश महाजन और संजय राउत में वाक्युद्ध

- दोनों नेताओं ने एक दूसरे को बताया दलाल
- महाजन का आरोप,राउत उद्धव सेना को करेंगे खत्म



**मुंबई।** मुंबई मनपा सहित अन्य स्थानीय निकाय चुनाव की तारीख भले ही घोषित नहीं हुआ है,लेकिन यूबीटी और भाजपा के नेताओं में जुबानी जंग तेज हो गई है। दोनों पार्टी के नेता एक दूसरे पर गंभीर आरोप -प्रत्यारोप लगाना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बेहद करीबी माने जाने वाले जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन ने उद्धव सेना के मुख्य प्रवक्ता व राज्यसभा सदस्य संजय राउत को दलाल बताया महाजन के इस आरोप के बाद दोनों नेताओं के बीच वाकयुद्ध शुरू हो गया। महाजन यही नहीं रुके उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे को बर्बाद करने के लिए किसी विपक्ष की जरूरत नहीं है,बस एक राउत ही काफी है। महाजन के इस आरोप के बाद संजय राउत आग बबूला हो गए और गिरीश महाजन पर जमकर पलटवार किया। राउत ने कहा कि महाजन सबसे पहले यह तय करें कि क्या पार्टी में उनकी खुद की जमीन बची भी है या नहीं है। भाजपा एक समय पवित्र लोगों की पार्टी हुआ करती थी। आज पार्टी को दलाल, भ्रष्ट लोग और ठेकेदार चला रहे हैं और ये लोग हमारी पार्टी को मिटाने निकले हैं। जिनके पास पुलिस है,पैसा है, वे इन ताकतों का इस्तेमाल कर लोगों को डराकर पार्टी तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए भाजपा ने जो दलाल नियुक्त किए हैं, गिरीश महाजन उन्हीं में से एक हैं। जिस दिन सत्ता हमारे पास होगी,सबसे पहले दल बदलने वाला इंसान गिरीश महाजन ही होंगे।

# धारावी के अपात्र नागरिकों के पुनर्वास का मार्ग प्रशस्त

- जमीन हस्तांतरण की शर्तों में संशोधन
- मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया निर्णय

महानगर संवाददाता

मुंबई

मंगलवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में कुर्ला स्थित डेयरी विकास विभाग की 8.5 हेक्टेयर भूमि धारावी पुनर्विकास परियोजना को देने के लिए समझौते की शर्तों में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई। कैबिनेट के निर्णय से धारावी के अपात्र नागरिकों के पुनर्वास का मार्ग प्रशस्त होगा। धारावी पुनर्विकास में साढ़े आठ लाख परिवारों का पुनर्वास किया जाना है। इनमें से पांच लाख पात्र परिवारों का पुनर्वास धारावी में ही किया जाएगा, जबकि शेष साढ़े तीन लाख परिवारों के पुनर्वास के लिए अधिक जमीन की आवश्यकता है।



कुर्ला स्थित मदर डेयरी की जमीन 14 जून 2024 के सरकारी ज्ञापन के अनुसार धारावी पुनर्विकास परियोजना के लिए प्रदान की गई है। यह जमीन कुछ शर्तों के साथ पुनर्विकास परियोजना-झोपड़ी पुनर्वास प्राधिकरण को दी गई है। परियोजना के क्रियान्वयन को आसान बनाने के लिए ज्ञापन में दी गई शर्तों और मुंबई उपनगर के जिला कलेक्टर के मसौदा समझौते को आवास और शहरी विकास विभाग की नीति के अनुरूप बनाने को मंजूरी दी गई है, ताकि धारावी के निवासियों के पुनर्वास के लिए अधिक से अधिक घर उपलब्ध कराए जा सकें। कुर्ला में भूमि उपलब्ध होने से कुछ और परिवारों का पुनर्वास करना आसान हो जाएगा। कैबिनेट के निर्णय से धारावी के अपात्र नागरिकों के पुनर्वास का मार्ग प्रशस्त होगा।

### अडानी को जमीन देने का विरोध

इधर सांसद और मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड ने आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद कुर्ला स्थित मदर डेयरी की जमीन अडानी को दे दी गई। उन्होंने कहा कि मुंबई की सरकारी जगह 25 फीसदी की दर से अडानी को दी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि मदर डेयरी की जमीन अडानी को दिए जाने के सरकार के फ़ैसले का कांग्रेस पार्टी और कुर्ला के नागरिकों द्वारा विरोध जारी रहेगा।

वर्षा गायकवाड ने कहा कि यह कुर्ला मदर डेयरी की भूखंड मौके की जगह पर है। यहां सैकड़ों पेड़ हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि यहां पार्क बनाया जाए, लेकिन भाजपा ये जगह अडानी को दे दी।

# एसटी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 7% बढ़ा

### उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की घोषणा
### कर्मचारियों का 1 करोड़ का दुर्घटना बीमा

महानगर संवाददाता

मुंबई




राज्य सरकार ने राज्य परिवहन महामंडल (एसटी) के कर्मचारियों के मूल वेतन पर महंगाई भत्ते में 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इस निर्णय के अनुसार एसटी कर्मचारियों को जून 2025 से 46% के बजाय 53% महंगाई भत्ता मिलेगा। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को यह घोषणा की। उपमुख्यमंत्री ने महामंडल के कर्मचारियों को महात्मा फुले जन आरोग्य योजना या धर्मवीर आनंद दिघे चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना में से किसी एक को चुनने का विकल्प देने, 1 करोड़ रुपए का दुर्घटना बीमा कवर लागू करने और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 9 के बजाय 12 महीने के लिए मुफ्त यात्रा पास प्रदान करने के निर्णय की भी घोषणा की।

मंगलवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में एसटी महामंडल के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इस बैठक में संगठनों की विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई और कुछ को मंजूरी दी गई। शिंदे ने कहा कि निधि की उपलब्धता के बाद महंगाई भत्ते के बकाया के बारे में निर्णय लिया जाएगा। बैठक में एसटी की आय बढ़ाने, ईंधन की बचत जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की संयुक्त योजना के तहत कर्मचारियों को 5 लाख रुपए तक का कैशलेस चिकित्सा लाभ प्रदान किया गया है। इसके साथ ही धर्मवीर आनंद दिघे चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना भी शुरू की गई है। शिंदे ने कहा कि कर्मचारियों को इन दोनों योजनाओं में से एक चुनने का विकल्प दिया गया है। एसटी कर्मचारियों को स्टेट बैंक के माध्यम से दुर्घटना बीमा कवर लागू करने के लिए बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिन कर्मचारियों का वेतन खाता भारतीय स्टेट बैंक में है, उनके लिए ड्यूटी पर या ड्यूटी से बाहर होने पर दुर्घटना होने पर बीमा कवर लागू किया जा रहा है।

# महायुति में आल इज वेल नहीं

- अजित पवार से नाराज शिवसेना के मंत्री
- एकनाथ शिंदे से मंत्रियों ने की अजित पवार की शिकायत
- वित्त मंत्री विकास निधि देने में कर रहे हैं भेदभाव

महानगर संवाददाता

मुंबई

भाजपा के नेतृत्व वाली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की महायुति की सरकार में सब कुछ ठीक नहीं है। महायुति में समन्वय का दावा करने वाले तीनों पार्टी के नेताओं का दावा पूरी तरह गलत साबित हुआ है। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के बीच रायगड जिले के पालकमंत्री पद को लेकर शुरू जुबानी जंग के बाद अब निधि को लेकर शिवसेना के मंत्रियों ने अपने नेता और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से वित्त मंत्री अजित पवार की शिकायत की है। शिवसेना के मंत्रियों ने अजित पवार पर निधि बाटंने में भदेभाव का आरोप लगाया है। सूत्रों के मुताबिक, शिवसेना के मंत्रियों ने शिंदे से कहा कि अजित पवार हमारे विकास कामों पर रोक लगा रहे हैं हमें पैसे नहीं देंगे तो हम जनता और क्षेत्र का विकास काम कैसे करेंगे। मंगलवार को एकनाथ शिंदे ने अपने सभी मंत्रियों की बैठक बुलाई थी। कैबिनेट की बैठक के बाद यह बैठक हुई,इस बैठक में अजित पवार के खिलाफ सभी मंत्रियों ने आवाज उठाई।



मंत्रियों ने कहा, "अजित पवार वित्त मंत्री हैं और वह हमें पैसे नहीं दे रहे हैं तो हम काम कैसे करेंगे? सरकार में सभी को समान अधिकार मिलना चाहिए। "इसपर एकनाथ शिंदे ने मंत्रियों को आश्वासन दिया कि मैं खुद अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस से बातचीत करूंगा और समस्या का हल निकालूंगा। शिवसेना से पहले भाजपा के विधायकों और मंत्रियों ने अजित पवार के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिकायत की थी। भाजपा नेताओं ने कहा था कि पवार भाजपा नेताओं और अधिकारियों के विरोधियों का समर्थन कर रहे हैं। भाजपा ने अजित पवार की शिकायत में कहा था कि पवार उन उम्मीदवारों को मजबूत कर रहे हैं, जिन्होंने 2024 के चुनाव में भाजपा को हराया था। इससे आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी की स्थिति कमजोर हो सकती है। बता दें कि महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में भाजपा शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी गठबंधन की सरकार है,जिसे लेकर तीनों पार्टी के नेता बार-बार तीनों पार्टियों में समन्वय की बात करते है,लेकिन तीनों पार्टी के अंदरखाने में सबकुछ ऑल इज वेल नहीं है। निधि को लेकर तीनों पार्टी के नेताओं और मंत्रियों में आपसी खींचतान शुरू है।

# पगड़ी इमारतों का मुद्दा डेढ़ महीने में होगा हल

### स्वयं पुनर्विकास शिविर में विधायक दरेकर ने दिया आश्वासन

महानगर संवाददाता

मुंबई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देशानुसार मुंबई में जर्जर और पुरानी इमारतों के पुनर्विकास का काम तेजी से चल रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को मुंबा देवी के डोंगरी,उमरखड़ी और चिंचबंदर क्षेत्र में पुरानी और जर्जर इमारतों के पुनर्विकास के लिए आयोजित शिविर में विधायक एवं मुंबई जिला बैंक के अध्यक्ष प्रवीण दरेकर ने स्वयं पुनर्विकास योजना के बारे में निवासियों को मार्गदर्शन दिया। शिवसेना (शिंदे गुट) की मुंबादेवी महिला उपविभाग प्रमुख प्रिया पाटिल ने भी क्षेत्र के निवासियों की दुर्दशा पर प्रकाश डालकर दरेकर सहित उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। दरेकर ने कहा कि दक्षिण मुंबई में बड़ी संख्या में पगड़ी की इमारतें हैं। पगड़ी इमारतों का पुनर्वास करने में कई कठिनाइयां सामने आती हैं। पगड़ी इमारतों के पुनर्वास के मुद्दे को सुलझाने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ चर्चा की गई है। इस समस्या का समाधान निकालने का निर्णय लिया गया है और पगड़ीधारी भवनों के लिए हाउसिंग सोसायटियों को पंजीकरण की अनुमति दी जाएगी। यदि आवश्यक हुआ तो कानून में संशोधन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन रूपेश पाटिल, प्रिया पाटिल ने किया था। इस अवसर पर मुंबई बैंक के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ कांबले, निदेशक विट्ठल भोसले, मुंबई जिला सहकारी बोर्ड के अध्यक्ष अनिल गजरे, संयुक्त सचिव श्रीधर जगताप, वास्तुकार हर्षद मोरे, प्रवीण ठाकुर, अमोल खरात सहित बड़ी संख्या में निवासी उपस्थित रहे। गोरेगांव में आयोजित आवास सम्मेलन में राज्य के मुख्यमंत्री फडणवीस और उपमुख्यमंत्री शिंदे उपस्थित थे। उनके सामने आत्म-पुनर्विकास की चुनौतियां प्रस्तुत की गईं। सरकार ने इस पर ध्यान दिया और 16 रियायत देने का सरकारी निर्णय जारी किया. इसीलिए आज मुंबई में 15 इमारतें स्व-पुनर्विकास के माध्यम से बनाई गई हैं. मुंबई बैंक ने 40 परियोजनाओं के लिए धन उपलब्ध कराया है।

# फर्जी कॉल सेंटर पर पुलिस की कार्रवाई

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले दिल्ली के एक फर्जी कॉल सेंटर के खिलाफ कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और 11 अन्य आरोपियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत नोटिस दिया गया है। इस मामले में आठ मोबाइल फोन और आठ सिम कार्ड जब्त किए गए हैं और देश भर में इस कार्रवाई से 16 से अधिक अपराध सुलझ गए हैं। शिव पुलिस स्टेशन की सीमा में रहने वाले शिकायतकर्ताओं को 28 अगस्त 2024 को एक राष्ट्रीयकृत बैंक के नाम से कॉल आया। इसमें आरोपी ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की बात कहकर शिकायतकर्ता का विश्वास हासिल किया। उसके बाद गोपनीय जानकारी हासिल कर क्रेडिट कार्ड के जरिए 4 लाख 54 हजार रुपये का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया गया।


## वर्गीकृत विज्ञापन

### Situation Vacant

Required Female Teaching Staff for English Medium School Academic Year: 2025-26 Secondary Section: B.Sc. B.Ed. (Science & Maths), B.A.B.Ed, B.Com.B.Ed. (English & Social Studies). B.A.B.Ed (Hindi & Marathi) Junior College: (B.K. & S.P.) Walk In Interview On Thursday 05th June 2025 At 02:00 PM. SUNGRACE ENGLISH HIGH SCHOOL & JR. COLLEGE, 1, Milind Nagar, Himalaya Society Road, Near Asalfa Metro Station, Ghatkopar (W.), Mum-400084.

नोटिस विज्ञापनों में प्रकाशित दावों का इस अखबार से कोई लेना-देना नहीं है। पाठकों से निवेदन है कि विज्ञापन आजमाने से पहले कृपया अपने स्तर पर पुष्टि कर स्वयं को संतुष्ट कर लें।

– संपादक


# हिंदमाता और गांधी मार्केट को बारिश में डूबने से बचाने के लिए मनपा का मास्टर प्लान

महानगर संवाददाता

मुंबई

तमाम दावों कर बावजूद पहली ही बारिश में हिंदमाता और गांधी मार्केट परिसर पानी में डूब गया था। वहीं चूनाभट्टी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में जलजमाव से हार्बर लाइन सेवा प्रभावित हुई थी। जिसके चलते मनपा की खूब आलोचना हुई। मनपा आयुक्त भूषण गगरानी अब दोबारा इस तरह की समस्या न हो इसके लिए खुद मोर्चा संभाल लिया है। आयुक्त ने मंगलवार को इन स्थानों का दौरा कर अधिकारियों के साथ योजना बनाई,जिससे भविष्य में इन इलाकों में जलजमाव न हो। इस दौरान आयुक्त ने मुंबई में बन रहे नए जलजमाव के केंद्र को लेकर अधिकारियों को और सजग रहने और उसके कारणों को ढूंढने का निर्देश दिया, जिससे आगे यह समस्या न पनपे।

### मनपा आयुक्त भूषण गगरानी ने संभाल मोर्चा



बता दें कि मनपा के प्री मॉनसून सर्वे में मुंबई में 422 स्थानों को चिन्हित किया गया था,जहां जलजमाव की आशंका थी। मई में हुई पहली तेज बारिश में सिर्फ मुंबई सिटी में 80 नए स्पॉट सामने आए जहां जलजमाव हुआ था। मनपा आयुक्त गगरानी ने कहा कि हिंदमाता, गांधी मार्केट स्थित पंपिंग स्टेशनों की क्षमता का पूरा इस्तेमाल होना चाहिए। बारिश के दौरान पंपिंग स्टेशनों का संचालन अधिक कुशलता से होनी चाहिए। बारिश के तेज होते ही तत्काल पंप चालू हो जिससे पानी जमा न होने पाए। चूनाभट्टी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में पानी जमा न हो और इसके लिए पंप को अलर्ट पर रखा जाए।

# गोखले ब्रिज पर बेघरों का अतिक्रमण

### सोने के लिए हो रहा पुल का इस्तेमाल ■ दुर्घटना का खतरा

महानगर संवाददाता

मुंबई

अंधेरी ईस्ट और वेस्ट को जोड़ने वाले गोपालकृष्ण गोखले ब्रिज के एक महीने पहले चालू होने से यात्रियों को राहत मिली है। हालांकि, बेघर लोगों के सड़क पर सोने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। बेघर लोगों ने गोखले ब्रिज पर अतिक्रमण कर लिया है और सोने के लिए पुल का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। नतीजतन,इस जगह पर दुर्घटनाओं का खतरा है और इसके लिए मनपा की आलोचना भी हो रही है। पुनर्निर्माण में देरी के कारण,नागरिकों को कई वर्षों तक नए पुल का इंतजार करना पड़ा। पुल का पुनर्निर्माण करते



समय, गोखले ब्रिज की ऊंचाई को बर्फीवाला ब्रिज से जोड़ने के लिए बढ़ाया गया था। कई वर्षों के इंतजार के बाद आखिरकार 11 मई को पुल को यातायात के लिए खोल दिया गया। पुनर्निर्माण के बाद से हमेशा चर्चा में रहने वाला यह पुल एक बार फिर बेघरों के कारण चर्चा में आ गया है। मुंबई में कई बेघर लोगों ने सड़कों पर अनधिकृत झोपड़ियां बना ली हैं। अतिक्रमण के कारण कई जगहों पर फुटपाथ पर पैदल चलने वालों के चलने के लिए जगह नहीं बची है। अब नए बने गोखले ब्रिज पर भी अतिक्रमण हो गया है। इस ब्रिज पर एस.वी जंक्शन पर बेघर लोग सोने के लिए शरण ले रहे हैं। जैसे ही सड़क के किनारे आठ से दस लोगों के सोने की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होनी शुरू हुई, मनपा के काम की काफी आलोचना होने लगी। नागरिकों ने सवाल उठाया है कि मनपा और यातायात पुलिस ने अभी तक इस पुल के रखरखाव के लिए उपाय क्यों नहीं किए।

# 24 घंटे में कोरोना के 86 मरीज मिले

महानगर संवाददाता

मुंबई

राज्य में बीते 24 घंटों के दौरान 86 नए कोविड मरीज दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 26 मरीज मुंबई में पाए गए हैं। अब तक राज्य में कोविड से कुल 14 मरीजों की मौत हो चुकी है। सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग की जानकारी के अनुसार, राज्य में फिलहाल कोविड मरीजों की संख्या में थोड़ी वृद्धि देखने को मिल रही है, लेकिन संक्रमितों की संख्या कम है और लक्षण हल्के हैं। राज्य में इस समय 510 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। इनमें मुंबई के 26 और पुणे महानगरपालिका क्षेत्र के 24 मरीज शामिल हैं। अन्य मरीज ठाणे, उल्हासनगर, कोल्हापुर, पिंपरी-चिंचवड, सांगली और नाशिक जिलों में पाए गए हैं। जनवरी 2025 से अब तक राज्य में कुल 12,880 कोविड जांच की गई हैं, जिनमें से 959 मरीज पॉजिटिव पाए गए। अब तक 435 मरीज पूरी तरह ठीक हो चुके हैं जबकि 14 मरीजों की मौत हुई है। मृत मरीजों में नेफ्रोटिक सिंड्रोम के साथ दौरे, कैंसर, ब्रेन स्ट्रोक, डायबिटिक कीटोएसिडोसिस, फेफड़ों की बीमारी (आईएलडी), लकवा, गंभीर एआरडीएस, मधुमेह, हृदय रोग, पार्किंसन, उच्च रक्तचाप, किडनी फेल होना, टीबी और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली जैसी गंभीर बीमारियां पाई गई थीं।


## पश्चिम रेलवे

### शॉक एब्जॉर्बर टेस्टिंग मशीन का वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरेज रिपेयर वर्कशॉप, पश्चिम रेलवे, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई -13 द्वारा, **निविदा सूचना क्रमांकः डब्ल्यूआर-पीएल-एमएनपी-एसएटीएम-ओटीआर-सीएएमसी दिनांकः 29.05.2024** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम एवं स्थानः** लोअर परेल कार्यशाला में शॉक एब्जॉर्बर टेस्टिंग मशीन के लिए 05 वर्षों हेतु व्यापक वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध. **अनुमानित लागतः** ₹ 19,60,074.11. **ईएमडीः** ₹39,200/-. **ई-बोली की ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि और समयः** 19.06.2025 को 12:00 बजे तक. **ई-निविदा खोलने की तिथि और समयः** 19.06.2025 को 12:30 बजे. बोली फॉर्म और अन्य विवरण जैसे शुद्धिपत्र आदि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं. 0217

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



## सार्वजनिक सूचना

मैं, **रविंद्र खाड़े,** रूम नंबर 8, शिवशक्ति चॉल, अंबेडकर लेन, नरसीपाड़ा, हनुमान नगर, आकुर्ली रोड, कांदिवली (पूर्व), मुंबई-400101 में रहता हूं.

मैं यह घोषित करता हूं और स्पष्ट करता हूं कि मेरे साथ मेरा **पैन कार्ड नंबर DVGPK8391J2 और आधार नंबर 8265857744213** था, और रो हाउस क्र. 6, एरिया 150.78 वर्गमी. बिल्ट अप एरिया गोकुल कॉन्कोर्ड को.ऑप. हाउसिंग ऑफ. डब्ल्यू.ई. हाईवे, कांदिवली (पू), मुंबई 400 101 के खरीदार के तौर पर रविंद्र बालाराम खाडे और विक्रेता के तौर पर श्री मोहम्मद सैय्यद हाशमी और 2 अन्य के बीच और उनके द्वारा क्रियान्वित अ.क्र. बीआरएल7 249592024 अंतर्गत **मूल बिक्री हेतु अनुबंध** दिनांक **26-12-2024** और **(नकदी ₹ 9500/-)** था.

मैं यह स्पष्ट और घोषित करता हूं कि उपरोक्त निर्दिष्ट दस्तावेज सत्यदीप एनक्लेव बिल्डिंग नं. 9, सिद्धार्थ नगर IV, गोरेगांव (प), मुंबई में गुम हो गए हैं/खो गए हैं और मेरे द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल पाए हैं.

इस बाबत गोरेगांव पुलिस स्टेशन में रजि. नं. **36303-2025, दिनांक 21.03.2025** अंतर्गत एन.सी. शिकायत भी दर्ज कराई है.

मैं एतद्वारा इस संदर्भ में संबंधित प्राधिकरण और उसके अधिकारियों को क्षतिपूर्ति करता हूं और यदि इस मामले में कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो मैं स्वयं इसके लिए पूरी तरह उत्तरदायी रहूंगा. यदि उपरोक्त दस्तावेज किसी को मिलते हैं तो कृपया **श्री रविंद्र खाडे,** से मोबाइल नं. **8097768059** पर संपर्क करें.

**हस्ता./-**

**श्री रविंद्र खाडे**

स्थान : मुंबई दिनांक : 04.06.2025



## सार्वजनिक सूचना

हम यह सार्वजनिक सूचना इस उद्देश्य से जारी कर रहे हैं कि कोई भी व्यक्ति, कंपनी, फर्म, एलएलपी, एचयूएफ, एकल स्वामित्व और/या आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल **मातंगी निवास को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड,** जो महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव सोसाइटी अधिनियम, 1960 के प्रावधानों के अंतर्गत, पंजीकरण क्रमांक BOM/HSG/TC/1029/1984-85, अंतर्गत पंजीकृत है, जिसका कार्यालय **मातंगी निवास को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, प्लॉट नंबर 5, एन. बी. क्रॉस रोड, सोमवारी बाजार, मालाड (पश्चिम), मुंबई – 400064** में स्थित है, निम्नलिखित अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति के एकमात्र और पूर्ण स्वामी है.

ए) सोसाइटी ने **यशोदानंद रियल्टर्स** (एतद्पश्चात **"उक्त डेवलपर"** के तौर पर संदर्भित) को अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति के विकास हेतु विकास अधिकार प्रदान किए हैं.

बी) उक्त विकास अनुबंध दिनांक 09.09.2014 के अंतर्गत उक्त डेवलपर द्वारा गंभीर उल्लंघन किए गए और बावजूद इसके उन्हें त्रुटियों को सुधारने के अवसर दिए गए, परंतु वे कभी भी सुधारे नहीं गए.

सी) सोसाइटी ने निर्देशित किया है कि 05.05.2025 की नोटिस द्वारा उन्होंने विधिपूर्वक हमारे मुवक्किल **मातंगी निवास को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड** और **यशोदानंद रियल्टर्स** के बीच निष्पादित और बोरीवली-7 सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में क्रमांक BRL7/7360/2014 के अंतर्गत पंजीकृत विकास अनुबंध दिनांक 09.09.2014 (एतद्पश्चात **उक्त विकास अनुबंध** के तौर पर संदर्भित), और बोरीवली-7 में क्रमांक BRL-7/7361/2014 के अंतर्गत पंजीकृत पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 09.09.2014 (एतद्पश्चा**त पॉवर ऑफ अटार्नी** के तौर पर संदर्भित) को विधिपूर्वक रद्द, निरस्त और समाप्त कर दिया है, जो अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति से संबंधित है.

डी) चूंकि **यशोदानंद रियल्टर**स द्वारा उक्त विकास अनुबंध की शर्तों के अनुसार निरंतर चूक की गई और उन्होंने 09.09.2014 के विकास अनुबंध और 09.09.2014 के पावर ऑफ अटॉर्नी की शर्तों का गंभीर रूप से उल्लंघन किया है, अतः हमारे मुवक्किल, सोसाइटी के कुछ सदस्य, जिनमें श्री सतीश गंगाराम सुर्वे और अन्य 15 सदस्य शामिल हैं, ने उनकी इस कार्रवाई से क्षुब्ध और असंतुष्ट होकर, मध्यस्थता अधिनियम की धारा 9 के अंतर्गत बॉम्बे उच्च न्यायालय में वाणिज्यिक मध्यस्थता याचिका (एल) क्रमांक 4649 वर्ष 2021 दायर की है, जिसमें राहत की मांग की गई है और **यशोदानंद रियल्टर**स से विकास अनुबंध दिनांक 09.09.2014 और पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 09.09.2014 के तहत वाणिज्यिक लाभ का भुगतान करने का अनुरोध किया गया है.

ई) **यशोदानंद रियल्टर्स द्वारा माननीय बॉम्बे उच्च न्यायालय** में वाणिज्यिक मध्यस्थता याचिका (एल) क्रमांक 4649 वर्ष 2021 में प्रस्तुत शपथपत्र दिए गए थे, और ये सभी शपथपत्र दिनांक 30.03.2021, 23.07.2021 और 14.01.2022 के आदेशों के आधार पर दिए गए थे, और तदनुसार **यशोदानंद रियल्टर्स** के भागीदारों के विरुद्ध अवमानना नोटिस जारी करने के लिए आवश्यक आदेश पारित किए गए.

एफ) **हमारे मुवक्किल ने अपनी विशेष सामान्य सभा की बैठक** दिनांक 19.01.2025 को बहुमत निर्णय द्वारा **यशोदानंद रियल्टर्स** को 09.09.2014 के विकास अनुबंध और 09.09.2014 के पावर ऑफ अटॉर्नी के तहत प्रदत्त विकास अधिकारों को समाप्त करने, रद्द करने और निरस्त करने का निर्णय लिया है और तदनुसार, हमारे मुवक्किल द्वारा **यशोदानंद रियल्टर्स** को दिनांक 05.05.2025 की समाप्ति सूचना जारी की गई और तत्पश्चात उन्होंने हमें नियुक्त किया और हमारे माध्यम से दिनांक 30.05.2025 को मध्यस्थता और सुलह अधिनियम के अंतर्गत आमंत्रण नोटिस जारी किया.

जी) हमारे मुवक्किल ने हमें आगे निर्देशित किया है कि आम जनता को सूचित किया जाए कि **यशोदानंद रियल्टर्स** अपने भागीदारों और/या उनके सेवकों, एजेंटों, प्रतिनिधियों, कर्मचारियों और/या उनके माध्यम से, उनके द्वारा या उनके साथ दावा करने वाले किसी अन्य व्यक्ति/व्यक्तियों को अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी भी प्रकार का कोई दावा, अधिकार या स्वत्वाधिकार नहीं है और न ही किसी भी दस्तावेज के आधार पर ऐसा कोई अधिकार बनता है.

एच) न तो **यशोदानंद रियल्टर्स** और न ही उनके भागीदार और/या उनके सेवक, एजेंट, प्रतिनिधि, कर्मचारी और/या उनके माध्यम से, उनके द्वारा या उनके साथ दावा करने वाले किसी भी अन्य व्यक्ति/व्यक्तियों को उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी भी दस्तावेज के तहत किसी भी प्रकार का कोई दावा, अधिकार या स्वत्वाधिकार प्राप्त है और हमारे मुवक्किल को उक्त संपत्ति का विधिपूर्वक स्वामित्व और उस पर पुनर्विकास सहित किसी अन्य बिल्डर/डेवलपर के माध्यम से अपनी इच्छानुसार व्यवहार करने का पूरा अधिकार प्राप्त है.

### उपरोक्त संदर्भित संपत्ति की अनुसूची

**एन.बी. क्रॉस रोड, सोमवारी बाजार, मालाड (पश्चिम), मुंबई 400 064 स्थित एवं मौजूद मातंगी निवास को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि. नामक वहां खड़ी बिल्डिंग के साथ एकत्रित तौर पर, मुंबई उपनगर बांद्रा जिले के उप-जिला पंजीयन में मालाड के ग्राम में 9892.56 वर्ग याड्र्स (अर्थात 8271 वर्गमीटर्स) एरिया का, शहर सर्वे क्र. 960, हिस्सा क्र. 1, सर्वे क्र. 390 धारक जमीन के एक बृह्त्तर भाग के हिस्से के तौर पर 1007.11 वर्ग याड्र्स (अर्थात 842.98 वर्ग मीटर्स) अथवा आसपास के एरिया के, प्लॉट क्र. 5 धारक जमीन के सभी भाग एवं हिस्से तथा जो निम्नानुसार सीमांकित हैं :**

| | | |
|---|---|---|
| **पूर्व में तथा की ओर** | : | **सीटीएस क्र. 961 धारक जमीन के भूखंड से** |
| **पश्चिम में अथवा की ओर** | : | **30'0'' चौड़े प्राइवेट एक्सेस रोड से** |
| **उत्तर में अथवा की ओर** | : | **सीटीएस क्र. 921 तथा 922 धारक जमीन के भूखंड से** |
| **दक्षिण में अथवा की ओर** | : | **रिक्रिएशन ग्राउंड से** |

कृते **प्राइम लेगीम**

हस्ता./-

**श्री प्रतीक जानी,**

**प्रोप्रायटर,**

**अधिवक्ता उच्च न्यायालय**

Prime Legem

स्थान : मुंबई

दिनांक : 04.06.2025


# चक्रव्यूह में चाकणकर : पुरुष नेताओं के बाद अब महिला नेताओं ने सियासत किया गर्म

महानगर संवाददाता

मुंबई

राज्य में महिलाओं के खिलाफ लगातार अत्याचार की बढ़ती घटना को लेकर विपक्ष के साथ -साथ सत्ताधारी पार्टी की महिला नेताओं ने राज्य की महिला आयोग की अध्यक्ष रुपाली चाकणकर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महिला नेताओं ने चाकणकर पर गंभीर आरोप लगाते हुए आयोग पद से हटाने की मांग किया है। महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर चक्रव्यूह में फंस गई हैं। विपक्ष और सत्ताधारी दल की महिला नेताओं की मांग पर मंगलवार को विधानसभा भवन में विधान परिषद की उपसभापती नीलम गोंहे की अध्यक्षता में महिला नेताओं की बैठक आयोजित की गई।

### महिला आयोग पद से रुपाली चाकणकर को हटाने की मांग



इस बैठक में राजनीतिक पार्टी की महिला नेता के अलावा सामाजिक महिला कार्यकर्ता भी उपस्थित थी। बैठक में नीलम गोंहे के अलावा महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर,भाजपा की विधायक चित्रा वाघ,सामाजिक कार्यकर्ता अंजली दमानिया, यूबीटी की प्रवक्ता सुषमा अंधारे सहित कई अन्य पार्टी की महिला नेता और सामाजिक कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित हुई। बैठक में महिला आयोग की कार्य-प्रणाली के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति और आयोग से सरकार और समाज की अपेक्षाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

### राज्यपाल तक पंहुचा महिला आयोग का मामला

राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ती अत्याचार को रोकने में राज्य की महिला आयोग पूरी तरह असफल साबित हो रही है। विपक्षी दल की महिला नेताओं ने ऐसा आरोप लगाया है। महिला आयोग की अध्यक्ष पद से रुपाली चाकणकर को हटाने की मांग करते हुए विपक्षी दल की महिला नेताओं का एक शिष्टमंडल राज्य के राज्यपाल सी.पी.राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस मुलाकात में यूबीटी की प्रवक्ता सुषमा अंधारे,राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(एसपी) की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रोहिणी खड़से,मुंबई मनपा की पूर्व महापौर किशोरी पेडणेकर, पूर्व विधायक विद्या चव्हाण,जयश्री शेलके और कांग्रेस की विधायक ज्योति गायकवाड़ उपस्थित थी। राज्यपाल से मुलाकात करने के बाद मिडिया से बातचीत करते हुए सुषमा अंधारे ने कहा कि पिछले कुछ साल से राज्य में महिलाओं पर अत्याचार की घटना लगातार बढ़ रही है,जिसे रोकने में महिला आयोग पूरी तरफ असफल साबित हो रही है।

# बाढ़ में बहते शहर

मुंबई में हुई मूसलाधार बारिश से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे देश के महानगर इतने बदहाल हो गये कि इनकी गलियां नदी में,घर सैलाब में और सपने त्रासदी में तब्दील हो गये। बेंगलुरु में बस से उतरते ही एक युवक मेनहोल में गिर गया,तो दिल्ली में दीवार ढहने से कुछ श्रमिकों की मृत्यु हो गयी। दो मई को कुछ ही घंटों में देश की राजधानी में 80 मिलीमीटर बारिश हुई, जो 1901 के बाद सबसे ज्यादा वर्षा थी। ऐसे ही, 26 मई को मुंबई में एक घंटे में 104 मिलीमीटर वर्षा हुई, जिससे मीठी नदी उफनने लगी। नतीजतन कुर्ला में बाढ़ आ गयी और मेट्रो लाइन की तीन सेवाएं रोकनी पड़ीं। कुर्ला में आयी बाढ़ से आठ लोग मारे गये,जिसमें पंद्रह साल की आयशा भी थी, जिसके परिवार की दुकान बाढ़ में नष्ट हो गयी। लगातार बारिश से बेंगलुरु ने व्हाइटफील्ड जैसे अपने आइटी कॉरिडोर को डूबते देखा। एक्स की एक पोस्ट में दुख जताते हुए लिखा गया, 'टेक सिटी गंदगी में डूब रही है।'मुंबई कुछ सेकंड में अरबों डॉलर दूसरे महादेशों में भेज सकने की क्षमता रखती है,लेकिन लाखों डॉलर के आलीशान कॉन्डो (कॉन्डोमिनियम) में रहने वाले वहां के अरबपति मॉनसून के दौरान एक गली से दूसरी गली में नहीं जा सकते। राजधानी दिल्ली तीन वर्ग किलोमीटर से भी अधिक क्षेत्र में जी-20 के शिखर सम्मेलन का आयोजन कर सकती है, लेकिन यहां के लोगों को बेकार पड़े सीवेज सिस्टम के बदबूदार पानी और कीचड़ के बीच रहना पड़ता है। बेंगलुरु की वृषभावती नदी की जलधारा काली और जहरीली है- महानगर से निकाले गये 180 करोड़ लीटर सीवेज का 80 फीसदी अनुपचारित होता है। बेंगलुरु पूरी दुनिया से जुड़ सकता है,लेकिन निराशा से खुद को अलग नहीं कर सकता। एक्स की एक पोस्ट में निराशा भरे शब्दों में कहा गया, 'आइटी पार्क चमकते हैं, लेकिन बारिश से आयी बाढ़ ने हमारी शर्म को सार्वजनिक कर दिया है।'

आजादी के 75 साल बाद भी देश के 70 फीसदी से अधिक शहरों में बेहतर सीवेज सिस्टम या कूड़ों के निपटान की व्यवस्था नहीं है। मानसून में भीषण वर्षा से आयी बाढ़ अचानक घटी कोई घटना नहीं है, बल्कि देश की तहस-नहस करने वाली नदियों और अवरुद्ध पड़े ड्रेनेज सिस्टम का उदाहरण है। गंगा से लेकर महानदी तक देश में 400 से अधिक जलमार्ग हैं।

इसी साल आयी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट के मुताबिक, देश की 603 नदियों का 46 फीसदी भाग भीषण रूप से प्रदूषित हैं। रिपोर्ट में 275 नदियों के जलमार्ग में 320 जहरीले इलाके हैं। गंगा रोज अपने साथ 2.9 अरब लीटर अनुपचारित सीवेज ढोती है,तो मुंबई की मीठी नदी कीचड़ से भरी हुई है। भारत की शहरी सीवेज प्रणाली उपेक्षा के भार से दबकर ध्वस्त हो चुकी है। दिल्ली में रोज 380 करोड़ लीटर सीवेज निकलता है,लेकिन इनमें से 260 करोड़ लीटर ही उपचारित है। मुंबई में रोज 210 करोड़ लीटर सीवेज निकलता है, जिसका आधा ही उपचारित है। बेंगलुरु अपने दैनिक सीवेज के 30 फीसदी को ही साफ करता है।

इसी साल प्रकाशित आइआइटी, बॉम्बे के एक अध्ययन के मुताबिक, वहां का 1860 में बना ड्रेनेज सिस्टम अब अवशेष भर रह गया है और महानगर के 2.2 करोड़ निवासियों के लिए किसी काम का नहीं है। इसके बावजूद, पिछले साल नालियों से गाद निकालने के लिए 1,200 करोड़ रुपये का ठेका शेल कंपनियों को दिया गया। बेंगलुरु में कभी 800 झीलें थीं,जो बाढ़ और बारिश का पानी अपने में समाहित कर लेती थीं, लेकिन ज्यादातर झीलों को रियेल एस्टेट के लोगों ने भर दिया,नतीजतन अब उनकी संख्या घटकर मात्र सत्रह रह गयी हैं। विगत मई में हुई भारी बारिश से दिल्ली के नाले उफन गये, जिससे 170 इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गयी,जबकि मुंबई में मीठी नदी के वर्षा से उफनने के कारण 12,000 घर जलमग्न हो गये। जुलाई, 2024 में ऐसी ही स्थिति में दिल्ली के ओल्ड राजेंद्रनगर स्थित एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे तीन छात्र डूबकर मर गये थे. 'प्रगति' की दौड़ में, जिसके तहत नये हवाई अड्डे, हाइवे और स्मार्ट सिटीज का निर्माण हुआ है, हमारी प्राकृतिक रक्षा प्रणाली नष्ट हो चुकी है। नदीपथ वाले रास्तों में निर्मित दिल्ली के यमुना एक्सप्रेस-वे के कारण बाढ़ के पानी को समाहित करने की यमुना नदी की क्षमता प्रभावित हुई है. बेंगलुरु में 27,000 करोड़ रुपए से निर्मित पेरिफेरल रिंग रोड के कारण 1,100 एकड़ में फैले ग्रीन कवर और झील नष्ट हो चुके हैं. इस साल प्रकाशित नेशनल वेटलैंड्स इंटरनेशनल रिपोर्ट के मुताबिक, 1990 से अब तक देश में 40 फीसदी वेटलैंड विलुप्त हो चुके हैं. चेन्नई के पल्लीकरानाई में कभी 5,500 हेक्टेयर तक दलदल था, जो अब घटकर 600 हेक्टेयर में सिमट गया है. हवाई अड्डे के विस्तार को इसकी वजह बताया जा रहा है. इसका नतीजा 2023 में आयी भीषण बाढ़ के रूप में सामने आया. वर्ष 2000 के बाद से शहरी इलाकों में खुले इलाके 30 फीसदी सिकुड़ गये हैं, जिससे स्थिति भयावह हुई है. दरअसल भ्रष्टाचार इन सारी बुराइयों की जड़ है. नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट के मुताबिक, नमामि गंगे परियोजना में 2014 से अब तक 32,000 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, इसके बावजूद इसकी 68 फीसदी सीवेज ट्रीटमेंट इकाइयां 2025 में निष्क्रिय पायी गयीं. बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉरपोरेशन ने 2020 से 2024 के बीच नालियों से गाद निकालने में 1,500 करोड़ रुपये गंवा दिये, जिनमें से 60 प्रतिशत धनराशि ऐसी कंपनियों को दी गयीं, जो अस्तित्व में ही नहीं थीं। इसके विपरीत, वैश्विक शहर अद्भुत उदाहरण पेश करते हैं। जैसे, टोक्यो के भूमिगत जलाशय और फुटपाथ सालाना होने वाली 1,500 मिलीमीटर वर्षा का आधा हिस्सा अवशोषित कर लेते हैं, और इस तरह शहर को बाढ़ से बचाते हैं। न्यूयॉर्क के 10,600 किलोमीटर लंबे ड्रेनेज सिस्टम की रीयल टाइम मॉनिटरिंग होती है और वहां 500 करोड़ लीटर सीवेज को साफ किया जाता है। जर्मनी के 99 फीसदी कचरे को ऊर्जा में बदला जाता है, जबकि भारत में 6.2 करोड़ टन कचरे में 1.2 करोड़ को ही उपचारित किया जाता है। जापान अपने कचरे के 70 फीसदी का ट्रीटमेंट करता है, जबकि भारत में कुल कचरे का 80 फीसदी पहाड़ के रूप में इकट्ठा होता है। इंदौर का कचरा प्रबंधन मॉडल तथा मेघालय के उमंगोट संरक्षण व्यवस्था बताती है कि भारत में भी बदलाव संभव है। लेकिन उसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति चाहिए।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*जाने किसका लग गया,इस झाड़ू को श्राप*
*एमसीडी में रो रही,सिसक-सिसककर आप*
*सिसक-सिसककर आप,उधर पंजाबी छोरा*
*सड़जी के हाथों में पकड़ा दिया कटोरा*
*कह सुरेश वो शीशमहल के राजपुताने*
*पब्लिक समझ चुकी है सब जाने अन जाने*

# कोरोना ने दिखाए फिर पुराने तेवर

साउथ-ईस्ट एशिया के हालात देखते हुए भारत भी सतर्क है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक यानी डीजीएचएस ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण, आपदा प्रबंधन सेल, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और केंद्रीय सरकारी अस्पतालों के विशेषज्ञों के साथ बैठकें कर चुके हैं। देश की बड़ी आबादी के दृष्टिगत बढ़ती संख्या कहीं न कहीं चिंता बढ़ाने वाली है। अस्पतालों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों और श्वसन संक्रमण के गंभीर मामलों की निगरानी करने के लिए कहा गया है।

कोरोना की रफ्तार फिर गति पकड़ रही है। देश-दुनिया में चिंता है। भारत में हर दिन नई-नई आती सूचनाएं डरा रही हैं। उंगलियों पर गिने जाने वाले आंकड़े हफ्ते भर में ही हजारों में पहुंच गए। मरने वालों की संख्या में हो रही वृद्धि भी अलग डराती है। कहां 19 मई तक आधिकारिक तौर पर 257 मामले थे। इस रविवार सुबह तक यह आंकड़े 3395 पार गए हैं। मरने वालों की संख्या भी हर रोज बढ़ रही है। सबसे ज्यादा केरल में 1336 सक्रिय मामले हैं। वहीं, इससे होने वाली मौतों की शुरुआत भी हो चुकी है जो अभी बहुत ही कम है लेकिन एक दिन में 685 मामले दर्ज होना, बड़ा इशारा है। महाराष्ट्र में 467,दिल्ली में 375, गुजरात में 265, कर्नाटक में 234, पश्चिम बंगाल में 205, तमिलनाडु में 185 मामले आए हैं। हांगकांग और सिंगापुर में बहुत तेजी से फैलते कोरोना ने भारत में जिस तरह पैर पसारे, वो चिंतनीय है। इसके नए वैरिएंट जेएन-1 का प्रकोप जारी है जो पहली बार अगस्त 2023 में मिला था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे दिसंबर 2023 में ही 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित कर साफ किया था कि यह ओमीक्रॉन बी.ए.2.86 का वंशज है। इसमें 30 के लगभग म्यूटेशन पाए गए जिनमें एल.एफ.7 और एन.बी.1.8 की संख्या ज्यादा थी। कोरोना की यह नई लहर साउथ-ईस्ट एशिया में कुछ ज्यादा ही असर दिखा रही है। सिंगापुर, हांगकांग और थाईलैंड जैसे देशों में कोविड के मामले बहुत ही तेजी से बढ़ने के बाद अब भारत में रफ्तार पकड़ रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसका कारण लोगों के शरीर में एंटीबॉडी का कम हो जाना भी है। भारत में भी ऐसी आशंकाओं से इनकार नहीं है।

इतना तो लगने लगा है कि सप्ताह भर में ही बढ़े संक्रमण के मामलों में जो उछाल आया है वो चिंताजनक है। चीन से भी छन-छन कर जो निकल रहा है उससे पता चल गया कि



वहां भी बीते एक महीने में कोरोना के मामलों में काफी तेजी आई है। लेकिन दुनिया को कोरोना देकर भी छुपाने और तबाही की कगार पर पहुंचाने के बाद चीन से जितने सच सामने आए, उसने दुनिया में कैसा विनाश मचाया था, सबने देखा।

इस बार संक्रमित होने वाले अधिकतर लोग वो ज्यादा हैं जो या तो कोमर्बिडिटी यानी सह-रुग्णता वाली स्थिति में हैं। इसमें प्रभावितों को एक ही समय में एक से अधिक बीमारियां होती हैं जिसके कई कारण हो सकते हैं। कुछ सामान्य जोखिम कारक होते हैं, जबकि कुछ अन्य स्थितियों से उत्पन्न लक्षणों या उसके उपचारों के कारण होते हैं। अभी ज्यादातर लक्षण, कोमोर्बिटी या फिर 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में दिख रहे हैं लेकिन प्रभावित हर आयु वर्ग के लोग हो रहे हैं। स्वास्थ्य जोखिमों को देखते हुए अधिकारियों ने डॉक्टर की सलाह पर अपडेटेड वैक्सीन लेने की सलाह दी है। उच्च जोखिम वालों बुजुर्गों, कोमोर्बिटी के शिकार को पहले से ही सालाना कोविड-19 वैक्सीन लेने की सलाह दी जाती रही है।

केरल के बाद महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में भी कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ना चिंताजनक है। उधर अब हांगकांग के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ का वो बयान सामने है जिसमें उन्होंने माना कि कोरोना वायरस के मामले वहां तेजी से बढ़ रहे हैं। सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पॉजिटिव पाए जाने की संख्या अभी साल के महज पांचवें महीने में ही उच्च स्तर पर पहुंच गई थी, जबकि चीन में श्वांस संबंधी बीमारियों की जांच करवाने वाले मरीजों में कोविड वायरस पाए जाने के मामले दोगुने होना चिंताजनक है। लोगों को बूस्टर शॉट लेने की सलाह दी गई है। साथ ही चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज भी हो सकती है। चीन, थाईलैंड और हांगकांग में वहां की सरकारें अलर्ट पर हैं।

साउथ-ईस्ट एशिया के हालात देखते हुए भारत भी सतर्क है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक यानी डीजीएचएस ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण, आपदा प्रबंधन सेल, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और केंद्रीय सरकारी अस्पतालों के विशेषज्ञों के साथ बैठकें कर चुके हैं। देश की बड़ी आबादी के दृष्टिगत बढ़ती संख्या कहीं न कहीं चिंता बढ़ाने वाली है। अस्पतालों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों और श्वसन संक्रमण के गंभीर मामलों की निगरानी करने के लिए कहा गया है। हालांकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीकी से निगरानी रख सतर्क और सक्रिय होकर सुनिश्चित कर रहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए उचित उपाय किए जाएं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरीके से तैयार है। स्वास्थ्य मंत्रालय पूरी तरीके से सतर्कता के साथ हर परिस्थिति पर नजर रख रहा है। हां, देशभर के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भी जिम्मेदारी है कि सतर्क रहें, सतर्क करें। ऑक्सीजन और वैक्सीन के इंतजाम पर्याप्त रखे जाएं। ईश्वर करे कि वो स्थिति न आए जिसे हमने देखा, भोगा है। लेकिन पुराने कड़वे अनुभव, काली यादें और कोरोना के कुछ साल का दौर कितना भयावह था, याद कर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। याद कीजिए कैसे उंगलियों पर गिनने लायक कोरोना के मामले पहले दर्जन से सैकड़ा, फिर हजार और उसके बाद लाखों में पहुंचे। अच्छा हो इस बार इससे शुरू में ही निपट लिया जाए जिसका तरीका हमें अब पता है। यकीनन एक बार फिर वो दौर आ गया है जब 2019-20 जैसे अहतियात और मास्क की जरूरत आ पड़ी है। अच्छा हो कि अभी से सचेत हो जाएं। इस बार ज्यादा चिंता की जरूरत वैसी नहीं है जैसी पिछली बार थी। चूंकि हमने कोरोना से बचना, लड़ना और निपटना सीख लिया है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि हम लापरवाह हो जाएं। इस बार भी इस वायरस को चुनौती देने के लिए फिर पुरानी और एक तरह से अब परंपरागत कही गतिविधियों यानी मास्क, दो गज की दूरी, हाथ धोने जैसे तरीकों को अपनाना होगा। इस सच्चाई को मानकर चलना होगा कि अब हमें अगले कुछ वर्षों तक कोरोना के साथ ही जीना होगा इसलिए इससे निपटना भी उनता ही जरूरी होगा। बस जरूरत है कि सतर्क रहें। जरा से संदेह पर चिकित्सकीय परामर्श में कोताही न करें और फिर पनप रहे कोरोना के बहुरूपिया वायरस को चुनौती दें।

**– ऋतुपर्ण दवे**

# वैश्विक विस्मृति के शिकार तियानमेन चौक के शहीद

3-4 जून की रात,चीन की जनमुक्ति सेना ने बख्तरबंद टैंकों और हथियारों से छात्रों पर हमला किया। हजारों की संख्या में निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई। यह भयावह घटना इतिहास में चार जून की घटना या तियानमेन नरसंहार के नाम से दर्ज है जो आज भी चीन में एक वर्जित विषय बना हुआ है। वर्तमान युग लोकतंत्र का है,इस प्रणाली की लाख खामियों के बावजूद आधुनिक दुनिया अपने आप को लोकतांत्रिक व्यवस्था कहलवाना पसंद करती है। यहां तक कि मजहबी राजनीतिक व्यवस्था वाले देश भी अपने नाम में किसी न किसी तरह लोकतंत्र शब्द को शामिल करके स्वयं को प्रगतिशील साबित करने का प्रयास करते हैं। पर आश्चर्य की बात है कि लोहावरणवादी कम्युनिस्ट व्यवस्था को जबरन ढो रही चीन की जनता ने आज से चार दशक पहले लोकतंत्र के पक्ष में आवाज उठाई तो उसे टैंकों ने रौंद दिया और आज लोकतांत्रिक वैश्विक समाज उस घटना को लगभग भूल सा गया लगता है। दरअसल 4 जून, 1989 में चीन के बीजिंग का तियानमेन चौक बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों का केन्द्र बना, जिसे चीन के कम्युनिस्ट शासकों ने बुरी तरह कुचल दिया।

इसकी पृष्ठभूमि में जाएं तो पता चलता है कि 1980 के दशक में चीन बड़े बदलावों से गुजर रहा था। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने कुछ निजी कंपनियों और विदेशी निवेश को अनुमति देना शुरू कर दिया। चीनी नेता डेंग जियाओपिंग को इससे अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने और लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठने की आशा थी। इस कदम से राजनीतिक खुलेपन की उम्मीद भी जगी, लेकिन उस समय कम्युनिस्ट पार्टी दो भागों में बंट गई। एक वर्ग वो जो तीव्र परिवर्तन की मांग कर रहा था, तथा दूसरा वो कठोर राज्य नियंत्रण बनाए रखना चाहता था। इस दौरान छात्रों के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए। इसमें भाग लेने वालों में वे लोग शामिल थे जो विदेश में रह चुके थे और नए विचारों तथा उच्च जीवन स्तर से परिचित थे। 1989 में अधिक राजनीतिक स्वतंत्रता की मांग के साथ विरोध प्रदर्शन बढ़ गये। प्रदर्शनकारियों को एक प्रमुख राजनीतिज्ञ हू याओबांग से प्रोत्साहन मिला, जिन्होंने कुछ आर्थिक और राजनीतिक



परिवर्तनों की देखरेख की। दो वर्ष पहले राजनीतिक विरोधियों ने उन्हें पार्टी के शीर्ष पद से हटा दिया था। अप्रैल में हू की मौत हो गई, उनके अंतिम संस्कार के दिन हजारों लोग एकत्रित हुए और उन्होंने अधिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा कम सेंसरशिप की मांग की। अगले सप्ताहों में, प्रदर्शनकारी तियानमेन चौक पर एकत्र हुए, जिनकी अनुमानित संख्या दस लाख तक थी। तत्कालीक कम्युनिस्ट व्यवस्था ने इस दौरान न केवल हजारों निर्दोष नागरिकों, विशेषकर छात्रों और श्रमिकों का निर्मम दमन किया गया, बल्कि करोड़ों चीनी नागरिकों के मौलिक संवैधानिक अधिकारों को भी रौंद दिया। 3-4 जून की रात, चीन की जनमुक्ति सेना ने बख्तरबंद टैंकों और हथियारों से छात्रों पर हमला किया। हजारों की संख्या में निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई। यह भयावह घटना इतिहास में चार जून की घटना या तियानमेन नरसंहार के नाम से दर्ज है जो आज भी चीन में एक वर्जित विषय बना हुआ है। घटना वाले दिन बीजिंग की सडक़ों पर वह भयावह मंजर शुरू हुआ। चीनी सेना ने राजधानी में प्रवेश कर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार 35-36 लोग मारे गए। लेकिन यह तो केवल शुरुआत थी। 4 जून की सुबह करीब 4 बजे, जब तियानमेन चौक पर हजारों की संख्या में निहत्थे छात्र, नागरिक, बच्चे और बुजुर्ग शांतिपूर्वक लोकतंत्र और पारदर्शिता की मांग को लेकर एकत्र थे, तब कम्युनिस्ट सरकार ने क्रूरतम रूप का प्रदर्शन किया। सरकार ने न सिर्फ टैंक और हथियारबंद जवानों को तियानमेन चौक पर भेजा, बल्कि लड़ाकू विमानों तक की तैनाती की। बिना किसी चेतावनी के गोलियां बरसाई गईं। निर्दोष लोगों को कुचला गया, दौड़ते बच्चों को निशाना बनाया गया, और चौक को रक्तरंजित कर दिया गया। यह कार्रवाई सिर्फ एक नरसंहार नहीं बल्कि लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की भावना पर एक संगठित, राज्य-प्रायोजित प्रहार था। बीजिंग की सडक़ों पर मानव रक्त की नदियाँ बह रही थीं। यह कोई युद्ध का मैदान नहीं था, बल्कि एक शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रदर्शन के खिलाफ राज्य द्वारा चलाया गया सुनियोजित नरसंहार था। चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने छात्रों और नागरिकों की शांतिपूर्ण मांगों का उत्तर टैंकों और गोलियों से दिया। रात के अंधेरे में बीजिंग की सडक़ों पर टैंक गर्जना करने लगे और कुछ ही घंटों में लगभग 10,000 निर्दोष लोगों की जानें चली गईं। चीनी सरकार अनुसार, दो सौ लोग मरे और तीन हजार घायल हुए।

तियानमेन नरसंहार को लेकर वर्षों तक चीन सरकार ने मृत्यु संख्या को लेकर पूर्ण गोपनीयता बनाए रखी, लेकिन समय के साथ कुछ अंतर्राष्ट्रीय दस्तावेज सामने आए, जिन्होंने इस भयावह घटना की असली तस्वीर उजागर की। चीन में तत्कालीन ब्रिटिश राजदूत एलन डॉनल्ड ने 1989 में लंदन भेजे अपने एक गोपनीय टेलीग्राम में स्पष्ट रूप से कहा था कि इस सैन्य कार्रवाई में कम से कम 10,000 लोगों की मृत्यु हुई। यह टेलीग्राम घटना के 28 वर्षों बाद सार्वजनिक हुआ। हांगकांग बैप्टिस्ट विश्वविद्यालय में चीनी इतिहास, भाषा और संस्कृति के विशेषज्ञ ज्यां पिए कबेस्टन ने भी इस टेलीग्राम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'ब्रिटिश राजनयिकों द्वारा भेजे गए आँकड़े हैं और इन्हें खारिज नहीं किया जा सकता।' प्रसिद्ध चीनी लेखक और सामाजिक आलोचक लियाओ इयवु ने तियानमेन नरसंहार को लेकर अपनी लेखनी के माध्यम से चीनी सत्ता की क्रूरता को बेनकाब किया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि चीन अब पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। 'बॉल्स ऑफ ओपियम' नामक अपनी पुस्तक में, जो विशेष रूप से तियानमेन चौक की घटना पर आधारित है, उन्होंने लिखा, 'लोकतंत्र की स्थापना के लिए संघर्ष कर रहे हजारों लोगों को सेना ने निर्ममता से कुचल दिया।'

**– राकेश सैन**


# झूठ तुम्हारे हो गये - कितने लम्बे पैर

2014 में केन्द्र की सत्ता में आने पर मोदी सरकार द्वारा क्रमशः 2016, 2019 और 2025 में सर्जिकल स्ट्राइक की गई जिसमें कई आतंकवादी मारे गये। मोदी सरकार का यह कदम अभूतपूर्व साहस से भरा था और इस बात का प्रमाण था कि देश अब सीमा-पार से आतंकवाद सहन करने वाला नहीं है। निश्चित रूप से मोदी सरकार के इन कदमों से एक ओर जहाँ देश में आतंकी गतिविधियों पर व्यापक स्तर पर विराम लगा, वही विश्व परिदृश्य में भारत की एक नई छवि उभरी इस तरह से पूर्व की तरह वह एक दब्बू राष्ट्र नहीं था वरन एक स्वाभिमान और ऊर्जा से सम्पन्न राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ने वाला राष्ट्र बन गया। एक तरह से वह इस मामले में अमेरिका और इजरायल की पक्ति में खड़ा हो गया, जो अपने दुश्मनों को घर में घुसकर मारते थे। निश्चित रूप से ऐसे साहस भरे कृत्यों का राजनीतिक लाभ तो मिलता ही है, देश का जनमानस संकीर्ण प्रवृत्तियों से मुक्त होकर एक व्यापक राष्ट्रवादी धारा में हिलोरे मारने लगता है। 6-7 अप्रैल को मोदी सरकार द्वारा पाकिस्तान के आतंकी अड्डो पर राफेल और सुखोई विमानों से मिसाइलों के माध्यम से हमला कर सैकड़ों आतंकवादियों को मिट्टी में मिला दिया। और तत्पश्चात पाकिस्तान के हमला करने पर उसे ऐसा मुहतोड़ जवाब दिया कि पाकिस्तान त्राहि-त्राहि कर उठा।

देश की जनभावनाओं को मोदी सरकार के पक्ष में देखकर कांग्रेस पार्टी को ऐसा लगने लगा कि आतंकवाद के मामले पर मोदी के प्रति बढ़ते जन समर्थन के चलते वह भविष्य में राजनीतिक दृष्टि से बहुत घाटे में रहेगी। इस पर कांग्रेस पार्टी ने यह कहना शुरू कर दिया कि यूपीए सरकार के दौर में कई सर्जिकल स्ट्राईक की गई थी। यह बात और है कि हमने उन्हें प्रचारित नहीं किया। अब यह कहा जा सकता है कि भाई क्या सर्जिकल स्ट्राइक चोर जैसे होती है कि कोई जानने न पाये। भला कांग्रेस पार्टी राजनीति में इतना बीतरागी कैसे हो गई कि वह कोई उल्लेखनीय कृत्य करे और उसका श्रेय न ले। सवाल सिर्फ श्रेय लेने का नहीं. ऐसे कदमों का प्रचार-प्रसार बड़े स्तर पर किया जाना चाहिए क्योंकि एक तरफ तो इससे राष्ट्र के नागरिकों का मनोबल बढ़ता है, उन्हें यह एहसास होता है कि उनकी सरकार और नेतृत्व मजबूत एवं साहसी है जो वक्त पड़ने पर खतरा उठाने से नहीं झिझकते। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह कि यदि यूपीए सरकार के दौर में सर्जिकल स्ट्राइक हुई तो उसका सरकार के पास को अभिलेख एवं डेटा तो होना ही चाहिए जबकि एक आरटीआई के अनुसार वर्ष 2004 से 2014 के बीच जब मनमोहन सरकार सत्ता में थी तो उस दौर का कोई डेटा सरकार के पास उपलब्ध नहीं है। दूसरे इस झूठ को इस तरह से समझा जा सकता है कि इस सम्बन्ध में विभिन्न नेता अलग-अलग बाते करते हैं। स्वतः राहुल गाँधी जहाँ उस दौर में 03 सर्जिकल स्ट्राइक की बात करते हैं, वहीं उस समय रक्षा मंत्री रहने वाले शरद पवार 04 सर्जिकल स्ट्राइक की बाते करते हैं।

**–वीरेन्द्र सिंह परिहार**

आज का कार्टून




साभार

# कहां खो गए भारत के जादूगर?

कभी भारत की गलियों, मेलों और चौराहों पर 'अबरा-का-डबरा', 'गिली-गिली छू' की आवाज़ से भीड़ ठिठक जाती थी। कोई अपनी जेब से निकालकर कबूतर उड़ाता था, तो कोई रस्सी हवा में खड़ी कर उस पर चढ़ जाता था। यह सब 'जादू' था, परंपरा, कला और चमत्कार के सम्मिलन का पर अब? अब वही जादू या तो मंचों पर सिमट चुका है या इंटरनेट के मनोरंजन में गुम हो गया है। सवाल है कहां खो गए भारत के जादूगर?

भारत में जादू सिर्फ मनोरंजन नहीं था, वह एक सामाजिक भूमिका भी निभाता था। जादूगर लोक में व्याप्त 'अचंभे' की भावना को जीवित रखता था। जब विज्ञान आम जन की पहुंच से दूर था, तब जादू उनकी कल्पनाओं का आकाश था। बच्चे और बूढ़े, अमीर और गरीब, सबकी आंखों में वह आश्चर्य और रोमांच भरता था। यही जादूगर किसी मेले में 'सांप की रस्सी' दिखाता था, तो कहीं गायब होती चीज़ें। वह हमारे लोक-नाट्य, कहानियों और किस्सों का हिस्सा था।

समय बदला, मनोरंजन के साधन बदले। पहले गांव-शहर में घूमकर प्रदर्शन करने वाला जादूगर धीरे-धीरे टेलीविज़न और फिर यूट्यूब के स्टेज पर चला गया। अब लोगों को 'फ्री फायर' और 'नेटफ्लिक्स' में जादू चाहिए, वह भी रीयलिस्टिक ग्राफिक्स और स्पेशल इफेक्ट्स के साथ। ऐसे में रस्सी का उड़ना या जेब से फूल निकालना अब बच्चों के लिए भी कोई करिश्मा नहीं रहा। इस डिजिटल युग में जादूगर की भूमिका को व्लॉगर, स्ट्रीट आर्टिस्ट और डिजिटल इल्यूजनिस्ट ने ले लिया है लेकिन उनमें वह लोक-भावना नहीं है जो पुराने जादूगर के पास थी जो भाषा, लय, कविता और चालाकी से लोगों का दिल जीतता था।

भारत का समाज तेजी से 'तर्कवादी' हो रहा है। वैज्ञानिक चेतना को बढ़ावा देना जरूरी भी है, पर इसके चलते कई पारंपरिक कलाएं अंधविश्वास की श्रेणी में डाल दी गईं। खासकर 1990 के बाद, जब देश में विज्ञान को बढ़ावा देने के नाम पर हर जादू को 'ढोंग' बताया जाने लगा। स्कूलों में बच्चों को सिखाया गया कि जादू कुछ नहीं होता, यह बस आंखों का धोखा है। बिलकुल सही? पर क्या हर आंख का धोखा कला नहीं होता? क्या 'माया' शब्द, जिसे हमारी संस्कृति ने सबसे गूढ़ तत्त्वों में गिना है, उसी की छाया नहीं था ये जादू?

जादूगरी कोई सरकारी नौकरी नहीं है। न कोई पेंशन, न बीमा, न प्रशिक्षण संस्थान। एक जादूगर की आजीविका पूरी तरह से लोगों की भीड़ पर टिकी होती थी। जैसे ही भीड़ का ध्यान मोबाइल पर गया, जादूगर की थाली सूख गई। बहुत से पुराने जादूगरों ने पेट पालने के लिए चाय की दुकानें खोल लीं, कुछ ने मजदूरी शुरू कर दी। एक पीढ़ी के बाद बच्चों ने इस कला को अपनाने से साफ मना कर दिया — "इसमें भविष्य नहीं है", यही तर्क दिया गया। भारत सरकार और राज्य सरकारें जब 'लोककला' के संरक्षण की योजनाएं बनाती हैं तो उसमें जादूगिरी कहीं नहीं दिखाई देती। कठपुतली, नृत्य, संगीत, चित्रकारी इन सभी को जगह मिलती है, पर जादू? जादू आज भी 'न संजीदा' कला समझा जाता है. न ही राष्ट्रीय स्तर पर कोई जादू उत्सव होता है, न कोई अकादमिक शोध जबकि पश्चिमी देशों ने अपने जादू को ब्रांड में बदल दिया। हॉलीवुड के डेविड कॉपरफील्ड हों या ब्रिटेन के डेरेन ब्राउन, वे लाखों डॉलर कमाते हैं और अपनी कला को 'मेंटलिज़्म' और 'इल्यूजन साइंस' का हिस्सा बना चुके हैं। अब भी भारत में पीसी सरकार, सम्राट जन्मेजय शानू, ओ.पी. शर्मा जैसे नाम गूंजते हैं। उनके शोज़ में आज भी हॉल भरते हैं, तालियां बजती हैं लेकिन ये अपवाद हैं, नियम नहीं। आज ज़रूरत है कि जादू को दोबारा एक लोक-कला के रूप में स्थापित किया जाए। इसके लिए प्रशिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय पुरस्कार, शैक्षणिक कार्यक्रम और मंच उपलब्ध कराए जाएं। जादू को सिर्फ 'नकली चमत्कार' मानकर नकारना उचित नहीं. वह कला है जैसे अभिनय, जैसे संगीत।

भारत के जादूगर कहीं नहीं खोए हैं, वे बस हमें देखने की जगह से हट गए हैं। उन्होंने हमारे समाज को हंसाया, चमत्कृत किया, सोचने पर मजबूर किया। आज जब हम चमत्कार तकनीक से खोज रहे हैं, तब ज़रा ठहरकर उन जादूगरों को याद करें, जो बिना बिजली, बिना कैमरे, केवल अपने हुनर से हमारी दुनिया में 'अविश्वसनीय' लेकर आते थे। शायद वे फिर लौटें। अगर हम उन्हें सम्मान और स्थान दें।

**– सचिन त्रिपाठी**

# पटना, गया, दरभंगा से फ्लाइट टिकट सस्ते होंगे

## नीतीश कैबिनेट ने एविएशन फ्यूल पर वैट घटाया

महानगर नेटवर्क

पटना

गया और दरभंगा से हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। बिहार में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के दाम घट गए हैं। नीतीश कैबिनेट ने एटीएफ पर वैट की दर को 29 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत करने का फैसला लिया है। इससे पटना,गया और दरभंगा एयरपोर्ट से फ्लाइट के टिकट आने वाले दिनों में सस्ते होंगे। साथ ही हवाई यात्रियों की संख्या भी बढ़ेगी। टैक्स कम होने से विमानों की संख्या में भी बढ़ोतरी होने के आसार हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। इसमें कुल 47 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। इसमें एक फैसला वाणिज्य एवं कर विभाग का भी है। इसके तहत बिहार में रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम



के तहत एविएशन टर्बाइन फ्यूल की दर को 1 प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय लिया गया। साथ ही अन्य मामलों में एटीएफ की बिक्री पर राज्य सरकार द्वारा आगे से 4 प्रतिशत वैट ही लगाया जाएगा। को मंजूरी, शाहाबाद में जलापूर्ति पर बड़ा खर्च;नीतीश कैबिनेट में 47 फैसले जानकारी के अनुसार अभी तक बिहार में एटीएफ पर वैट की दर 29 फीसदी थी। इससे विभिन्न एयरलाइंस को विमानों का फ्यूल महंगा खरीदना पड़ रहा था। इसका असर यात्रियों के फ्लाइट किराये पर भी देखने को मिलता है। वैट कम होने से बिहार में हवाई यात्रा का किराया भी घटेगा।

# सासाराम, आरा में पानी-सीवर पर 670 करोड़ खर्च होंगे

## सिवान,औरंगाबाद को 975 करोड़

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उन इलाकों के लोगों की बड़ी मांगों को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं,जहां 2020 के चुनाव में महागठबंधन को भरपूर सीटें मिली थीं। मंगलवार को पटना में राज्य कैबिनेट की बैठक में शाहाबाद इलाके के सासाराम और आरा समेत सिवान और गोपालगंज को पेयजल आपूर्ति और सीवरेज नेटवर्क की बड़ी परियोजनाओं का गिफ्ट मिला है। चार शहरों में पानी और सीवर की परियोजनाओं पर लगभग 1645 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। ये सारी योजनाएं नगर विकास और आवास विभाग की हैं जिन्हें केंद्र सरकार से प्रायोजित अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत 2.0) के तहत पूरा किया जाएगा।

सरकार ने जलापूर्ति परियोजना के लिए सासाराम में 76.44 करोड़, आरा में 138.26 करोड़ और सिवान में 113.28 करोड़ रुपये के प्रस्ताव



को मंजूरी दी है। सीवरेज नेटवर्क के लिए सासाराम में 455.61 करोड़, सिवान में 367.03 करोड़ और औरंगाबाद में 497.65 करोड़ के प्रोजेक्ट को हरी झंडी दी गई है। सितंबर में चुनाव के कार्यक्रम का ऐलान हो सकता है और उसके बाद चुनाव की आचार संहिता लागू हो जाएगी। संभावना है कि परियोजनाओं की निविदा वगैरह का काम जल्दी पूरा हो जाए और काम आचार संहिता लगने से पहले चालू हो जाए।

2020 के विधानसभा चुनाव में रोहतास (सासाराम) जिले की सात में सात सीटें महागठबंधन के खाते में गई थी। चार सीट राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी), दो कांग्रेस और एक सीपीआई-माले ने जीती थी। पिछले साल कांग्रेस का एक विधायक भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के साथ चला गया। भोजपुर (आरा) में सात सीटों में पांच महागठबंधन जीती थी जबकि भाजपा को दो सीट पर जीत मिली थी। तीन सीट राजद, दो-दो सीट भाजपा और माले। पिछले साल दो सीटों पर उपचुनाव में भाजपा ने माले से तरारी सीट छीन ली लेकिन अब भी हिसाब चार-तीन का है। लोकसभा चुनाव में सासाराम कांग्रेस और आरा माले ने जीता है। रोहतास जिले की सात सीटों में कुछ सीटें काराकाट और बक्सर लोकसभा में भी आती हैं। काराकाट सीपीआई माले ने जबकि बक्सर राजद ने जीती। इसी तरह औरंगाबाद जिले में छह की छह विधानसभा सीटें महागठबंधन ने झटक ली थी। राजद ने चार और कांग्रेस ने दो सीट पर कब्जा किया था। लोकसभा में भी औरंगाबाद सीट से राजद नेता अभय कुशवाहा जीतकर संसद पहुंचे हैं।

# बालू तस्कर से सांठगांठ करना पड़ा महंगा

## ● सारण में एक वर्ष में 45 पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई



महानगर नेटवर्क

छपरा

सारण जिले में बालू तस्करों के साथ-साठगांठ रखना पुलिस कर्मियों को भारी पड़ रहा है। अवैध बालू माफियाओं को संरक्षण देने, अवैध बालू खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सारण पुलिस ने मई 2024 से मई 2025 तक एक साल में 45 पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की है, ताकि जिले में अवैध बालू खनन पूरी तरह से रुक सके। बालू माफियाओं के साथ पुलिस का आडियो- वीडियो प्रसारित होने एवं लोगों के शिकायत के बाद पुलिस के वरीय पदाधिकारी के जांच में दोषी पाए जाने वाले पुलिस

### शिकायत मिलने पर पदाधिकारी करते हैं जांच

दिसंबर 2024 में दिघवारा थाना क्षेत्र में अवैध बालू माफियाओं के साथ सांठगांठ करने और दलाल के जरिए अवैध बालू ट्रक को पास कराए जाने की शिकायत पर वरीय पुलिस पदाधिकारी के द्वारा जांच में दोषी पाये जाने के बाद दिघवारा थाना के थानाध्यक्ष समेत दो पुलिस पदाधिकारियों को निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया गया था।

पदाधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही 547 कांड का प्रतिवेदित किया गया, जिसमें 556 कांडों का निष्पादित किया गया।

# मंत्री के पीए अस्पताल में बेड बेच रहे

## हर जिले में रेप हो रहे, नीतीश सरकार पर भड़के तेजस्वी यादव

महानगर नेटवर्क

मुजफ्फरपुर

बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर कानून व्यवस्था के मुद्दे पर नीतीश सरकार को घेरा है। मुजफ्फरपुर रेप कांड पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के हर जिले में बलात्कार हो रहे हैं। हाल ही में सीतामढ़ी में भी 11 साल की बच्ची से रेप हुआ। पटना के पीएमसीएच में बेड न मिलने पर रेप पीड़िता की मौत पर तेजस्वी ने आरोप लगाया कि अस्पतालों में बेड बेचे जा रहे हैं। एनएमसीएच में मंत्री के पीए बेड बेच रहे हैं। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम एवं राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुका है। तेजस्वी



ने कहा, "हर जिले में रेप की घटनाएं हो रही हैं। सरकार कौन-से नशे में है, पता नहीं। पुलिस वसूली में लगी हुई है। दो-दो डिप्टी सीएम हैं उन्हें भी कोई मतलब नहीं है।"

उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर इशारा करते हुए कहा कि सत्ताधारी दल के नेता नीति आयोग की बैठक में नहीं जाते, सिर्फ राजनीतिक कार्यक्रमों में जाते हैं। उन्हें बिहार से कोई लेना-देना नहीं है। बिहार में अपराध इतना बढ़ गया है, फिर भी कोई कोई समीक्षा नहीं बैठक होती है। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि पुलिस विभाग में ट्रांसफर-पोस्टिंग का धंधा चल रहा है। रिटायर्ड अफसर तबादले करवा रहे हैं, जबकि डीजीपी के हाथों में कुछ नहीं है।

तेजस्वी यादव ने दावा किया कि बिहार पुलिस का प्रदर्शन बहुत खराब है। किसी मामले की जांच होती है, अदालत तक जाता है तो अपराधी जमानत पर छूटकर बाहर आ जाते हैं।

### मंगल पांडेय पर बिफरे तेजस्वी

आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय पर जमकर भड़ास निकाली। पीएमसीएच में बेड न मिलने से मुजफ्फरपुर की रेप पीड़ित बच्ची की मौत हो जाने के मुद्दे पर उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से जवाब मांगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कुछ दिन पहले वह (मंगल पांडेय) मैदान में आकर बहस करने की चुनौती दे रहे थे।

# पांच बच्चों की मां की गला दबाकर हत्या

## सिकरहना नदी के किनारे मिला शव

महानगर नेटवर्क

मझौलिया

मझौलिया थाना क्षेत्र के हरपुर गढ़वा पंचायत के वार्ड संख्या एक निवासी शमशेर आलम की पत्नी नजरुल नेशा (35 वर्ष) का शव मंगलवार की सुबह सिकरहना नदी के किनारे मिला। मृतका के ससुरालवालों ने सोमवार की दोपहर से उसके रहस्यमयढंग से गायब होने की सूचना पुलिस को दी थी। हालांकि, शव मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के गले पर जख्म का निशान है। उसके मुंह से खून निकला है। प्रथमदृष्ट्या



मामला गला दबाकर हत्या का प्रतीत हो रहा है। डाग स्क्वायड एवं एफएसएल की टीम जांच के लिए बुलाई गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का पता चलेगा। फिलहाल, मृतका की सास और गोतनी (देवरानी) को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। परिवार के अन्य सदस्य फरार हैं। अभी तक मृतका के मायके वालों ने कोई आवेदन नहीं दिया है। आवेदन मिलने पर कांड दर्ज किया जाएगा। मृतका के ससुरालवालों ने सोमवार की दोपहर बाद पुलिस को सूचना दी थी कि महिला घर से लापता है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**नवादा।** नवादा में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना नगर थाना क्षेत्र के KLS कॉलेज के पास की है। मृतक की पहचान कादिरगंज थाना क्षेत्र के घोस्तावां गांव निवासी अनीश कुमार (26) के रूप में हुई है। वह अपने दोस्त की बहन की शादी समारोह में गया था। दोस्त के साथ वापसी के दौरान तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार, निरंजन सिंह, ट्रैफिक प्रभारी नितेश कुमार और आपातकालीन सेवा 112 की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

# नवविवाहिता ने लगाई फांसी, 40 दिन पहले ही हुई थी शादी

महानगर नेटवर्क

बेगूसराय

बेगूसराय जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र स्थित चुरामनपुर गांव में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतका की पहचान नेहा देवी (22) के रूप में हुई है. नेहा देवी की शादी 22 अप्रैल को चुरामनपुर निवासी उमेश सिंह के साथ हुई थी.

**आत्महत्या पर संशय बरकरार**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, घटना की सूचना मिलते




ही औद्योगिक थाने की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. थाना के अपर थानाध्यक्ष संजय विकास त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है. फिलहाल

### कमरे में फंदे से लटकी मिली महिला

प्राप्त जानकारी के अनुसार जब उमेश सिंह काम से घर लौटे तो उन्होंने देखा कि घर का दरवाजा अंदर से बंद था,कई बार आवाज देने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। खिड़की से झांककर देखने पर नेहा फंदे से लटकी हुई नजर आई। इसके बाद उमेश ने अपने पिता और अन्य परिजनों को सूचित किया।

आत्महत्या के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है और पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## मुजफ्फरपुर रेप-मर्डर केस

# अस्पताल के अधिकारियों पर गिरी गाज

## ● एक को हटाया गया, दूसरा सस्पेंड



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले में नाबालिग दलित लड़की से रेप और हत्या मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। PMCH पटना के प्रभारी उपाधीक्षक को हटा दिया गया है। मुजफ्फरपुर के SKMCH अस्पताल की अधीक्षक को सस्पेंड किया गया है। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि 15 दिन में सजा दिलाएंगे। दरअसल, रेप पीड़िता 10 वर्षीय बच्ची को मुजफ्फरपुर स्थित SKMCH में डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर उसे पटना रेफर कर दिया था। मुजफ्फरपुर में बच्ची रिकवर हो रही थी, लेकिन डॉक्टर द्वारा रेफर करने के बाद घरवाले उसे पटना लेकर गए। PMCH पहुंचे तो वहां के मैनेजर ने उनसे पैसे मांगे। घंटों इंतजार कराया गया।

# मुंगेर में NHAI का 6 पक्के मकानों पर चला बुलडोजर

महानगर नेटवर्क

मुंगेर

मुंगेर में मंगलवार को NHAI की टीम ने मिर्चाचक से नया रामनगर थाना तक अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान छह से अधिक पक्के मकानों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया, जबकि सरकारी जमीन पर लगे दर्जनों पेड़ भी हटाए गए। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। एनएचएआई प्रोजेक्ट इंचार्ज नीतीश कुमार ने बताया कि जिन लोगों को पहले ही मुआवजा मिल चुका था, लेकिन उन्होंने जमीन नहीं छोड़ी, उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने की



यह कार्रवाई सड़क परियोजना के लिए जरूरी थी। अभियान के दौरान नया रामनगर थानाध्यक्ष तारकेश्वर कुमार सिंह खुद मौके पर मौजूद थे। उनके साथ दंगा नियंत्रण बल और क्यूआरटी की टीमें पूरी मुस्तैदी से तैनात थीं।

### दुकानदारों ने खुद हटाया सामान

छोटे दुकानदारों ने अपने स्तर पर दुकानें और सामान हटा लिए। ठेले और मालवाहक गाड़ियों से उन्होंने अपने सामान को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। हालांकि, कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए कहा कि उन्हें न मुआवजा मिला है और न ही कोई पूर्व सूचना या नोटिस दिया गया।

## व्यापार

# सेंसेक्स 636 अंक गिरकर 80,737 पर बंद

महानगर नेटवर्क

मुंबई

शेयर बाजार में आज यानी 3 जून को गिरावट रही। सेंसेक्स 636 अंक गिरकर 80,737 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 174 अंक की गिरावट रही। ये 24,542 के स्तर पर बंद हुआ।

आज सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में गिरावट और सिर्फ 1 में बढ़त रही। वहीं निफ्टी 50 के 43 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बैंकिंग, IT और एनर्जी शेयर्स ज्यादा गिरावट रही। NSE के प्राइवेट बैंक के इंडेक्स में सबसे ज्यादा 1.17% की गिरावट रही। जबकि IT, सरकारी बैंक, ऑयल



एंड गैस और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स में 0.50% से ज्यादा की गिरावट रही।

NSE पर उपलब्ध प्रोविजनल डेटा के अनुसार 2 जून 2025 को विदेशी निवेशकों यानी FII ने 2,589.47 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने इस दौरान 5,313.76 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

## RBI ने लिया बड़ा फैसला

# ATM से 100-200 के नोट धड़ल्ले से निकलेंगे

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने बैंकों को एटीएम से पैसे निकासी को लेकर बड़ा आदेश जारी किया है। आपको बता दें कि लेन-देन को आसान बनाने के लिए आरबीआई ने सभी बैंकों और व्हाइट लेबल एटीएम ऑपरेटरों को कम से कम एक कैसेट से 100 या 200 मूल्यवर्ग के नोट निकालने का निर्देश दिया है। आम तौर पर एक एटीएम में चार कैसेट होते हैं। आरबीआई के मासिक बुलेटिन के अनुसार, 31 मार्च तक बैंक के पास 2.20 लाख एटीएम थे, जबकि व्हाइट लेबल एटीएम की संख्या 36 हजार है।

**आम लोगों को मिलेगी बड़ी राहत**

28 अप्रैल की अधिसूचना के अनुसार, अक्सर इस्तेमाल किए जाने वाले मूल्यवर्ग के बैंक नोटों तक लोगों की पहुंच बढ़ाने के प्रयास के तहत, "यह निर्णय लिया गया है कि सभी बैंक और व्हाइट लेबल एटीएम ऑपरेटर (डब्ल्यूएलएओ) यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके एटीएम से नियमित आधार पर 100 और 200 मूल्यवर्ग के बैंक नोट निकलें।"



### 30 सितंबर तय किया गया डेडलाइन

रिजर्व बैंक ने 30 सितंबर तक 75% एटीएम (में कम से कम एक कैसेट से 100/200 के नोट बांटने का निर्देश दिया है। वहीं, 31 मार्च 2026 तक 90% एटीएम में कम से कम एक कैसेट से 100 या 200 के नोट बांटना होगा। इसके साथ ही 500 रुपये के नोट भी मिलेंगे।

# पीएनबी ने शिक्षा ऋण की ब्याज दरों में 20 बीपीएस की कटौती की

महानगर नेटवर्क

मुंबई

देश के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने विद्यालक्ष्मी योजना के अंतर्गत शिक्षा ऋण की ब्याज दरों में 20 बीपीएस की कटौती की है। यह पहल शिक्षा की सुलभता बढ़ाने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करती है। विद्यालक्ष्मी योजना छात्रों को गुणवत्ता-आधारित उच्च शिक्षा के लिए व्यापक वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु डिज़ाइन की गई है। यह पहल उन उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है,जिन्हें पूरे देश में 860 चिन्हित गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों (क्यूएचईआई) में योग्यता के आधार पर प्रवेश मिलता है।

# अब लोन लेकर भागना नहीं होगा आसान

## ● SBI, PNB जैसे 5 सरकारी बैंक मिलकर करेंगे वसूली




**नई दिल्ली।** अक्सर आप लोगों को ये सुनने को मिल जाता होगा कि बैंक के लोन लेकर भर नहीं रहे और इधर-उधर भाग रहे हैं। ऐसे में अब इस समस्या का समाधान खुद बैंकिंग सेक्टर ने निकाल लिया है। भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा समेत देश के 5 सरकारी बैंक मिलकर एक नई कंपनी बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

### इसमें 5 बैंक शामिल होंगे

रिपोर्ट के मुताबिक, इन कंपनियों का काम 5 करोड़ रुपए से कम वाले लोन या फिर रिटेल और MSME को वसूलने का होगा। इस काम को पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा लेकिन इसके लिए पहले एक कॉन्सेप्ट तैयार किया जाएगा।

# जुलाई में हो सकती है भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच जुलाई तक ट्रेड डील साइन होने की संभावना है। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने सोमवार को कहा, भारत और अमेरिका के बीच बहुत जल्द ट्रेड डील हो जाएगी, क्योंकि दोनों देशों ने ऐसा रास्ता खोज लिया है जो दोनों के लिए फायदेमंद है। लुटनिक ने यह बात वॉशिंगटन में US-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (USISPF) के लीडरशिप समिट में कही। कल भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भी कहा था कि दोनों देश एक-दूसरे के कारोबार को प्राथमिकता देना चाहते हैं और टीमों के बीच लगातार बातचीत हो रही है।

इसके साथ ही अमेरिकी वाणिज्य




मंत्री ने कहा जब दोनों तरफ सही लोग टेबल पर बैठे, तो हम सही दिशा में आगे बढ़े। अब डील में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। सूत्रों के मुताबिक 8 जुलाई से पहले दोनों देश एक अंतरिम समझौते पर पहुंच सकते हैं। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत पर 26% टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद से दोनों देश ट्रेड डील पर बातचीत कर रहे हैं। ये टैरिफ भारत पर 8 जुलाई से लागू होंगे।

### जेडी वेंस ने कहा था- ट्रेड डील की शर्तें फाइनल

इससे पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा था अमेरिका और भारत ने ट्रेड डील के लिए शर्तों को फाइनल कर दिया है। इसे टर्म्स ऑफ रेफरेंस (ToRs) कहते हैं। अप्रैल में अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत दौरे पर आए थे। उन्होंने 22 अप्रैल को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में एक इवेंट में ये जानकारी दी थी।

जेडी वेंस ने कहा था "मेरा मानना है कि यह राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी के विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह फाइनल डील का एक रोडमैप तैयार करेगा।"

# SBI 'हर घर लखपति स्कीम' की ब्याज दरों में कटौती

महानगर नेटवर्क

मुंबई

भारतीय स्टेट बैंक यानी SBI ने 'हर घर लखपति' स्कीम की ब्याज दरों में 0.20% की कटौती की है। इसमें अब सामान्य नागरिकों को अधिकतम 6.55% और वरिष्ठ नागरिकों (सीनियर सिटिजन) को अधिकतम 7.05% सालाना ब्याज मिलेगा। 'हर घर लखपति' एक खास रिकरिंग डिपॉजिट (RD) स्कीम है। इस स्कीम के तहत आप हर महीने छोटी-छोटी रकम जमा करके एक लाख या इससे ज्यादा रुपए इंतजाम कर सकते हैं। इसमें 10 साल तक हर महीने 610 रुपए जमा करने पर आपका 1 लाख रुपए का फंड तैयार हो जाएगा।

**सबसे पहले समझें RD क्या है?**

रिकरिंग डिपॉजिट या RD बड़ी बचत में



आपकी मदद कर सकती है। आप इसका इस्तेमाल गुल्लक की तरह कर सकते हैं। मतलब आप इसमें हर महीने सैलरी आने पर एक निश्चित रकम डालते रहें और इसके मैच्योर होने पर आपके हाथ में बड़ी रकम होगी।

हर घर लखपति का मैच्योरिटी पीरियड आमतौर पर 3 साल से 10 साल तक रहता है। यानी आप 3 साल से 10 साल तक के लिए निवेश कर सकते हैं।

# अमेरिका और जापान को निर्यात की जाने वाली जनरेटर सेट की पहली खेप भेजी गई

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

कूपर कॉर्पोरेशन पूरी दुनिया में इंजन, इंजन के कल-पुर्जों और जनरेटर के निर्माण के लिए मशहूर है, जिसने बड़े गर्व के साथ गैस से चलने वाले जेनसेट की अपनी पहली बड़ी शिपमेंट अमेरिका को भेजने की घोषणा की। यह एक बड़ी उपलब्धि है जिससे पता चलता है कि कंपनी ने अमेरिका को बड़े पैमाने पर किए जाने वाले निर्यात की शुरुआत कर दी है। कंपनी आने वाले समय में 5 kVA से 500 kVA तक के जेनसेट के निर्यात के लिए तैयार है, जिन्हें अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (EPA) की ओर से मंजूरी दी गई है। कूपर कॉर्पोरेशन के 10 kVA और 25 kVA के फ्लैगशिप गैस जेनसेट भारत में इस तरह के इकलौते ऐसे इंजन हैं, जो EPA की कसौटी पर खरे उतरते हैं, जिससे जाहिर होता है कि इंजीनियरिंग के मामले में कंपनी सबसे आगे है और पर्यावरण के नियमों का पालन करने के इरादे पर अटल है। अमेरिकी बाजार में इन सभी जेनसेट्स को, खास तौर पर 25 kVA वाले वेरिएंट को बेहद शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है।

# चांदी 2,178 बढ़कर 99,939 किलो पर पहुंची



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 3 जून को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 282 बढ़कर 96,962 पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 96,680 प्रति 10 ग्राम थी। इससे पहले चांदी का भाव 97,761 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

योगी कैबिनेट में बड़ा फैसला

# धार्मिक स्थलों और पर्यटन केंद्रों पर मिलेगी सस्ते में होमस्टे की सुविधा



महानगर संवाददाता

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति-2025 को मंजूरी दे दी गई। इस नई नीति का उद्देश्य राज्य के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ठहरने की बेहतर और सुलभ सुविधा प्रदान करना है। पर्यटन विभाग के प्रस्ताव के अनुसार, अक्सर देखने में आता है कि प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल फुल हो जाते हैं, जिससे पर्यटकों को रुकने में परेशानी होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह नीति तैयार की गई है। लोकभवन के सभागार में आयोजित कैबिनेट बैठक में कुल 11 प्रस्ताव अनुमोदन के लिए रखे गए, जिसमें कैबिनेट ने 10 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की।

बीएंडबी एवं होमस्टे नीति-2025 के अनुसार धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके तहत, अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। कोई भी पर्यटक लगातार 7 दिन तक इस सुविधा का लाभ उठाते हुए यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में रिन्यूअल की भी व्यवस्था होगी। अनुमति की प्रक्रिया जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अगुवाई वाली कमेटी के माध्यम से पूरी की जाएगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में होमस्टे इकाइयों के लिए 500 से 750 तक का नाममात्र शुल्क लिया जाएगा। वहीं, शहरी या सिल्वर श्रेणी के होमस्टे के लिए 2000 का आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है।

### पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

सुरेश खन्ना ने बताया कि इसके अतिरिक्त, इस नीति में वित्तीय प्रोत्साहन और अनुदान की भी व्यवस्था की गई है ताकि राज्य के निवासियों को प्रोत्साहित किया जा सके कि वे अपने घरों को पर्यटन हित में उपयोग करें। इस नीति के लागू होने से न केवल पर्यटकों को सस्ते और सुविधाजनक ठहरने का विकल्प मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित होंगे। यह नीति प्रदेश की अर्थव्यवस्था और पर्यटन अवसंरचना को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी।

# यमुना में नहाने गईं 4 बच्चियों की डूबने से मौत

### 2 की हालत गंभीर



**आगरा।** यूपी के आगरा में मंगलवार को बड़ा और दर्दनाक हादसा हो गया। यहां भीषण गर्मी के बीच यमुना नदी में नहाने गईं छह लड़कियां डूब गईं। उनमें से चार की मौत हो गई है। लड़कियों के परिवारों में कोहराम मच गया है। परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे की सूचना पाकर डीएम और पुलिस-प्रशासन के कई बड़े अफसर मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल बचाव का काम शुरू कराया। हादसे में जिंदा बची दोनों बच्चियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आगरा के सिकंदरा थाना क्षेत्र में नगला नाथू के पास मंगलवार साढ़े 10 बजे के करीब ये लड़कियां यमुना नदी में नहाने गई थीं। इनमें 18 वर्षीय मुस्कान, उसकी छोटी बहन संध्या, दिव्या, चचेरी बहन नैना, मौसी की बहन सोनम, सुहानी शामिल थीं। उनके साथ उनका चचेरा भाई दीपेश भी था।

# बांके बिहारी में ट्रस्ट पर भड़के शंकराचार्य

### बोले- गोरखनाथ मंदिर का भी अधिग्रहण करें

महानगर संवाददाता

वृंदावन

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के लिए ट्रस्ट बनाने के योगी सरकार के फैसले पर ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामि अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बेहद नाराज हैं। उन्होंने कहा कि हमें बड़ा आश्चर्य हो रहा है कि एक तरफ सनातन धर्म के धर्माचार्य पूरे देश में मुहिम चलाए हुए हैं कि सरकार ने जिन-जिन मन्दिरों व धर्मस्थानों का सरकार ने अधिग्रहण कर लिया है उनको वापस लिया जाए और सनातन धर्म बोर्ड बनाकर धर्माचार्यों द्वारा उसका संचालन किया जाए। मुहिम को सबसे अधिक आगे बढ़ाने वाले देवकीनन्दन ठाकुर के ही वृन्दावन में बांके बिहारी मन्दिर परम्परा से सेवायतों और पुजारियों के हाथों में था, उसको सरकार ट्रस्ट



बनाकर अधिगृहित कर ले रही है और कोई कुछ नही बोल रहा है। कहा कि सरकार अधिग्रहण के लिए ही तत्पर है तो गोरखपुर का गोरखनाथ मन्दिर का भी अधिग्रहण किया जाए। शंकराचार्य इन दिनों काशी में प्रवास कर मनुस्मृति पर व्याख्यान दे रहे हैं। उन्होंने वृन्दावन के धर्माचार्यों से आह्वान किया कि वे किसी भी कीमत पर बांके बिहारी मन्दिर का अधिगृहण न होने दें। एक वीडियो सन्देश के माध्यम से शंकराचार्य ने कहा कि जब सरकार मन्दिर को अधिगृहित करके वहां सरकारी अधिकारी बैठा देगी तो भविष्य में फिर वहां धर्म की क्या व्यवस्था देखने को मिलेगी?

आश्चर्य है कि बातें अलग कहीं जा रही हैं और व्यवहार अलग तरह का किया जा रहा है। सरकार को परम्परा से चले आ रहे सनातनी मन्दिरों को अधगृहित करने का क्या अधिकार है? बांके बिहारी मंदिर में जो हमारे गोस्वामियों की परम्परा है उस परम्परा का हमें पोषण करना है। यदि बांके बिहारी मंदिर में कोई कमी या कोई गड़बड़ी भी हो रही है तब भी उस पर विचार कर उसको ठीक किया जाना चाहिए, न कि गड़बड़ी के नाम पर धर्मस्थान को सरकार अधिगृहित कर ले।

# मेरठ में एक के बाद 5 धमाके

### दहला इलाका, मकान की छत उड़ी



महानगर संवाददाता

मेरठ

यूपी के मेरठ जिले के कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर एक के बाद एक 5 विस्फोटों से पूरा इलाका दहल उठा। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जाहिदीयान में बुढ़ाना गेट चौकी के सामने ही गली में स्थित एक मकान में ये विस्फोट हुए। एक के बाद एक पांच धमाके हुए। धमाके इतने तेज थे कि पूरा इलाका सहम गया। विस्फोटक सामग्री गंधक और पोटाश में धमाका होने के कारण मकान की छत और दीवारें उड़ गईं। इस दौरान आसपास का पूरा इलाका दहल गया और ईंटें बिखर गईं। फिलहाल एक संदिग्ध को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

कोतवाली में बुढ़ाना गेट चौकी के सामने मोहल्ला जाहिदीयान में शादाब और शाहीन का मकान है। दोनों भाई ई रिक्शा चलाने और शादी समारोह में आतिशबाजी का काम करते हैं। इन्हीं लोगों ने घर की छत पर विस्फोटक भरके रखा था और कुछ पटाखे भी सुखाए हुए थे। मंगलवार को करीब 11:45 बजे अचानक की विस्फोटक सामग्री में धमाके हुए। एक के बाद एक पांच विस्फोट के कारण पूरा इलाका दहल गया और मकान की छत उड़ गई। एक तरफ की दीवार भी गिर गई। पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल बन गया। धमाके इतने तेज थे कि 100 मीटर दूर बुढ़ाना गेट चौकी तक इलाका दहल गया और धमाके की आवाज सुनाई दी।

धमाकों की आवाज सुनकर लोग दहशत में आ गए। थोड़ी ही देर में पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। इस दौरान मकान मालिक घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम भी बुला ली। फॉरेंसिक टीम ने आते ही मौके पर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। फिलहाल घर से कुछ विस्फोटक सामग्री और पटाखे बरामद हुए हैं। सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। छानबीन के लिए टीमें लगाई गई हैं। हादसे में एक बच्ची चोटिल बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि धमाकों के पीछे की सच्चाई का पता लगाया जा रहा है।

# वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर रिफाइंड से भरा टैंकर पलटा

### ग्रामीणों में तेल लूटने की मची होड़

महानगर संवाददाता

अमेठी

यूपी के अमेठी में वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर रिफाइंड ऑयल से भरा टैंकर पलट गया। जैसे ही इस बात की भनक आसपास के ग्रामीणों को चली तो वह डिब्बा-बाल्टी लेकर मौके पर पहुंच गए और जमीन पर गिरा तेल बटोरने लगे। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को वहां से हटाया। वहीं, किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के कमरौली थाना क्षेत्र में वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कठौरा के पास मंगलवार को सुबह रिफाइंड तेल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर सुल्तानपुर से लखनऊ की तरफ जा रहा था। टैंकर पलटते ही आसपास के ग्रामीणों को हूजुम उमड़



पड़ा और तेल लूटने की होड मच गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में डिब्बे और बाल्टी के साथ लोग मौके पर पहुंच गए और तेल भरकर अपने घर ले जाने लगे। हादसे में बाराबंकी केबहादुर हैदरगढ़ के रहने वाला टैंकर चालक रामराज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही कमरौली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल चालक को इलाज के लिए जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। पूरे मामले में थानाध्यक्ष कमरौली मुकेश कुमार ने बताया कि घायल ड्राइवर को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रायबरेली में ननद-भाभी को डंपर ने रौंदा

उधर, रायबरेली के सरेनी-सेमरी मार्ग पर वाहन का इंतजार कर रही ननद-भाभी को डंपर ने रौंद दिया। दोनों की मौके पर मौत हो गई। जबकि युवक बाल-बाल बच गया। सरेनी थाना क्षेत्र के बरुआ बाग मजरे रमईपुर कला गांव के रहने वाले आलोक कुमार सोमवार दोपहर अपनी भाभी नीतू (39) पत्नी अशोक कुमार व बहन अंजू (25) के साथ सेमरी जाने के लिए घर से निकले। तीनों सरेनी-सेमरी मार्ग के पूरे शीतलहन गांव के पास सड़क के किनारे वाहन का इंतजार कर रहे थे।

अंधविश्वास की आड़ में दरिंदगी

# संतान न होने पर तांत्रिक ने देवरों से कराया महिला का रेप

महानगर संवाददाता

बरेली

यूपी के बरेली से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां शादी के डेढ़ साल बाद भी बच्चा न होने पर एक शख्स अपनी पत्नी को तांत्रिक के पास ले गया। जहां तांत्रिक ने तंत्र-मंत्र की आड़ में पति की मौजूदगी में ही महिला को नशीला पदार्थ पिलाया। फिर युवक के भाइयों से रेप कराया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। जिसके बाद अब पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। ये घटना मीरगंज क्षेत्र के खमरिया आमजपुर का है। पीलीभीत के जहानाबाद की रहने वाली युवती की



शादी जून 2023 में प्रदीप के साथ हुई थी। शादी के बाद प्रदीप ने बीवी के साथ कई बार जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाए। डेढ़ साल से बच्चा न होने पर किसी ने प्रदीप को तांत्रिक के पास जाने की सलाह दी। इस पर प्रदीप बीवी को लेकर जब तांत्रिक के पास गया तो उसने बताया कि किसी दूसरे से संबंध बनाने पर महिला को बच्चे हो सकते हैं।

द्वारपूजा के बाद बिगड़ी बात

# दूल्हे की असलियत जान दुल्हन का चढ़ा पारा

### वधू पक्ष ने बारातियों को बनाया बंधक

महानगर संवाददाता

आजमगढ़

यूपी के आजमगढ़ से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक शादी समारोह में मामला तब बिगड़ गया जब फेरे लेने की बारी आई। शादी का कार्यक्रम शुरू हुआ तो पता चला कि दूल्हा दिव्यांग है। इस पर दुल्हन नाराज हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में विवाद हो गया। जिसके बाद वधू पक्ष ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बारातियों को बंधक बना लिया। उधर, खबर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद रात भर पंचायत चली। आखिर में ढाई लाख हर्जाना देने की बाद बारात बिन दुल्हन के ही वापस लौट गई।

ये घटना अहरौला थाना क्षेत्र के गहजी गांव



का है। जहां फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के नियाउज गांव से बारात आई थी। वधू पक्ष ने शादी की पूरी व्यवस्था की थी। मंगल गीतों के साथ द्वारपूजा की रस्म हुई। फिर मंडप में शादी का कार्यक्रम शुरू हुआ। इस दौरान पता चला कि दूल्हा एक हाथ से आंशिक रूप से दिव्यांग है। इस पर वधू पक्ष के लोगों ने शादी से इनकार कर दिया। जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया।

# विकास दुबे के साथी जय बाजपेई को हाईकोर्ट से जमानत

महानगर संवाददाता

प्रयागराज

कानपुर के बिकरू कांड के रूप में चर्चित एनकाउंटर के बाद पकड़ा गया कुख्यात गैंगस्टर विकास दुबे का साथी जय बाजपेई अब जेल से बाहर आ सकेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जयकांत बाजपेई को राहत देते हुए उसकी जमानत अर्जी शर्तों के साथ मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ ने जयकांत बाजपेई की दूसरी जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद दिया है।

दो जुलाई 2020 को कानपुर के बिकरू में पुलिस वालों ने गैंगस्टर विकास दुबे के घर पर छापेमारी की थी। इस दौरान विकास के साथियों ने पुलिस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। इस फायरिंग में आठ पुलिस वालों की मौत हो गई थी। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में पुलिस वालों की हत्या ने पूरे यूपी में सनसनी फैला दी थी। पुलिस ने भी बाद में विकास दुबे समेत उसके कई

### आठ पुलिस वालों की हत्या में है नाम



साथियों को मार गिराया था। जय बाजपेयी को भी आरोपी बनाते हुए छापेमारी हुई थी। कहा जाता है कि जयकांत बाजपेई राजनीतिक पहुंच के कारण सरेंडर करने में सफल हो गया था। तभी से वह जेल में है। पांच साल से जेल में बंद जयकांत बाजपेई की दूसरी जमानत अर्जी में कहा गया था कि वह कानपुर नगर के चौबेपुर थाने में दर्ज बिकरू कांड की एफआईआर में आरोपी है। इस मामले में उसकी पहली जमानत अर्जी 30 मई 2023 को खारिज कर दी गई थी।

कहा गया कि बिकरू में एफआईआर में 21 नामजद और 60-70 अज्ञात आरोपी हैं। याची के वकील ने कोर्ट को बताया कि मामले में अभियोजन पक्ष के 102 गवाह हैं और अब तक उनमें से केवल 13 की परीक्षा की गई है। सह अभियुक्त उमा शंकर यादव उर्फ टांके की पहली जमानत अर्जी खारिज होने के बाद गत आठ मई दूसरी अर्जी मंजूर कर जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया गया है। कहा गया ट्रायल के जल्दी निस्तारण की संभावना बहुत कम है। इसके साथ ही जिन आरोपियों की जमानत पहले खारिज कर दी गई थी, उन्हें इस न्यायालय द्वारा जमानत दी गई है। याची का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह 20 जुलाई 2020 से जेल में बंद है इसलिए उसकी जमानत मंजूर की जाए।

# बहराइच में एक बार फिर जंगली जानवर का आतंक

### मां की गोद से मासूम को उठा ले गया, क्षत-विक्षत शव मिला

महानगर संवाददाता

बहराइच

बहराइच में एक बार फिर महसी इलाके में संदिग्ध जीव मां के साथ सो रहे बच्चे को उठा ले गया। जिसका क्षत-विक्षत शव घर से कुछ दूरी पर खेत मे मिला। भेड़िए के हमले झेल चुके इस इलाके में घटना की पुनरावृत्ति से वन विभाग सकते में आ गया है। फिलहाल डिवीजन भर की टीमें इलाके में बुला ली गई हैं तथा ड्रोन कैमरे से भी हमलावर की तलाश हो रही है।

महसी इलाके के गदामार में महिला अपने मायके आई हुई थी जहां वह अपने दो बच्चों के साथ घर के बरामदे में सो रही थी। तभी लगभग रात साढ़े



बारह कोई अज्ञात जानवर 2 वर्षीय आयुष को मां की गोद से उठा ले गया। जानवर का हमला इतना तेज था कि वह जानवर बच्चे को लेकर किधर भाग गया यह घर के सदस्य भी नहीं देख पाए। जब कुछ देर बच्चा नहीं मिला तो इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। चार बजे सुबह वन विभाग की टीम भी पहुंच गई और उसने पगमार्क की सहायता से जब ढूंढा तो लगभग 5 बजे बच्चे का शव मिला। जिसके हाथ और पैर का कुछ हिस्सा गायब था और गर्दन पर दांत के निशान थे। दोबारा इस इलाके में शुरू हुए जानवर के हमले से ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं।

# गोंडा में 2 बाइकों की टक्कर में मां-बेटे समेत 3 की मौत

**गोंडा।** यूपी के गोंडा जिले में भीषण हादसा हो गया है। यहां मोतीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत फरेंदा पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में मां और बेटे समेत तीन की मौत हो गई। घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है जहां महिला जिंदगी और मौत से जूझ रही है। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि मोतीगंज थाना क्षेत्र के सोठिया गांव निवासी मीना पत्नी राम मनि यादव अपने बेटे रंजीत पुत्र राममनि यादव और बिंदु के साथ मंदिर में दर्शन करने जा रही थी। रास्ते में उनकी बाइक की आमने-सामने से गढ़ी के सवतिहवा गांव निवासी मनोज



बर्मा पुत्र दयाराम की बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में मीना, रंजीत और मनोज की मौत हो गई। दुर्घटना में सोठिया गांव निवासी विन्दु पत्नी सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गई है। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। शोरशराबा सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पुलिस ने घायल को अस्पताल भेज दिया है। जहां महिला का इलाज चल रहा है।

# बदायूं में शराब खरीदने गए युवक से पहले हुई कहासुनी

### फिर महिला ने कर दिया बड़ा कांड

महानगर संवाददाता

बदायूं

उत्तर प्रदेश के बदायूं में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां जिले के बिसौली नगर में एक महिला काफी लंबे समय से अवैध तरीके से दारू बेचने को लेकर बदनाम है। लेकिन आबकारी विभाग के जिम्मेदार हो या फिर पुलिस विभाग के उस पर कानूनी कार्रवाई करने से कतराते नजर आते हैं। ऐसा नहीं की मोहल्ले के लोगों ने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस हो या फिर अफसरों न की हो, लेकिन महिला के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। चूंकि महिला होने का फायदा उठाते हुए महिला




उल्टा उसी पर आरोप प्रत्यारोप मढ़ कानूनी कार्रवाई से बच जाती है। मोहल्ले के लोग भी महिला से काफी तंग आ चुके हैं।

दरअसल, पूरा मामला बदायूं के बिसौली नगर के गुलाबबाग का है। यहां एक महिला अवैध रूप से अपने घर पर सालों से शराब बेचने के लिए बदनाम है। महिला अवैध तरीके से शराब बेचकर कर रातों रात करोड़ पति बन चुकी है। इसकी चर्चा पूरे मोहल्ले में है। शाम होते ही उसके घर पर शराबियों का जमावड़ा रहता है। ठेके अपनी टाइमिंग पर बंद हो जाते है। इसके बाद शराबी उसके घर शराब खरीदने पहुंच जाते हैं। महिला उनको अधिक मुनाफे पर दारू बेचती है, जिससे उसे मोटा मुनाफा हर रोज होता है। आरोप है कि बंटी नाम का एक युवक उसके यहां शराब खरीदने पहुंच गया। महिला ने उसे शराब का क्वार्टर्स दिया और ज्यादा रेट की डिमांड करने लगी।

# बारात के दौरान कार निकालने को लेकर बवाल

### चले पत्थर, 10 घायल

**अमरोहा।** यूपी के अमरोहा के गजरौला क्षेत्र में बारात चढ़त के दौरान रास्ते से कार निकालने को लेकर यादव समाज के लोगों व जाटव समाज के बारातियों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर जमकर मारपीट हुई, पथराव भी किया गया। दस बाराती घायल हो गए। आरोपियों ने सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ भी अभद्रता की। फायरिंग करने का भी आरोप है। हालांकि पुलिस फायरिंग होने से इनकार कर रही है। मुरादाबाद जिले के गांव भोपुर मिठोनी से गजरौला थाना क्षेत्र के गांव रहदरा निवासी जाटव समाज के रामगोपाल की दो बेटियों की बारात सोमवार को आई थी। देर शाम बारात चढ़त हो रही थी। आरोप है कि रहदरा निवासी यादव समाज के चार युवक कार में सवार होकर आए व रास्ते से बारात हटाने की बात कहने लगे।

इसे लेकर बारातियों और यादव समाज के लोगों के बीच झगड़ा होने लगा। विवाद बढ़ने पर यादव समाज के अन्य लोग भी वहां पहुंच गए।

# मैं नहीं रहूंगा तो पत्नी परिवार को फंसाने की देती थी धमकी

### पति ने खुद को गोली से उड़ाया

**मेरठ।** मेरठ में कोतवाली के भाटवाड़ा निवासी युवक ने पत्नी से विवाद और आए दिन मुकदमे की धमकी से परेशान होकर घर में ही गोली मारकर सुसाइड कर लिया। करीब तीन साल पहले रमन की शादी सोनीपत के लाडपुर निवासी संस्कृति से हुई। करीब डेढ़ माह पहले पत्नी विवाद के बाद अपने घर चली गई और वहां से लगातार मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दे रही थी। अपने माता-पिता पर मुकदमे से धमकी से रमन ज्यादा परेशान था और अवसाद में था। उसने कहा भी था कि मैं नहीं रहूंगा तो संस्कृति तुम लोगों को परेशान नहीं करेगी। कोतवाली के



भाटवाड़ा मोहल्ला निवासी रमन शर्मा अपने पिता भारतभूषण शर्मा के साथ सूरजकुंड श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कराया करते थे। रविवार को कोतवाली में ही जामा मस्जिद के पास भारत भूषण ने एक नया फ्लैट खरीदा था और इसका गृह प्रवेश कराया था। पूरा परिवार यहीं पर मौजूद था। शाम को सभी लोग भाटवाड़ा स्थित पुराने मकान पर लौट आए, जबकि रमन रात करीब नौ बजे वापस आया।

# बकरीद पर कुर्बानी को लेकर राजनीति गरमाई


### AIMIM प्रवक्ता ने पूछा-जीव हत्या का जिन्न सिर्फ बकरीद पर ही क्यों निकलता है

महानगर संवाददाता

लखनऊ

पूरे देश में ईद उल अजहा यानी बकरीद का त्योहार 7 जून को मनाया जाएगा। बकरीद को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिम्मेदार अधिकारियों को जरूर दिशा निर्देश दे दिए हैं। वहीं बकरीद के मौके पर होने वाली कुर्बानी को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की माने तो ईद उल अज़हा यानी बकरीद में हर साहिब-ए-हैसियत मुसलमान पर कुर्बानी करना वाजिब है।

कुर्बानी करना कोई रस्म नहीं बल्कि खुदा पाक की पसंदीदा इबादत है। वहीं कुर्बानी को लेकर देश में राजनीति शुरू हो गई है। इसको लेकर आईएमईआई प्रवक्ता असीम वकार ने कहा कि जीव हत्या का जिन सिर्फ बकरीद पर ही क्यों




निकलता है, पूरे साल यह जिन कहा छुपा रहता है। पूरे साल इनके दिलों से पशु प्रेम बाहर क्यों नहीं आता है। साथ ही गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की है।

#### मुसलमान और बकरीद पर विवाद तेज

एआईएमआईएम प्रवक्ता असीम वकार ने कहा कि काफी समय से देखा जा रहा है कि बकरीद आते ही बहुत से गैंग सक्रिय हो जाते हैं कि जीव हत्या पाप है। मुसलमान क्रूर है, मुसलमान बर्बर है। उन्होंने कहा कि ये बकरीद पर ही जीव हत्या और जानवरों से प्रेम क्यों याद आ जाता है। असीम वकार ने कहा कि भारत में हर साल 350 करोड़ मुर्गे गोश्त के लिए काटे जाते हैं।

#### 25 करोड़ बकरे-भेड़ काटते जाते हैं

इसी तरह हर साल 25 करोड़ से ज्यादा बकरे औक भेड़ गोश्त के लिए काटे जाते हैं, इसलिए पूरे साल आपका जीव प्रेम कहा चला जाता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी विधायक नंद किशोर गुर्जर बयान दे रहे हैं कि जीव हत्या पाप है। जीवो की सुरक्षा की बात कह रहे हैं। इसी तरह तेलंगाना से टी राजा बड़े बयान दे रहा है। असीम वकार ने कहा कि महाराष्ट्र के छोटे नेता नीतीश राणे भी बहुत बयान दे रहे हैं।

# आतंकवाद पर सभी देशों को एकजुट होकर लड़ने की जरूरत

## डॉ. श्रीकांत शिंदे का लाइबेरिया गणराज्य की संसद में प्रभावशाली भाषण

**महानगर नेटवर्क**
**मोनरोविया (लाइबेरिया)**

आतंकवाद सभी सीमाओं का उल्लंघन करते हुए फैल चुका है। भारत द्वारा शुरू किए गए आतंकवाद के खिलाफ मुहिम में अब दुनिया भर के सभी देशों को एकजुट होकर लड़ने का वक्त आ गया है। इस प्रकार का प्रखर व प्रभावशाली विचार भारतीय सांसदों के प्रतिनिधि मंडल के नेता सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने व्यक्त किया है। लाइबेरिया गणराज्य के संसद को संबोधित करते वक्त सांसद डॉ. शिंदे ने आतंकवाद विरोधी भारत की भूमिका को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से पेश किया। इस दौरे से सिएरा लिओन और लाइबेरिया गणराज्य इन पश्चिम अफ्रीका के दो देशों के संसद को संबोधित करने का सौभाग्य पाने वाले डॉ. श्रीकांत शिंदे एकमात्र भारतीय सांसद हैं।



सांसद डॉ. शिंदे ने कहा कि भारत पिछले कई वर्षों से आतंकवादी हमलों और सीमा पार से होने वाले आतंकवाद से पीड़ित है। आतंकवाद की सच्चाई बयान करने के लिए हम सर्वदलीय सांसद यहां आये हैं। सभी देशों को आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में भारत के साथ खड़े होने का विनम्र निवेदन करते हैं और इसे वैश्विक स्तर पर अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है। वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस (शून्य सहनशीलता) की नीति अख्तियार करने के लिए सभी देशों को एकजुट होने का वक्त आ गया है। लाइबेरिया गणराज्य संसद के सभापति रिचर्ड नाग्बे कून और उप सभापति थॉमस पी. फल्लाह ने भारतीय प्रतिनिधि मंडल का स्वागत किया। सिनेट के अध्यक्ष न्यूब्ली कारंगा लॉरेन्स के साथ हुई मीटिंग में डॉ. शिंदे ने कहा कि पाकिस्तान को कई वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से वित्तीय सहायता मिल रही है। पाकिस्तान को 'एफएटीएफ' के ग्रे लिस्ट में भी डाला गया था। महत्वपूर्ण बात यह है कि आतंकवादी संगठन पाकिस्तान में ही फलते फूलते हैं और पाकिस्तान इन आतंकवादी संगठनों को प्रायोजित किया जाता है। इसलिए इस बार भारत ने पाकिस्तान को 'एफएटीएफ' के ग्रे लिस्ट में शामिल करने की मांग की। इसके साथ ही डॉ. शिंदे ने आगे कहा कि लाइबेरिया के मुश्किल समय में भारत ने हमेशा साथ दिया है। दोनों देशों के बीच विशेष प्रकार का संबंध है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य बनने वाले लाइबेरिया की ओर से आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई जायेगी, इस प्रकार का विश्वास सांसद डॉ. शिंदे ने व्यक्त किया है।

सांसद डॉ. शिंदे और प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को लाइबेरिया गणराज्य के अध्यक्ष जोसेफ न्युमा बोकाई और इसके साथ ही विदेश मंत्री साराह बेस्लो न्यान्ती के साथ भी चर्चा की। भारत के आतंकवाद विरोधी मुहिम को लाइबेरिया गणराज्य ने मजबूत समर्थन दिया है, इस प्रकार की जानकारी सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने दी है। लाइबेरिया गणराज्य संसद के सभापति रिचर्ड नाग्बे कून ने कहा कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए पश्चिम अफ्रीका के चार देशों की एकजुटता महत्वपूर्ण है। सिनेट वरिष्ठ सदन के प्रो-टेम्पोर अध्यक्ष न्योनब्ली करंगा-लॉरेन्स के आदेश पर इस दौरान लाइबेरिया संसद में पहलगाम हमले में मारे गये भारतीय लोगों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### भारतीय प्रतिनिधि मंडल का शानदार स्वागत

भारत द्वारा शुरू किये गये आतंकवाद विरोधी मुहिम को वैश्विक स्तर पर समर्थन मिले इस मकसद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार डॉ. श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय सांसदों का प्रतिनिधि मंडल अफ्रीकी देशों के दौरे पर है। इस दौरे के अंतिम चरण में प्रतिनिधि मंडल लाइबेरिया गणराज्य की राजधानी मोन्रोविया रविवार को पहुंचा। इस दौरान लाइबेरिया सरकार की ओर से भारतीय प्रतिनिधि मंडल का शानदार स्वागत किया गया। सांसद डॉ. शिंदे और प्रतिनिधि मंडल ने मोन्रोविया के गुरुद्वारा गए। इसके साथ ही लाइबेरिया में बसे भारतीय समुदाय को भी डॉ. श्रीकांत शिंदे ने संबोधित किया। भारत के सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व करने का अवसर प्रदान करने के लिए डॉ. श्रीकांत शिंदे ने इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

# हरिद्वार जमीन घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई

## धामी सरकार ने दो IAS और एक PCS अफसर समेत 12 को सस्पेंड किया

**महानगर नेटवर्क**
**देहरादून**



हरिद्वार जमीन घोटाले में उत्तराखंड की धामी सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में दो आईएएस और एक पीसीएस अफसर समेत कुल 12 लोगों को सस्पेंड कर दिया गया है। मामले में डीएम, एसडीएम और पूर्व नगर आयुक्त पर भी गाज गिरी। अब विजिलेन्स जमीन घोटाले की जांच करेगी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से यह जानकारी दी गई। निलंबित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की जाएगी। बयान में कहा गया है कि जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) कामेंद्र सिंह, पूर्व नगर आयुक्त (एमसी) वरुण चौधरी और सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) अजयवीर सिंह सहित कुल 12 अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इस घोटाले में भूमि आवंटन और हस्तांतरण में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं शामिल हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णय राज्य की प्रशासनिक संस्कृति में निर्णायक बदलाव का संकेत हैं।

इससे पहले 25 मई को राज्य में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए एक और कदम उठाते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से चलाने और धर्मांतरण से संबंधित मामलों में अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

# 1 नवंबर से दिल्ली में सिर्फ इन वाहनों को मिलेगी एंट्री

## CM रेखा गुप्ता बोलीं – राजधानी के प्रवेश बिंदुओं पर लगाएंगे ANPR कैमरा




**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

देश की राजधानी नई दिल्ली में वायु प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। इस समस्या को कम करने के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी में वायु प्रदूषण शमन योजना 2025 की शुरुआत की है। इस दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ दिल्ली उनका सपना है।

वायु प्रदूषण शमन योजना 2025 की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण के लिहाज से सबसे ज्यादा संवेदनशील 13 इलाकों में 'मिस्ट स्प्रेयर' लगाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मैं चाहती हूं कि एक नवंबर से राजधानी में केवल बीएस-6, इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों का प्रवेश हो।

रेखा गुप्ता ने कहा कि एक नवंबर 2025 से दिल्ली आने वाले वाहनों को BS-6, सीएनजी या फिर EV कमर्शियल वाहन होना चाहिए। हम मिलकर ही दिल्ली में प्रदूषण की बड़ी समस्या से डील कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली के सभी प्रवेश बिंदुओं पर ANPR – ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रजिस्ट्रेशन रिकॉग्निशन कैमरा लगाएंगे। ये कैमरे उन वाहनों की पहचान करेंगे, जिनकी लाइफ खत्म हो चुकी है और वो प्रदूषण फैला रहे हैं। इन वाहनों को तुरंत ट्रेस किया जाएगा और रोका जाएगा। उन्होंने बताया कि एंड ऑफ लाइफ व्हिकल का पता लगाने के लिए ANPR कैमरे पेट्रोल पंप पर भी लगाए जाएंगे।

### रेखा गुप्ता ने और क्या कहा?

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन परियोजनाओं का निर्माण स्थल 500 वर्ग मीटर से अधिक है, उन्हें प्रदूषण कार्य योजना के तहत डीपीसीसी के साथ अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए पीयूसीसी केंद्रों का हर छह महीने में ऑडिट किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मेट्रो स्टेशन पर 2,300 ई-ऑटो तैनात किए जाएंगे।

बिहार चुनाव से पहले EC का बड़ा कदम

# वोटिंग परसेंट पर मिल सकेगी सटीक और त्वरित जानकारी

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा है कि वह अनुमानित मतदान प्रतिशत आंकड़ों पर समय पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक सुव्यवस्थित एवं प्रौद्योगिकी-संचालित VTR प्रणाली शुरू कर रहा है। इससे पहले की पुरानी पद्धतियों से लगने वाला समय-अंतराल काफी कम हो जाएगा। आयोग द्वारा की जा रही ये बदलाव की पहल बिहार चुनाव से ऐन पहले हो रहा है।




इस पहल के तहत प्रत्येक मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी अब मतदान के दिन हर दो घंटे में नए ECINET एप्लीकेशन पर सीधे मतदाता उपस्थिति दर्ज करेंगे, ताकि अनुमानित मतदान रुझानों को अद्यतन करने में लगने वाले समय को कम किया जा सके। निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर इसे स्वचालित रूप से एकत्रित किया जाएगा।

**वोटिंग परसेंट का डेटा हर दो घंटे पर होता रहेगा प्रकाशित**

निर्वाचन आयोग ने एक बयान जारी कर कहा है कि अनुमानित मतदान प्रतिशत डेटा पहले की तरह हर दो घंटे में प्रकाशित होता रहेगा। इसमें कहा गया है, ''विशेष रूप से, मतदान समाप्ति के तुरंत बाद, मतदान केंद्र छोड़ने से पहले मतदाता मतदान डेटा अब पीठासीन अधिकारी द्वारा ईसीआईएनईटी में दर्ज किया जाएगा।

### CEC ज्ञानेश कुमार की पहल

चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49एस के वैधानिक ढांचे के तहत, पीठासीन अधिकारियों (पीआरओ) को पोलिंग एजेंटों को दर्ज किए गए मतों का विवरण देने वाला फॉर्म 17सी प्रस्तुत करना आवश्यक है। नई व्यवस्था में भी यह परंपरा जारी रहेगी लेकिन समय-समय पर वीटीआर ऐप को अपडेट करने की प्रक्रिया तेजी से हेती रहेगी। बयान में कहा गया है, यह पहल समय पर सार्वजनिक संचार सुनिश्चित करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने विभिन्न अवसरों पर स्पष्ट किया है।

# बकरीद पर खुले में जानवरों की कुर्बानी की इजाजत नहीं

## DM बोले- आदेश न मानने वालों पर होगा एक्शन



**महानगर नेटवर्क**
**संभल**

सात तारीख को पूरे देश में बकरीद का त्योहाकर मनाया जाएगा। बकरीद के त्योहार पर संभल में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। जिले के डीएम राजेंद्र पेन्सिया ने मंगलवार को बताया कि बकरीद के त्योहार के दौरान सार्वजनिक जगहों पर कुर्बानी देने की इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

### मौलानाओं को दी गई ये सलाह

संभल में जिला प्रशासन ने तमाम मौलाना और मौलवियों को सलाह दी है कि वे सात जून से नौ जून के बीच कुर्बानी की रस्म को पूरी कर लें। संभल डीएम ने बताया कि एहतियाती उपायों के तौर पर लगभग 900 से 950 व्यक्तियों के खिलाफ निवारक उपाय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शांति भंग करने के किसी भी प्रयास के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के युवक के साथ पुलिस बर्बरता

## घुटना रख दबाई गर्दन, कोमा में पहुंचे

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर स्थानीय पुलिस ने कथित रूप से बर्बरता जैसी कार्रवाई की। इससे उसके मस्तिष्क में गंभीर चोट आई है और वह कोमा में है। इस घटना ने ठीक पांच साल पहले अमेरिका में अश्वेत व्यक्ति जॉर्ज फ्लॉयड के साथ हुई ऐसी ही घटना की याद दिला दी। उसमें जॉर्ज फ्लॉयड की मौत हो गई थी। घटना को लेकर दुनिया भर में विरोध प्रदर्शन हुआ था।



ऑस्ट्रेलिया के एडीलेड में स्थानीय पुलिस की कथित तौर पर बर्बरता के शिकार बने भारतीय मूल के 42 वर्षीय गौरव कुंडी की हालत बेहद नाजुक है और वह कोमा में हैं। घटना 29 मई की है। आरोप है कि पुलिस ने गिरफ्तारी के दौरान उनकी गर्दन पर घुटना रख दिया, जिससे वे बेहोश हो गए। बाद में उनको बेहोशी हालत में रॉयल एडिलेड अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उनकी साथी अमृतपाल कौर जोर-जोर से चिल्ला रही हैं कि गौरव ने कुछ गलत नहीं किया।

# आतंकियों को पालने वाला पाकिस्तान फिर बेनकाब

## हाफिज सईद के करीबियों संग मंच पर बड़ा नेता

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की विधानसभा के अध्यक्ष मलिक अहमद खान अपनी हरकतों को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने मुंबई आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के नेतृत्व वाले प्रतिबंधित जमात-उद-दावा की ओर से आयोजित रैली में संगठन के शीर्ष नेताओं के साथ मंच साझा किया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (PML-N) के नेता खान के पाकिस्तान की सेना के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। मलिक अहमद खान ने 28 मई को कसूर में रैली में भाग लिया था। उन्होंने भारतीय नेतृत्व के खिलाफ उग्र भाषण दिया था और पहलगाम आतंकवादी हमले को फाल्स फ्लैग ऑपरेशन करार दिया था। फाल्स फ्लैग आपरेशन उस अभियान को कहते हैं जिसे कोई एक पक्ष अंजाम देता है, लेकिन उसे इस तरह से किया जाता है कि वह किसी दूसरे पक्ष की ओर से अंजाम दिया गया प्रतीत हो। मलिक अहमद खान ने जेयूडी नेताओं सैफुल्लाह कसूरी, सईद के बेटे हाफिज तल्हा और कई अन्य व्यक्तियों के साथ मंच साझा किया। कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (TLP) का प्रमुख साद हुसैन रिजवी भी मौजूद था। जब पत्रकारों ने खान से जेयूडी की रैली में उनकी उपस्थिति के बारे में पूछा, तो उन्होंने सोमवार को उल्टे सवाल किया कि बिना सबूत के वह (सैफुल्लाह) संदिग्ध कैसे हो सकता है?' खान ने दावा किया, 'पाकिस्तान ने भारत से कहा था कि वह पहलगाम घटना में उसकी संलिप्तता के सबूत दे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। हमने मामले की जांच के लिए एक तटस्थ निकाय की पेशकश भी की थी, जिसे उसने खारिज कर दिया। उसने पाकिस्तान पर हमला करने का चयन किया, जिस पर पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की और कुछ ही घंटे में उसे मुंहतोड़ जवाब दिया।' विधानसभा अध्यक्ष खान ने रैली में अपनी उपस्थिति को उचित ठहराते हुए कहा कि यह उनके निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित की गई थी और उस मंच से उन्होंने शांति का संदेश दिया। मंगलवार को कसूरी ने प्रतिबंधित समूह की राजनीतिक शाखा - पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग की ओर से आयोजित रैली में हिस्सा लेने के खान के साहसिक रुख के वास्ते उन्हें धन्यवाद दिया।



# अब अंडरवाटर 1100 KG विस्फोटक से उड़ाया पुल

## तीन दिनों में रूस पर यूक्रेन का दूसरा बड़ा हमला

**महानगर नेटवर्क**
**कीव**

रविवार को ऑपरेशन स्पाइडरवेब लॉन्च कर रूस को बड़ा झटका देने वाले यूक्रेन ने अब तीसरे दिन अंडरवाटर विस्फोट कर दुश्मन देश को फिर से हिला दिया है। यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (SBU) ने मंगलवार को कहा कि उसने रूस और क्रीमिया प्रायद्वीप को जोड़ने वाले सड़क और रेल पुल को अंडरवाटर विस्फोटकों से उड़ा दिया है। SBU ने टेलीग्राम ऐप पर एक बयान में कहा कि उसने 1100 किलोग्राम TNT विस्फोटक का इस्तेमाल कर इस पुल को मंगलवार को सुबह-सुबह विस्फोट कर उड़ा दिया। इस विस्फोट से पुल के पानी के नीचे के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। इससे रूस का क्रीमिया से संपर्क बाधित हुआ है। यह पुल यूक्रेन में तैनात रूसी सेना को रसद और हथियार पहुंचाने का प्रमुख मार्ग था। दूसरी तरफ, इस पुल पर नियमित स्थिति अपडेट देने वाले आधिकारिक रूसी आउटलेट ने कहा है कि पुल पर आवागमन स्थानीय समयानुसार सुबह 4 बजे से सुबह 7 बजे के बीच लगभग तीन घंटे के लिए निलंबित कर दिया गया था। हालांकि, रूसी आउटलेट ने इस अस्थायी बंदी की कोई वजह नहीं बताई थी। बाद में आउटलेट ने कहा कि पुल को फिर से खोल दिया गया है और यह सामान्य रूप से काम कर रहा है। एसबीयू ने अपने बयान में कहा कि इससे पहले, हमने 2022 और 2023 में दो बार क्रीमिया पुल को उड़ाया था। इसलिए आज हमने पानी के नीचे विस्फोट कर उसे उड़ाने की परंपरा को जारी रखा। एसबीयू ने ये भी कहा है कि इस ऑपरेशन की तैयारी कई महीनों से की जा रही थी। एसबीयू ने इस हमले का वीडियो फुटेज भी साझा किया है, जिसमें पुल के खंभों के बीच विस्फोट होता दिखाया गया है। बता दें कि रविवार को यूक्रेन ने सबसे घातक हमला कर रूस के चार एयरबेस पर तैनात 40 से ज्यादा लड़ाकू विमानों को ड्रोन अटैक में तबाह कर दिया था।



# JNU में कुलपति की जगह होगा कुलगुरु

## खुद वाइस चांसलर ने बताई वजह

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

जवाहर लाल यूनिवर्सिटी में बड़ा फैसला लिया गया है। यहां अब कुलपति शब्द की जगह कुलगुरु कहा जाएगा। जानकारी के मुताबिक ये फैसला लिंग-समावेशी कदम उठाते हुए लिया गया है। जानकारी के मुताबिक यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर शांतिश्री धुलीपुडी पंडित ने खुद इस प्रस्ताव को एग्जीक्यूटिव काउंसिल की बैठक के सामने रखा था जिसमें सहमति भी मिल गई। इस बारे में जानकारी देते हुए जेएनयू की कुलपति प्रोफेसर शांतिश्री धुलीपुडी पंडित ने कहा कि कुलगुरु लिंग-निरपेक्ष है। गुरु एक अकादमिक प्रमुख के लिए सही शब्द है, और यह सभी भारतीय भाषाओं में भी है। इस बीच, 'पति' शब्द कई अन्य चीजों को दर्शाता है। यही कारण है कि मुझे लगा कि 'कुलगुरु' ज्यादा सही लगा। जानकारी के मुताबिक ये फैसला इसी साल यानी 2025 में ही लागू हो सकता है। इसे डिग्री सर्टिफिकेट और अन्य डॉक्यूमेंट्स में शामिल किया जाएगा। यानी वाइस चांसलर अब जिन दस्तावेज पर हस्ताक्षप करेंगी, उनमें कुलपति की जगह कुलगुरु लिखा नजर आएगा।



# सरकारी नौकरियों में स्थानीय लोगों को मिलेगा 85% आरक्षण

## लद्दाख पर केंद्र सरकार का बड़ा ऐलान

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए नए आरक्षण और अधिवास नियम घोषित किए हैं। इसके तहत स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरियों में 85 फीसदी आरक्षण दिए जाएंगे। इसके अलावा लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषदों की कुल सीटों में से एक तिहाई सीट महिलाओं के लिए भी आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। एक अन्य फैसले में अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, भोटी और पुरगी भाषा को लद्दाख में आधिकारिक भाषा बनाया गया है। इस कदम का उद्देश्य स्थानीय हितों की रक्षा करना है, जहां पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को 2019 में हटाए जाने के बाद लद्दाख के लोग अपनी भाषा, संस्कृति और भूमि की रक्षा के लिए संवैधानिक सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।



### कौन कहलाएंगे मूल निवासी

कई अधिसूचनाओं के अनुसार, नौकरियों तथा स्वायत परिषद में आरक्षण, अधिवास और भाषाओं से संबंधित नीतियों में किए गए बदलाव मंगलवार से ही प्रभावी हो जाएंगे। नए नियमों के तहत, जो लोग केंद्र शासित प्रदेश में 15 साल की अवधि तक निवास कर चुके हैं या सात साल की अवधि तक अध्ययन कर चुके हैं और केंद्र शासित प्रदेश में स्थित किसी शैक्षणिक संस्थान में कक्षा 10वीं या 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए हैं, वे केंद्र शासित प्रदेश के तहत किसी भी पद पर या 'कैंटोनमेंट बोर्ड' के अलावा किसी स्थानीय या अन्य प्राधिकरण के तहत नियुक्ति के प्रयोजनों के लिए लद्दाख के मूल निवासी होंगे।

# पंजाब में पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** पंजाब के तरनतारन जिले के रहने वाले एक व्यक्ति को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा कर रहा था। पुलिस ने एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है, जिसमें ऐसी जानकारी थी, जिसे उसने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों (पीआईओ) के साथ साझा किया था।

पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि काउंटर-इंटेलिजेंस-पंजाब से मिली सूचना के आधार पर तरनतारन पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में गगनदीप सिंह उर्फ गगन को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान आईएसआई और गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी साझा कर रहा था।

जांच में पता चला है कि वह सेना की तैनाती और रणनीतिक स्थानों सहित वर्गीकृत विवरण साझा करने में लगा हुआ था, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता था। गगनदीप सिंह पिछले पांच वर्षों से पाकिस्तान स्थित खालिस्तानी समर्थक गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था, जिसके माध्यम से उसे पाकिस्तानी खुफिया संचालकों (पीआईओ) से मिलवाया गया था।

# भारत ने 20 नहीं, 28 इलाके तबाह किए

## पाकिस्तान ने डोजियर में कुबूल की घातक स्ट्राइक !

**महानगर नेटवर्क**
**इस्लामाबाद**

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पिछले महीने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। इस सैन्य अभियान के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया था। इसके अलावा 11 एयरबेस को भी निशाना बनाया गया था। हालांकि, पाकिस्तान के एक आधिकारिक दस्तावेज (डोजियर) में नया खुलासा हुआ है। दरअसल, पाकिस्तान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में 'ऑपरेशन बुनयान उन मरसूस' चलाया था। इससे जुड़े डोजियर में उसने स्वीकार किया है कि भारत ने सात अतिरिक्त ठिकानों पर भी हमले किए। डोजियर में दिखाए गए नक्शों में पेशावर, झांग, सिंध में हैदराबाद, पंजाब में गुजरात, बहावलनगर, अटक और छोर इलाकों पर हमले दिखाए गए हैं। पिछले महीने हवाई हमलों के बाद मीडिया ब्रीफिंग में भारतीय वायु सेना या सैन्य महानिदेशक (डीजीएमओ) ने इन स्थानों का जिक्र नहीं किया था। इस नए खुलासे से पता चलता है कि भारत ने जिन इलाकों में हमले करने की बात की स्वीकार की थी, उससे कहीं अधिक गहराई में जाकर हमले किए गए थे। इससे यह बात भी समझ में आती है कि पाकिस्तान ने भारत से संघर्ष विराम की गुहार क्यों लगाई थी। इस खुलासे से पाकिस्तान के उस दावे पर भी सवाल खड़ा होता है, जिसमें उसने कहा था कि उसने भारत को बड़ा नुकसान पहुंचाया।




### कुछ ठिकानों के नाम न बताना भारत की रणनीति?

भारतीय सशस्त्र बलों ने इससे पहले कई मीडिया ब्रीफिंग में ऑपरेशन सिंदूर की विस्तार से जानकारी दी थी और बताया था कि ये हमले कितनी सटीकता और योजना से किए गए। अब यह माना जा रहा है कि भारत की ओर से कुछ ठिकानों के नाम न बताना एक रणनीतिक फैसला था, जिससे पाकिस्तान खुद ही नुकसान की असली तस्वीर उजागर करे और भविष्य में वह कोई झूठा दावा न कर सके।

# शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालती थी छात्रा


## • कंप्यूटर इंजीनियरिंग प्रशिक्षु ने की आत्महत्या

**शिमला।** जवाहर लाल नेहरू राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सुंदरनगर में कंप्यूटर इंजीनियरिंग प्रशिक्षु की आत्महत्या मामले में आरोपी छात्रा को 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामले में मृतक अर्पित की मां ने सुंदरनगर पुलिस थाना में आरोपी छात्रा के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने सुसाइड नोट और माता की शिकायत के बाद प्रशिक्षु छात्रा पर आत्महत्या के लिए उकसाने पर मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया था। सोमवार को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद उसे फिर से कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले में अब फॉरेंसिक रिपोर्ट्स का विश्लेषण होना बाकी है। इसके अलावा कॉलेज के होस्टल में सीसीटीवी फुटेज की भी छानबीन की जा चुकी है। मृतक अर्पित की मां का आरोप है कि प्रथम वर्ष की एक छात्रा उसे ब्लैकमेल कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करती थी। प्रशिक्षु छात्रा शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करती थी। इसी से तंग आकर युवक ने फंदा लगाया था।




# महेश नवमी भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित

**महेश नवमी भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित एक पावन पर्व है। महेश नवमी इस बार 4 जून को है। यह दिन विशेष रूप से भगवान महेश यानी कि शिवजी की कृपा प्राप्त करने, जीवन के संकटों को दूर करने और पारिवारिक सुख-शांति हेतु मनाया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से सैनी समाज द्वारा बड़े उत्साह से मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन उनके पूर्वजों ने क्षत्रिय धर्म को स्वीकार कर धर्म की रक्षा का संकल्प लिया था। यह पर्व मुख्य रूप से सैनी समाज द्वारा बड़े उत्साह से मनाया जाता है। मान्यता है कि भगवान शिव ने 72 क्षत्रियों को शाप से मुक्त किया था। इसलिए उनका वंश माहेश्वरी कहलाया। इस दिन पूजा करने से इच्छाएं पूरी होती हैं। साथ ही, पूर्व जन्म के पापों से भी मुक्ति मिलती है। आइए आपको बताते हैं महेश नवमी की तिथि, पूजा का मुहूर्त और इस दिन करने के लिए शिवजी की पूजा के कुछ खास उपाय।**



## महेश नवमी की पूजा विधि

महेश नवमी की पूजाविधि में प्रात: स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करने के बाद पूजा स्थल को गंगाजल से शुद्ध किया जाता है। भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्ति या चित्र को स्थापित कर उन्हें जल, दूध, पंचामृत, चंदन, फूल, बेलपत्र, धतूरा, भस्म, और अक्षत से पूजन किया जाता है। माता पार्वती को सिंदूर, चूड़ी, श्रृंगार सामग्री अर्पित की जाती है। व्रती ॐ नम: शिवाय या ॐ महेश्वराय नम:" मंत्र का जप करते हुए पूजा करते हैं। पूजन के बाद महेश नवमी व्रत कथा का श्रवण किया जाता है, फिर आरती कर प्रसाद वितरित किया जाता है। अंत में ब्राह्मणों या जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र या दक्षिणा का दान देने से व्रत पूर्ण होता है।



## महेश नवमी के उपाय

- भगवान शिव को कच्चे चावल चढ़ाने से धन लाभ होता है।
- भगवान शिव को बेला के फूल चढ़ाने से सुंदर पत्नी मिलती है।
- शिवलिंग का अभिषेक गाय के घी से करने से कमजोरी दूर होती है।
- महादेव की पूजा हरसिंगार के फूलों से करें तो सुख-सम्पत्ति में वृद्धि होती है ।
- कनेर के फूलों से भगवान शिव की पूजा करने से नए वस्त्र मिलते हैं।
- महादेव को जूही के फूल चढ़ाने से घर में कभी अन्न की कमी नहीं होती।
- धतूरे के फूल से पूजा करने पर महादेव सुयोग्य पुत्र प्रदान करते हैं।
- भगवान शिव को गेहूं चढ़ाने से संतान वृद्धि होती है।
- शिवजी की पूजा चमेली के फूल से करने पर वाहन सुख मिलता है।
- शिवलिंग पर गन्ने का रस चढ़ाने से जीवन में सभी सुख मिलते हैं।

# बुधवार का दिन भगवान गणेश को समर्पित



**सनातन धर्म में बुधवार के दिन का बेहद खास महत्व है। क्योंकि इस दिन जगत के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण और गणेश जी की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही सभी संकटों को दूर करने करने के लिए व्रत भी किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि सच्चे मन से भगवान गणेश की पूजा करने से घर में सुख, समृद्धि और खुशहाली का आगमन होता है। अगर आप भी गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहते हैं, तो बुधवार के दिन सुबह स्नान करने के बाद गणेश जी की विधिपूर्वक उपासना करें। आइए जानते हैं गणपति बप्पा की पूजा विधि के बारे में।**

## भगवान गणेश की पूजा विधि

बुधवार को सुबह जल्दी उठें और भगवान गणेश का ध्यान करें। इसके बाद स्नान कर सूर्य देव को जल अर्पित करें। अब एक चौकी पर साफ कपड़ा बिछाएं और गणेश जी की प्रतिमा विराजमान करें। अब प्रभु को माला और दूर्वा घास अर्पित करें। इसके बाद देशी घी का दीपक जलाएं और आरती करें। गणेश चालीसा का पाठ और मंत्रों का भी जप करें। अंत में बूंदी का लड्डू या फिर मोदक का भोग लगाएं। गरीब लोगों में अन्न, धन और भोजन का दान करें।

## इन चीजों का लगाएं भोग

ऐसा माना जाता है कि भगवान गणेश को गणेश जी लड्डू प्रिय है। ऐसे में उन्हें मोतीचूर के लड्डू का भोग लगाएं। इसके अलावा फल, खीर और मिठाई का भी भोग लगा सकते हैं। मान्यता है कि इन चीजों का भोग लगाने से प्रभु प्रसन्न होते हैं।



## भोग लगाते समय इस मंत्र का जरूर करें जप

त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये। गृहाण सम्मुखो भूत्वा प्रसीद परमेश्वर ।।

इस मंत्र के द्वारा भगवान को भोग लगाते समय प्रार्थना करें कि गणपति बप्पा हमारा भोग स्वीकार करें और हम पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें।

# वैक्स के बाद ये काम जरूर करें

अपने हाथों और पैरों को खूबसूरत बनाने के लिए लड़कियां वैक्सिंग करवाती है। लेकिन वैक्सिंग करने के बाद कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है, अगर आप इन बातों का ध्यान नहीं रखते हैं, तो इससे आपकी त्वचा काली पड़ने लगती है। आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे, जो वैक्सिंग के बाद करनी चाहिए। आइए जानते हैं उन टिप्स के बारे में।

वैक्सिंग करने के बाद कई बार त्वचा से पसीना निकलने लगता है और स्किन चिपचिपी हो जाती है, ऐसा होने पर कई लड़कियां गर्म या गुनगुने पानी से नहा लेती है।

### ठंडे पानी का इस्तेमाल

लेकिन ऐसा करना गलत हो सकता है। इसके लिए आपको वैक्स के बाद ठंडा पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। वैक्सिंग के बाद डेड स्किन रोम छिद्रों को बंद कर सकती है, जिससे त्वचा का कालापन हो सकता है। वैक्सिंग करने के दो से तीन दिन बाद हफ्ते में तीन बार डेड स्किन को हटाने के लिए स्क्रब का इस्तेमाल करें।



### वैक्सिंग के बाद करें ये काम

वैक्स करने के बाद लड़कियों के हाथ और पैरों से टैनिंग दूर होती है और स्किन सॉफ्ट बनती है। इसे करने के बाद हाथों और पैरों पर हो रहे अनचाहे बाल दूर होते हैं और हाथ पैर गोरे दिखने लगते हैं। जब भी आप वैक्स कराएं, तो वैक्स करने के बाद कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें।

### मॉइस्चराइजिंग लोशन का इस्तेमाल


इसके अलावा एक्सफोलिएट करने के बाद त्वचा को हाइड्रेट रखने के लिए आप मॉइस्चराइजिंग लोशन का इस्तेमाल कर सकते हैं। वैक्सिंग के बाद आप एलोवेरा जेल का इस्तेमाल कर सकते हैं, यह त्वचा को हाइड्रेट और शांत रखने में मदद करता है। वैक्स करने के बाद आप धूप में निकलने से बचे। ऐसा करने से त्वचा काली पड़ सकती है। अगर आप किसी जरूरी काम से बाहर जाते हैं, तो सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें।

### टोनर का इस्तेमाल

आप स्कार्फ, टोपी और चश्मे का भी इस्तेमाल कर सकते हैं, यह आपको धूप से बचाने में मदद करेगा। टोनर त्वचा के छिद्रों को बंद करता है और त्वचा को टाइट करने में मदद करता है।




# डेड स्किन हटाने के लिए किचन में रखीं इन चीजों से बनाएं नेचुरल स्क्रब



**गर्मियों में चेहरे से लेकर हाथ-पैर पर जमकर धूल-मिट्टी, गंदगी और पसीना जमा हो जाता है। ये गंदगी परत धीरे-धीरे स्किन पर जमा हो जाती है। जिसे हम ज्यादातर डेड स्किन के नाम से जानते हैं। इस डेड स्किन को हटाकर हाथ-पैर और चेहरे की त्वचा का नेचुरल रंग लाने के लिए स्क्रब जरूर लगाते हैं। लेकिन महंगे स्क्रब अगर बजट के बाहर हो रहे हैं तो रसोई में रखी इन चीजों का इस्तेमाल करें। इससे अच्छा नेचुरल स्क्रब बनेगा और सारी डेड स्किन साफ हो जाएगी।**

**चीनी** - चीनी एक बढ़िया नेचुरल स्क्रबर है। जिसे आप नारियल या ऑलिव ऑयल में मिलाकर घर में ही स्क्रब तैयार कर सकती हैं। ये ना केवल डेड स्किन को हटाएगा बल्कि स्किन को सॉफ्ट और ग्लोइंग भी बना देगा।

**नमक** - नमक को भी बॉडी स्क्रब के तौर पर यूज कर सकती है। खासतौर पर चेहरे की चमक बढ़ाने के लिए ये बेस्ट नेचुरल स्क्रब है। बस शहद की कुछ बूंदों में सफेद नमक मिलाएं और हल्के हाथों से चेहरे, गर्दन को साफ करें। इससे स्किन पर जमा सारी गंदगी एक बार में ही क्लीन हो जाती है।



**ओट्स**- ओट्स को पीसकर पाउडर बना लें और इसमे गुलाबजल, ऑलिव ऑयल मिक्स कर लें। ओट्स स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होता है। जिन लोगों को फाइन लाइंस और रिंकल की प्रॉब्लम रहती है उन्हें ओट्स का पैक बनाकर चेहरे पर लगाना चाहिए। ये स्किन को अंदर से नरिश्मेंट देने में मदद करता है।

**कॉफी** - कॉफी पाउडर भी लगभग सारे ही घरों में होता है। अगर नहीं है तो दो रुपये के पाउच से आप आसानी से बॉडी के लिए नेचुरल स्क्रब तैयार कर सकती हैं। ये स्किन को हाइड्रेट भी करेगा और ग्लोइंग भी बनाएगा।

**जीरा** - थोड़े से जीरा को दरदरा पीसकर पाउडर बना लें। अब गुलाबजल मिलाकर इस पैक को चेहरे पर लगाएं। जीरा भी नेचुरल स्क्रब की तरह काम करता है और स्किन को ग्लोइंग बनाता है।



# पौधे बढ़ाने के तरीके

**आपने देखा है कि आपके घर में लगे पौधे अचानक से बढ़ना बंद कर देते हैं? ऐसा होने के पीछे कई कारण हो सकते हैं लेकिन यहां कुछ आसान ट्रिक्स दिए गए हैं जिन्हें अपनाकर आप अपने पौधों को बढ़ने में मदद कर सकते हैं। ये उपाय न सिर्फ आपके पौधों की ग्रोथ को बढ़ावा देंगे बल्कि उन्हें और भी स्वस्थ बनाएंगे। आइए जानते हैं इसके बारे में ..**



## सही मात्रा में पानी देना

पौधों को सही मात्रा में पानी देना जरूरी है। कभी-कभी हम उन्हें ज़्यादा या बहुत कम पानी दे देते हैं। अच्छी तरह बढ़ने के लिए पौधे की मिट्टी को हमेशा थोड़ा नम रखें, लेकिन उसे गीला नहीं होने दें। मिट्टी को छूकर जांचें, अगर सूखी लगे तो पौधे को पानी दें।

## कॉफी ग्राउंड्स का उपयोग करें

कॉफी की पिट्टी (कॉफी ग्राउंड्स) में नाइट्रोजन की खूब मात्रा होती है, जो कि पौधों के लिए बहुत जरूरी पोषक तत्व है। नाइट्रोजन पौधों को बढ़ने और हरा-भरा रहने में मदद करता है। जब हम मिट्टी में कॉफी की पिट्टी मिलाते हैं, तो इससे मिट्टी में मौजूद छोटे-छोटे जीव (सूक्ष्मजीव) सक्रिय हो जाते हैं। ये सूक्ष्मजीव मिट्टी को हवादार और ढीला बनाते हैं, जिससे पौधों की जड़ें आसानी से फैल सकती हैं और मिट्टी से पोषक तत्वों को अच्छे से सोख सकती हैं। कॉफी पौधे से लिए काफी फायदेमंद होते हैं।

## प्रकाश की सही मात्रा

पौधों के लिए रोशनी बहुत जरूरी होती है। इसलिए अपने पौधों को ऐसी जगह पर रखें जहां उन्हें अच्छी मात्रा में सूरज की रोशनी मिल सके। अगर सूरज की रोशनी कम है, तो आप कृत्रिम लाइट्स का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। यह आपके पौधों को बढ़ने में मदद करेगा।

# गर्मी में बालों पर क्या लगाएं

**लंबे और घने बाल रखना अधिकतर लड़कियों को पसंद होता है। ऐसे में कुछ लड़कियां आए दिन अपने बालों को लंबा, घना और मजबूत बनाने के लिए कई घरेलू उपाय करती है। लेकिन फिर भी उन्हें आराम नहीं मिलता है। कुछ लड़कियां तो ऐसी होती है, जो मेडिकल ट्रीटमेंट की भी सहायता लेती है। लेकिन लाख कोशिश करने के बाद भी उन्हें आराम नहीं मिलता है। अगर आप भी अपने बालों को लंबा, घना और मजबूत बनाना चाहते हैं, तो ये खबर आपके लिए है।**

## नारियल तेल और मेथी दाने

हम बात कर रहे हैं नारियल तेल और मेथी दाने की यह दोनों ही बालों के लिए काफी फायदेमंद माने गए हैं। नारियल तेल में फैटी एसिड मौजूद होता है, जो बालों को मॉइश्चराइजर करता है और उन्हें मजबूत बनाता है। वही मेथी दाने में प्रोटीन और विटामिन होते हैं, जो बालों को लंबा करने में काफी मदद करते हैं। इन दोनों चीजों का इस्तेमाल कर आप अपने बालों को लंबा, घना और डैंड्रफ मुक्त बना सकते हैं।



## मेथी दाना हेयर पैक

आप नारियल तेल और मेथी दाना से हेयर पैक बना सकते हैं। इसके लिए आपको मेथी दाने को रात भर पानी में भिगोकर रखना होगा। अगली सुबह मेथी दानों को पानी से निकाल कर पीस लें और पेस्ट बना ले। इस पेस्ट में नारियल तेल को मिलाएं और अच्छे से घोल लें। फिर मिश्रण को अपने बालों और स्कैल्प पर 30 मिनट के लिए लगाएं। इसके बाद आप शैंपू से बालों को धो लें। इसके अलावा आप नारियल तेल और मेथी दाने दोनों को मिलाकर तेल बना सकते हैं।



आपको एक पेन में नारियल तेल को गर्म करना होगा। इसमें मेथी दाने डालने होंगे और हल्का सुनहरा होने तक इस भूनते रहे, फिर गैस बंद कर तेल को ठंडा कर ले। इस तेल को अपने बालों और स्कैल्प के ऊपर लगाएं। ऐसा आप रात में सोने से पहले करें, रात भर अपने बालों को ऐसे ही छोड़ दें। फिर सुबह उठकर शैंपू से अपने बाल धो लें। इन दोनों तरीकों का इस्तेमाल कर आप अपने बालों को लंबा, घना बना सकते हैं।



IPL 2025 की क्लोजिंग सेरेमनी में

# कलाकारों ने लगाया चार चांद, आसमान में बनाया तिरंगा







**अहमदाबाद।** IPL 2025 की क्लोजिंग सेरेमनी समाप्त हो चुकी है। इसकी थीम 'ऑपरेशन सिंदूर' रखी गई है। सेरेमनी में एयर-शो किया गया। इस दौरान एयरफोर्स ने तिरंगा फॉर्मेशन बनाया। बड़ी स्क्रीन पर सेना के पराक्रम का वीडियो भी दिखाया गया। बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन अपने बेटे सिद्धार्थ और शिवम महादेवन के साथ परफॉर्मेंस दी। उन्होंने 'मैं रहूं ना रहूं, भारत रहना चाहिए...' गाया। कलाकारों ने बी प्राक के गाने तेरी मिट्टी पर डांस किया। स्टेडियम में एक लाख से ज्यादा दर्शक मौजूद हैं। स्टेडियम में 5 लेयर सिक्योरिटी रखी गई है। 4 हजार से ज्यादा पुलिस कर्मी तैनात हैं। आज अहमदाबाद में आज 64% बारिश की आशंका है। हालांकि मैदान पर सब-सॉइल ड्रेनेज सिस्टम है, इससे मैदान 30 मिनट में सूख जाएगा।

**एयरक्राफ्ट ने तिरंगा बनाया**

क्लोजिंग सेरेमनी की शुरुआत में कलाकार ने देशभक्ति गानों में परफॉर्म किया। इसी बीच में इंडियन एयर फोर्स के एयरक्राफ्ट ने स्टेडियम के ऊपर से तिरंगा फॉर्मेशन बनाया।

# पीवी सिंधू इंडोनेशिया ओपन के दूसरे दौर में



**जकार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मंगलवार को यहां संघर्षपूर्ण जीत दर्ज करके इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

सिंधू ने महिला एकल में अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को एक घंटे 19 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। सिंधू ने मैच के बाद कहा, 'पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे निश्चित तौर पर मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए इस तरह के मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है।' सेन ने एक घंटे और पांच मिनट तक चले पुरुष एकल मुकाबले में दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की। भारत के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया।

पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। उन्होंने एक मैच प्वाइंट बचाया और 22-20 से गेम जीतकर मुकाबला निर्णायक गेम तक खींच दिया। लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा रोमांचक रहा, मैच जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। सिंधू ने पहला गेम 22-20 से जीता।

# पांच जुलाई को बेंगलुरु में होगा नीरज चोपड़ा क्लासिक

12 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा



नई दिल्ली। नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 का आयोजन अब 5 जुलाई को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में होगा, जिसमें 12 भाला फेंक खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजकों ने मंगलवार को इसकी घोषणा की है। इससे पहले यह आयोजन 24 मई को होना था, लेकिन भारत-पाकिस्तान विवाद के चलते सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए और राष्ट्र के साथ एकजुटता दिखाने के लिए इसे स्थगित कर दिया गया था। भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का ऐतिहासिक आयोजन जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI) द्वारा मंजूरी दी गई है।

जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के चीफ कमर्शियल ऑफिसर करण यादव ने कहा, "नीरज चोपड़ा क्लासिक को इतनी जल्दी वापस लाने के लिए बड़े सामूहिक प्रयासों की जरूरत पड़ी है। हमें 5 जुलाई को इसकी वापसी की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है। हमारी टीमों ने काफी मेहनत की है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, कर्नाटक ओलंपिक एसोसिएशन, कर्नाटक सरकार और हमारे सहयोगियों के अटूट समर्थन ने इसे मुमकिन बनाया है। इस आयोजन के इर्द-गिर्द मौजूद उत्साह पहले से कहीं ज्यादा है। हम भाला फेंक का ऐसा जश्न मनाने के लिए तैयार हैं, जो पहले से ज्यादा बेहतर और भी यादगार होगा।"

वर्ल्ड एथलेटिक्स से स्वीकृत गोल्ड इवेंट के रूप में नीरज चोपड़ा क्लासिक, ग्लोबल एथलेटिक्स मैप पर भारत की स्थिति को ऊपर लाता है। इसमें एलीट जैवलिन थ्रोअर्स की शानदार लाइन-अप शामिल होगी, जिसमें टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा, थॉमस रोहलर, एंडरसन पीटर्स समेत कई ओलंपिक मेडलिस्ट हिस्सा लेंगे।

नीरज चोपड़ा क्लासिक-2025 के लिए टिकट की कीमत 199 रुपए से लेकर 9,999 रुपए तक है। वहीं, प्रीमियम एक्सपीरियंस के लिए 44,999 रुपए वाले पांच कॉर्पोरेट बॉक्स उपलब्ध हैं। हर एक बॉक्स में 15 गेस्ट बैठ सकते हैं। दर्शकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए, थ्रोअर के रनवे के साथ एक स्पेशल स्टैंड की कीमत 9,999 रुपए है, जबकि रनवे के ठीक पीछे मौजूद नॉर्थ अपर स्टैंड में एक और स्पेशल स्टैंड 2,999 रुपये में उपलब्ध होगा। 'डिस्ट्रिक्ट बाय जोमैटो' ऑफिशियल टिकटिंग पार्टनर है। टिकट जोमैटो के डिस्ट्रिक्ट ऐप से खरीदी जा सकती है।

# केन विलियमसन ने फिर से ठुकराया केंद्रीय अनुबंध



**वेलिंगटन।** पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने फिर से न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध ठुकरा दिया है और संभवतः अगले महीने जिम्बाब्वे के दो टेस्ट मैचों के लिए ब्लैक कैप्स के दौरे से चूक जाएंगे। विलियमसन ने पिछले साल भी केंद्रीय अनुबंध स्वीकार नहीं करने का फैसला किया था, ताकि वे टी20 और दुनिया भर की अन्य लीगों में खेलने के लिए स्वतंत्र रह सकें। इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक आकस्मिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और 2024 में न्यूजीलैंड के 13 टेस्ट मैचों में से 9 में खेले जिसमें उन्होंने 1,000 से अधिक रन बनाए।

विलियमसन मंगलवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी 20 अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में अनुपस्थित थे। डेवोन कॉनवे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्युसन भी थे जो विदेशों में टी20 लीग में खेल रहे हैं। उनसे फिर से एक आकस्मिक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद है। ऑलराउंडर मुहम्मद अब्बास और जैक फाउलकेस, विकेटकीपर मिच हे और स्पिनर आदि अशोक को पहली बार अनुबंधित किया गया है। टिम साउथी, जो रिटायर हो चुके हैं, ईश सोढ़ी, एजाज पटेल और जोश क्लार्कसन की अनुपस्थिति में ऐसा पहली बार हुआ है। विलियमसन वर्तमान में इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप और टी20 ब्लास्ट में मिडिलसेक्स के लिए, और द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट के लिए खेल रहे हैं। जुलाई के अंत और अगस्त की शुरुआत में न्यूजीलैंड के जिम्बाब्वे से खेलने के दौरान उनके काउंटी प्रतिबद्धताओं की उम्मीद है। पिछले महीने लंदन में एक समाचार सम्मेलन में विलियमसन ने कहा कि एक आकस्मिक अनुबंध पर उनका भविष्य स्वस्थ प्रगति पर है और न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इसके साथ बहुत अच्छा काम किया है और मैं पूरे समय भाग्यशाली रहा हूं।' अनुबंधित 20 खिलाड़ियों को पिछले साल के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के आधार पर रैंक किया गया था।

इंग्लैंड दौरे को लेकर बड़ी खबर

# दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में नहीं खेलेंगे शुभमन गिल और साई सुदर्शन





नई दिल्ली। भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे को लेकर बड़ी अहम खबर सामने आ रही है। दरअसल, भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड लॉयंस और इंडिया ए के बीच नॉर्थम्पटन में 6 जून से शुरू होने वाले दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में नहीं खेलेंगे। इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा करते समय BCCI ने कहा था कि शुभमन गिल अपने गुजरात टाइटंस के ओपनिंग पार्टनर बी साई सुदर्शन के साथ इस मैच से पहले इंडिया-ए टीम से जुड़ेंगे। लेकिन एक रिपोर्ट के मुताबिक अब शुभमन गिल और साई सुदर्शन मुख्य टीम के साथ ही इंग्लैंड की यात्रा करेंगे, जो 6 जून को वहां पहुंचेगी। हालांकि केएल राहुल के इस मैच में खेलने की उम्मीद है क्योंकि वह मंगलवार को इंडिया ए से जुड़ गए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट 20 जून को लीड्स में शुरू होगा। इंग्लैंड लॉयंस के पास पहले मैच में सिर्फ छह टेस्ट कैप्स थे, इस मैच में क्रिस वोक्स की मौजूदगी से वे मजबूत हो सकते हैं। आकाश दीप भी इंडिया ए के वास्ते चयन के लिए उपलब्ध होंगे। यह तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद पीठ की चोट से जूझ रहा था। लेकिन अप्रैल की शुरुआत में फिट घोषित किया गया और इसके बाद वह आईपीएल 2025 में खेले। आकाश दीप पहले मैच के दौरान भी कैंटरबरी में मौजूद थे, लेकिन उन्होंने मुख्य रूप से अभ्यास किया और चारों दिनों में ब्रेक के दौरान थोड़ी-थोड़ी गेंदबाजी की। सोमवार को लॉयंस और इंडिया ए के बीच पहला मैच ड्रॉ रहा। यह पिच सपाट और धीमी थी, जिससे गेंदबाजों के लिए मुश्किल रही। भारतीय टेस्ट टीम के सदस्यों में से करुण नायर पहली पारी में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने आए थे और उन्होंने दोहरा शतक जड़ा। ध्रुव जुरैल ने भी दो अर्धशतक लगाए। यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और नीतीश कुमार रेड्डी ने दूसरी पारी में तेज अर्धशतक लगाए। रेड्डी और शार्दुल ठाकुर ने लॉयंस के खिलाफ क्रमशः 14.5 और 28 ओवर डाले और वे दूसरे मैच में इन आंकड़ों में इजाफा करना चाहेंगे। लॉयंस के खिलाफ दूसरा मैच 9 जून को समाप्त होगा। इसके बाद इंडिया एक इंट्रा-स्क्वॉड मैच इंडिया ए के खिलाफ बेकेनहैम में खेलेगी, जो संभवतः बंद दरवाजों के पीछे आयोजित होगा। इसके बाद टेस्ट टीम लीड्स की यात्रा करेगी।

# विश्व चैम्पियन डी गुकेश की मैगनस कार्लसन क्यूँ है इतनी खास !

**स्टावेंगर।** नॉर्वे शतरंज 2025 के छठे राउंड में विश्व शतरंज को उस पल का गवाह बनने का मौका मिला, जिसका इंतजार लंबे समय से था। भारत के 18 वर्षीय विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल फॉर्मेट में पहली बार हराकर इतिहास रच दिया। मैच में शुरुआत से कार्लसन बेहतर स्थिति में नजर आ रहे थे और उन्होंने अधिकांश समय दबाव बनाए रखा। लेकिन जैसे-जैसे समय कम होने लगा कार्लसन ने कई गलत चाले चली और जब खेल बेहतर से कार्लसन के लिए, बराबर था उन्होंने 52वीं चाल पर घोड़े की चाल से भारी भूल कर दी। गुकेश ने तुरंत सटीक चालों से जवाब देते हुए अपना हाथी को देकर कार्लसन का हाथी और घोडा दोनों मारते हुए स्थिति को अपने पक्ष में मोड़ लिया। अंततः 62 चालों के बाद कार्लसन को हार माननी पड़ी। खेल के बाद कार्लसन गुस्से में दिखाई दिए और उन्होंने टेबल पर जोर से मुक्का मारा, जिससे मोहरे गिर गए। पर उन्होंने तुरंत ही खुद पर काबू पाते हुए गुकेश को जीत की बधाई दी और अपने व्यवहार के लिए क्षमा मांगी वह बिना किसी से बात किए सीधे स्थान छोड़कर चले गए। "मैंने ऐसा जीतने की उम्मीद नहीं की थी, लेकिन जब मौका मिला तो मैंने उसे अपनाया। वैसे मैंने भी अपने करियर में कई बार टेबल पर हाथ मारा है,"

# यशस्वी जायसवाल ने 36 फर्स्ट क्लास मैच के बाद इंग्लैंड में किया यह कमाल



पूरे किए 3800 रन

**कैनबरा।** कैनबरा में इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच खेला गया पहला अनाधिकारिक टेस्ट मैच ड्रॉ रहा। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। भारत ने पहली पारी में 557 रन बनाए तो वहीं दूसरी पारी में 2 विकेट पर 241रन बनाए। इस मैच में यशस्वी जायसवाल का प्रदर्शन बहुत अच्छा तो नहीं रहा, लेकिन उसे संतोष जनक जरूर कहा जा सकता है। यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम के लिए ओपनिंग करेंगे और प्रैक्टिस के लिहाज से उनके लिए पहला टेस्ट अच्छा रहा। पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में उन्होंने शुरुआत तो अच्छी की थी, लेकिन वो बड़ी पारी नहीं खेल पाए, लेकिन दूसरी पारी में भी उन्होंने अपने अप्रोच में कोई बदलाव नहीं किया, लेकिन रन बनाने में सफल रहे। पहली पारी में यशस्वी ने 55 गेंदों पर एक छक्का और 3 चौकों की मदद से 24 रन बनाए, तो वहीं दूसरी पारी में उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगाया और इस इनिंग में टी20 की तरह से बैटिंग करते हुए 60 गेंदों पर 2 छक्के और 8 चौकों की मदद से 64 रन की पारी खेल डाली। इस पारी में उन्होंने जिस इंटेंट के साथ खेला उससे यह साफ हो गया कि उनका इरादा क्या है और वो आगे किस तरह से इंग्लैंड की धरती पर बैटिंग करने वाले हैं। यशस्वी की कोशिश थी कि वो शुरू से ही गेंदबाजों पर हावी रहें और उसमें वो सफल भी रहे। इंग्लैंड की धरती पर यशस्वी ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट मैच का पहला अर्धशतक अपने करियर के 36 मैचों के बाद लगाया। यशस्वी ने अब तक अपने करियर में 37 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं और उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ खेले टेस्ट मैच में कुल 88 रन बनाए और इसकी मदद से उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 3800 रन भी पूरे किए।

# रोहित शर्मा ने साथी खिलाड़ियों को बांटे बैट

कर्ण शर्मा रह गए खाली हाथ



अहमदाबाद : मुंबई इंडियंस को रविवार को आईपीएल 2025 क्वालीफायर 2 मुकाबले में पंजाब किंग्स से हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद मुंबई के पूर्व कप्तान और ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने अपनी किट साथी खिलाड़ियों में बांट दी जिसमें बैट, जर्सी आदि थे। हालांकि इस दौरान कर्ण शर्मा अनलकी रहे क्योंकि उन्हें बैट नहीं मिल सका।

दरअसल रोहित शर्मा ने कई खिलाड़ियों को बल्ला गिफ्ट में दिया जिसमें सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का नाम भी शामिल है। इस दौरान कर्ण शर्मा जब रोहित से बल्ला लेने के लिए पहुंचे तो रोहित ने उन्हें मना करते हुए कहा कि किट बैग पूरा खाली हो गया है। हालांकि उसमें बैट थे लेकिन वह उन्होंने अपने लिए रखे थे और कर्ण खाली हाथ रह गए। हालांकि उन्होंने खिलाड़ी को निराश नहीं किया और उन्हें अपने ऑटोग्राफ वाली जर्सी दी। मुंबई इंडियंस द्वारा शेयर वीडियो में रोहित शर्मा ने कहा, 'अब मेरे पास बैट नहीं है। 6 बैट ले लिए यार सबने। पूरा भरा हुआ था बैग। मेरा बैग खाली हो गया।' रोहित शर्मा ने आईपीएल 2025 में काफी अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने 15 मैचों में 418 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 29.86 का रहा। उन्होंने आईपीएल 2025 में चार अर्धशतक लगाए।

# विश्वनाथन आनंद ने 'पीढ़ियों की टक्कर' में फॉस्टिनो ओरो को 2–0 से हराया




**पिएत्रासांता (इटली)।** इटली के पिएत्रासांता स्थित ला वर्सिलियाना में आयोजित ऐतिहासिक मुकाबले 'पीढ़ियों की टक्कर' में भारत के पाँच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद ने अर्जेंटीना के 11 वर्षीय बाल प्रतिभा फॉस्टिनो ओरो को 2–0 से पराजित किया। मुकाबला एकतरफा रहा, लेकिन ओरो ने अपने प्रदर्शन में अनुशासन और आत्मविश्वास दिखाया। आनंद ने पहला मुकाबला सफेद मोहरों से और दूसरा काले मोहरों से जीतते हुए लगातार दबाव बनाए रखा।

उद्घाटन समारोह में दोनों खिलाड़ी पारंपरिक घोड़ागाड़ी में बैठकर कार्यक्रम स्थल पहुँचे। इसके बाद 'चेस रोड्स' महोत्सव की शुरुआत हुई, जिसमें 40 दुर्लभ और ऐतिहासिक शतरंज बोर्डों की प्रदर्शनी का शुभारंभ आनंद, ओरो, विश्व प्रसिद्ध संगीतकार आंद्रे बोचेली और ला वर्सिलियाना फाउंडेशन की अध्यक्ष पाओला रोवेलिनी ने संयुक्त रूप से किया।मुख्य मुकाबले में आनंद ने पहले गेम में राय लोपेज ओपनिंग से खेलते हुए 40वीं चाल में ओरो की गलती का फायदा उठाकर 57 चालों में जीत हासिल की। दूसरे गेम की शुरुआत फीडे अध्यक्ष आर्कडी ड्वोर्कोविच ने की, जहाँ आनंद ने फ्रेंच डिफेंस खेलते हुए 37वीं चाल की चूक का लाभ उठाकर 48 चालों में दूसरा मुकाबला भी अपने नाम किया। हालाँकि आनंद की जीत अपेक्षित थी, लेकिन ओरो के लिए यह एक बड़ा मंच था। मुकाबले के बाद दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे के साथ खेल पर चर्चा की, जो ओरो के लिए एक खास अनुभव रहा। इसके बाद आनंद और ओरो ने 20 आमंत्रित मेहमानों के खिलाफ एक साथ सिमल्टेनियस शतरंज खेला — 10-10 खिलाड़ियों के खिलाफ, और सभी मुकाबले जीत लिए।फिर दोनों खिलाड़ियों ने ऑटोग्राफ दिए और प्रशंसकों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। आयोजन में आनंद के प्रति लोगों का उत्साह और सम्मान साफ नजर आया।

# न्यूजीलैंड ने किया नई सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट लिस्ट का ऐलान



नई दिल्ली। न्यूजीलैंड ने 2025-26 सत्र के लिए अपनी नई सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें चार बदलाव करते हुए मिच हे, मुहम्मद अब्बास, जैक फाउलक्स और आदि अशोक को पहली बार शामिल किया गया है। पिछले 12 महीनों में ब्लैक कैप्स के लिए शानदार प्रदर्शन करने के बाद इन चारों को जगह दी गई है। इन सबके जुलाई में जिम्बाब्वे दौरे और आगामी घरेलू गर्मियों में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड जैसी टीमों की मेजबानी करने के दौरान टीम में शामिल होने की संभावना है। सबसे खास बात ये है कि नई सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट लिस्ट न्यूजीलैंड ने अपने सबसे बड़े मैच विनर को ही बाहर कर दिया है। दरअसल, विकेटकीपर-बल्लेबाज मिच हे ने इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय मैच में सिर्फ 78 गेंदों पर नाबाद 99 रन बनाकर सुर्खियां बटोरीं। वहीं, ऑलराउंडर मुहम्मद अब्बास ने मार्च में पाकिस्तान के खिलाफ अपने वनडे डेब्यू पर 26 गेंदों पर 52 रन बनाए, जो पुरुषों के वनडे में डेब्यू पर सबसे तेज अर्धशतक है। जबकि उनके साथी तेज गेंदबाज फाउलक्स ने पिछले कैलेंडर वर्ष में वनडे और टी20 दोनों में डेब्यू किया था। इस बीच लेग स्पिनर आदि अशोक ने 2025 की शुरुआत में वनडे टीम में वापसी कर रहे हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी स्कॉट वीनिंक का कहना है कि चयन भविष्य की संभावनाओं देखते हुए लिया गया है। मिच, मुहम्मद, आदि और जैक के साथ अनुबंध हमारे सिस्टम के माध्यम से आने वाली अविश्वसनीय प्रतिभा को दर्शाते हैं। इन खिलाड़ियों ने दिखाया है कि वे उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और ब्लैक कैप्स का प्रतिनिधित्व करने की उनकी भूख रोमांचक है।

# सोबो मुंबई फाल्कन्स की आधिकारिक घोषणा

अब क्रिकेट के मैदान में अजमाएंगे हाथ



**मुंबई।** भारत को वैश्विक मोटरस्पोर्ट मानचित्र पर लाने के लिए जानी जाने वाली मुंबई फाल्कन्स रेसिंग लिमिटेड ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) द्वारा आयोजित T20 मुंबई लीग में अपनी नई फ्रैंचाइजी टीम, सोबो मुंबई फाल्कन्स के साथ क्रिकेट के मैदान में प्रवेश करने की आधिकारिक घोषणा की। सोमवार को मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में सोबो मुंबई फाल्कन्स की आधिकारिक जर्सी, टीम एंथम और एक नई क्रिकेट-केंद्रित प्रतिभा विकास पहल, 'अगला स्टार - वन इन ए बिलियन हंट' का अनावरण भी हुआ। यह पहला राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य ट्रैक और फ़ील्ड पर विश्व स्तरीय भारतीय एथलीटों की अगली पीढ़ी की पहचान करना और उनका पोषण करना है। फ्रैंचाइज़ी की महत्वाकांक्षी दृष्टि का समर्थन करते हुए, भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान, महान क्रिकेटर कपिल देव, सलाहकार और राजदूत के रूप में सोबो मुंबई फाल्कन्स में शामिल हुए हैं - अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए, अपना नेतृत्व और अनुभव लेकर आए हैं। सोबो फ्रैंचाइज़ी में 82 करोड़ रुपये का निवेश समूह के क्रिकेट में रणनीतिक विस्तार और मल्टी-स्पोर्ट प्रदर्शन पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के इसके दृष्टिकोण के अगले चरण को दर्शाता है। टीम का लक्ष्य भारतीय क्रिकेट में एक नया मानदंड स्थापित करना है, जहाँ डेटा, विज्ञान और तैयारी प्रदर्शन के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण हैं जितनी कि सहज ज्ञान और कौशल। यह लॉन्च सिर्फ एक जर्सी या टीम एंथम का अनावरण नहीं है, बल्कि एक नए तरह के भारतीय खेल संस्थान का अनावरण है, जहाँ मोटरस्पोर्ट की सटीकता क्रिकेट के जुनून से मिलती है।

# मधुबाला का 'आइए मेहरबान' गाना आज भी लोगों का फेवरेट

मधुबाला की अदाओं वाला ये गाना आज भी लोगों को काफी पसंद है. इस गाने को अब 67 साल बीत रहे हैं, फिर भी इसकी दीवानगी आज भी वैसी है ही जैसी पहले हुआ करती थी. आज भी अगर इस रोमांटिक गाने को सुनने बैठे तो आप इसमें खो जाएंगे. चलिए इस गाने के बारे में आपको सबकुछ बताते हैं. जी हम बात कर रहे हैं 1958 में आई फिल्म 'हावड़ा ब्रिज' के बहुत मशहूर गाने 'आइए मेहरबान' की, जो पुराने जमाने के सबसे खूबसूरत गानों में से एक है. इस गाने को लोग आज भी खूब पसंद करते हैं.

इस गाने को आशा भोंसले ने गाया है और इसके बोल कमर जलालाबादी ने लिखे थे. यह गाना अपने दौर का सबसे मशहूर गाना रह चुका है. इसके बोल बहुत ही खूबसूरती से लिखे गए हैं. इस पूरे गाने में एक्ट्रेस मधुबाला अपनी अदाएं बिखेरती नजर आ रही हैं. यह गाना उन क्लासिक गानों में से एक है जिसमें एक्ट्रेस मधुबाला की अदाएं शामिल है. खूबसूरती की मूर्ति एक्ट्रेस मधुबाला ने इस गाने में एक कैबरे डांसर का रोल निभाया था, जो लोगों को नेहड़ पसंद आया था. इस गाने की दीवानगी आज भी करोड़ों दिलों में बसी हुई है. लोग आज भी इस गाने को सुनना पसंद करते हैं. यह गाना फिल्म 'हावड़ा ब्रिज' में शामिल किया है, जो एक सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म है. फिल्म हावड़ा ब्रिज में अशोक कुमार, मधुबाला, ओम प्रकाश और हेलेन जैसे शानदार कलाकार हैं. फिल्म की कहानी भी लाजवाब है, जिसमें अशोक कुमार अपने भाई की हत्या की सच्चाई को ढूंढते हैं. इस फिल्म ने कमाई भी अच्छी की थी. एक रिपोर्ट की माने तो लगभग 10 लाख रुपये में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 60 लाख से भी ज्यादा की कमाई की थी. फिल्म के गाने काफी पॉपुलर हुए थे.



# ममता कुलकर्णी ने बताई 12 साल कठोर तपस्या की सच्चाई

## 'यमाई' नाम पर तोड़ी चुप्पी



ममता कुलकर्णी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने एक समाचार एजेंसी के साथ बातचीत के दौरान बताया कि उन्होंने एक-दो नहीं बल्कि 12 साल तक कठोर तपस्या की है। इसका फल उन्हें क्या मिला?इसके अलावा अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने एक बातचीत में अपने बचपन से जुड़ा एक खास किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि एक बार ऋषि जमदग्नि की पत्नी रेणुका देवी उनकी दादी के सपने में प्रकट हुई थीं और उनके बारे में कुछ विशेष संकेत दिए थे। ममता ने इसे अपने जीवन की आध्यात्मिक यात्रा का प्रारंभिक संकेत बताया।

ममता कुलकर्णी ने कहा, "मेरा जन्म जमदग्नि गोत्र में हुआ है। मेरी दादी को एक स्वप्न में ऋषि जमदग्नि की पत्नी रेणुका देवी ने दर्शन दिए और कहा कि मैं इस बच्ची के रूप में यमाई नाम से जन्म ले रही हूं, इसलिए इसका नाम यमाई रखना।तभी से मेरा नाम यमाई पड़ा।"उन्होंने आगे कहा, "कल्कि अवतार के गुरु परशुराम हैं, जो रेणुका के पुत्र और कलयुग के गुरु माने जाते हैं। मैं जीवन में किसी और उद्देश्य से आई थी, लेकिन ईश्वर की इच्छा से मेरे जीवन में कई कार्य अपने आप ही होते चले गए। जो कुछ उन्होंने मुझसे कराना चाहा, वही मेरे जीवन में घटित होता गया।"ममता कुलकर्णी ने बताया कि उन्होंने 12 साल कठोर तपस्या की है। उन्होंने बताया, "मैंने 12 साल कठोर तप किया, मेरी 12 कुंडली जागृत हो गईं। प्रत्येक चक्र पर भगवान स्थापित होते हैं। अंतिम सूर्य चक्र होता है। जब भगवान परीक्षा लेते हैं, तब जाकर आप सूर्य चक्र तक पहुंच पाते हैं। आचार्य प्रमोद कृष्णम का मैं आभार जताती हूं कि उन्होंने मुझे कल्कि धाम के समारोह में निमंत्रण दिया। इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।"इससे पहले ममता कुलकर्णी ने कहा था कि उनका मानना है, ईश्वर हर व्यक्ति को किसी न किसी विशेष उद्देश्य के साथ इस धरती पर भेजते हैं। जगत जननी ने उन्हें भी पुण्य कर्मों की पूर्ति के लिए चुना है और अब उन्होंने अपने जीवन का संपूर्ण नियंत्रण भगवान को सौंप दिया है।



# रेखा के कद्रदानों के लिए खुशखबरी

## 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी एक यादगार मूवी

अभिनेत्री और आइकन रेखा के कद्रदानों के लिए खुशखबरी है। उनकी पुरानी यादें ताजा होने वाली हैं। दरअसल, 27 जून को रेखा की एक ब्लॉक बस्टर मूवी सिनेमाघरों में कुछ नए अंदाज में लगने वाली है। इसे दोबारा रीलीज किया जा रहा है। फिल्म का राम है- उमराव जान। फिल्म उमराव जान का निर्देशन मुजफ्फर अली ने किया था। इसे 4k रेजोल्यूशन में तब्दील करने के बाद दोबारा रीलीज किया जा रहा है। 27 जून से दर्शक इस मूवी का सिनेमाघरों में मजा ले पाएंगे।

मुजफ्फर अली ने इस पल को यादगार बनाने के लिए एक लिमिटेड एडिशन कॉफी टेबल बुक भी लॉन्च करने का फैसला किया है। इसमें उमराव जान के निर्देशन में Behind thhe Scenes चीजों का जिक्र होगा। दर्शकों को ऐसी तस्वीरों के दीदार होंगे, जो पहले कभी सामने नहीं आए। रेखा इस खुशी से फूली नहीं समा रही हैं। उन्होंने कहा कि उमराव जान सिर्फ मूवी नहीं है, जिसमें मैंने अभिनय किया। मैंने उस फिल्म को जीया है। सिनेमाघरों में इसका दोबारा लौटना किसी पुराने लव लेटर को पढ़ने जैसा होगा। इसका कवर नई जनरेशन खोलेगी। मुजफ्फर अली ने कहा कि उमराव जान सिर्फ फिल्म नहीं है बल्कि भूली हुई संस्कृति और तहजीब की यात्रा है। फिल्म में हर किरदार ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई है। रेखा ने उमराव जान का कैरेटर प्ले किया था, जो वाकई में यादगार है। फिल्म को दोबारा रीलीज कर मैं बहुत खुश हूं। नई जनरेशन के लिए हमारी संस्कृति के बारे में जानने के लिए इससे अच्छा तरीका कोई नहीं हो सकता।

# रोमांस में डूबे कार्तिक-अनन्या, 'तू मेरी मैं तेरा...'

## फिल्म का फर्स्ट लुक जारी, इस दिन होगी रिलीज



फिल्म 'भूल भुलैया 3' से बॉलीवुड में तहलका मचाने के बाद अब कार्तिक आर्यन अपनी नई फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के साथ आने वाले हैं. यह एक रोमांटिक कॉमेडी होगी. फिल्म का टीजर पहले ही रिलीज हो गया है, अब फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर ने इसकी रिलीज डेट भी फाइनल कर दी है. ये फिल्म 13 फरवरी 2026 (वैलेंटाइन डे वीकेंड) को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है.

बता दें कि इस फिल्म में कार्तिक के साथ अनन्या पांडे लीड रोल में दिखाई देंगी. कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे दूसरी बार ऑन स्क्रीन रोमांस करते हुए दिखाई देंगे. कार्तिक और अनन्या की नई फिल्म का फर्स्ट लुक आउट हो गया है

फिल्म निर्माता करण जौहर ने सोशल मीडिया पर अपनी आने वाली फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का फर्स्ट लुक शेयर किया है. करण ने फोटो शेयर करते हुए लिखा- 'प्यार में डूबा हुआ.. हमारे रे से मिलिए और उनकी रूमी (अनन्या पांडे) से परिचय करवाइए. करण ने जो फोटो शेयर की है, उसमें कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे एक दूसरे को किस कर रहे है. दोनों ने अपने लिप्स के आगे पासपोर्ट लगाया हुआ है. पोस्टर से साफ है कि ये एक रोमांटिक जॉनर मूवी होने वाली है.

बता दें कि इस फिल्म के साथ कार्तिक और अनन्या दूसरी बार स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगे. कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे इस फिल्म से पहले 'पति-पत्नी और वो' में साथ काम कर चुके हैं. जिसमें भूमि पेडनेकर भी अहम रोल में थीं. अब दर्शक एक बार फिर इन दोनों को स्क्रीन पर साथ देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं.

गौरतलब है कि कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच 2021 में अनबन हुई थी. जिसकी वजह से कार्तिक को करण की फिल्म 'दोस्ताना 2' से बाहर कर दिया गया था. इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, जाह्नवी कपूर और लक्ष्य ललवानी लीड रोल में होने वाले थे. हालांकि, बाद में दोनों के बीच सुलह हो गई और करण जौहर ने कार्तिक के 33वें जन्मदिन पर उनके साथ एक नई फिल्म (तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी) का ऐलान किया था.

# 'बीमारी में भी जबरदस्ती फिजिकल रिलेशन बनाता था'

## इस एक्ट्रेस ने बयां की थी पति के ज़ुल्मों की दास्तान

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की कई एक्ट्रेसेस ने खुलासा किया कि उनकी निजी जिंदगी में काफी दिक्कतें रही हैं. उनके पतियों ने उन पर काफी जुल्म ढाए हैं. टीवी के कई सीरियल में नजर आ चुकी एक पॉपुलर एक्ट्रेस ने दो शादियां की लेकिन उसे एक भी पति से प्यार नहीं मिला.



टीवी एक्ट्रेस चाहत खन्ना ने 20 साल की उम्र में साल 2006 में भरत नरसिंहान से शादी की थी. चाहत खन्ना की ये शादी ज्यादा दिन तक नहीं चली और दोनों ने तलाक ले लिया था. चाहत खन्ना ने अपने पति भरत नरसिंहान पर आरोप लगाया था कि उनके साथ घरेलू हिंसा हुई थी. चाहत खन्ना ने बताया था कि इस कारण से ही उन्होंने भरत नरसिंहान से तलाक ले लिया था. चाहत खन्ना ने साल 2013 में पॉपुलर राइटर शाहरुख मिर्जा के बेटे फरहान मिर्जा के साथ शादी की थी. चाहत खन्ना और फरहान मिर्जा के दो बेटियां हैं. लेकिन दोनों का रिश्ता खास नहीं चला. चाहत खन्ना और फरहान ने साल 2018 में तलाक ले लिया था. चाहत खन्ना ने फरहान मिर्जा पर गंभीर आरोप लगाए थे. उनका कहना था वह उनके साथ घरेलू हिंसा करता था और मानसिक उत्पीड़न करता था. चाहत खन्ना ने फरहान मिर्जा पर आरोप लगाया था कि वह निकम्मा है. उनके साथ जबरदस्ती करता है. चाहत खन्ना ने आगे कहा था, 'मैं बीमार होती थी, इसके बावजूद फरहान मिर्जा मेरे साथ फिजिकल रिलेशन बनाने की डिमांड करता था.' वहीं, फरहान मिर्जा ने उन पर रिभू मेहरा के साथ अफेयर की बात कही थी. चाहत खन्ना ने फरहान मिर्जा की अफेयर की वाली बात को स्वीकार किया था.

# शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को किससे है डर

**बोले 'मैं न तो किसी से डर सकता हूं और न ही चुप रह सकता हूं'**

राज कुंद्रा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। जिसमें उन्होंने लिखा, "मैं न तो किसी से डर सकता हूं और न ही चुप रह सकता हूं। सच्चाई सामने आएगी। खेल को 'जेंटलमैन' का खेल कहा जा सकता है, लेकिन पर्दे के पीछे यह कुछ और ही है। हाल के घटनाक्रमों के कारण, प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करना सही नहीं हो सकता, इसलिए स्थगित कर दी गई है, लेकिन यह अभी खत्म नहीं हुआ है। सत्य की जीत होगी।"राजस्थान रॉयल्स के पूर्व सह-संस्थापक राज कुंद्रा ने अपनी 2 जून को प्रस्तावित प्रेस कॉन्फ्रेंस को फिलहाल स्थगित कर दिया है। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस राजस्थान रॉयल्स के एक प्रमुख प्रमोटर से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं और नियम उल्लंघनों के दस्तावेज और सबूत सार्वजनिक करने के उद्देश्य से रखी गई थी।हाल ही में राज कुंद्रा ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी थी कि वह एक वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ वित्तीय गड़बड़ियों के सबूत पेश करने वाले हैं। हालांकि अब उन्होंने घोषणा की है कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस किसी कारणवश आगे के लिए टाल दी गई है।राज कुंद्रा ने पोस्ट में लिखा था, "मैं जल्द ही गंभीर वित्तीय कदाचार, धन शोधन और राजस्थान रॉयल्स के एक प्रमुख प्रमोटर से जुड़े छिपे हुए लेन-देन को उजागर करने वाले दस्तावेजी सबूत जारी करूंगा। इसमें फ्रेंचाइजी के बाकी प्रमोटर्स और पात्रताओं का जानबूझकर दमन, धोखाधड़ी शामिल है। सच्चाई जल्द ही सामने आएगी।"



# IPL की क्वीन प्रीति जिंटा

## 1 मिनट के एड से कमा लेती हैं करोड़ों रुपये



प्रीति जिंटा सिर्फ एक उम्दा अदाकारा ही नहीं हैं, बल्कि एक अच्छी बिजनेसवुमन भी हैं। पंजाब किंग्स की मालकिन होने के अलावा वह प्रोडक्शन और फिटनेस इंडस्ट्री में भी एक्टिव हैं। यकीनन आप एक्ट्रेस की नेट वर्थ जानकर हैरान हो जाएंगे। शिमला की रहने वाली प्रीति जिंटा ने साल 1998 में फिल्मों में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म दिल से थी जिसमें उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से हर किसी का दिल जीत लिया था।

### प्रीति जिंटा का है प्रोडक्शन हाउस

प्रीति जिंटा पिछले 7 सालों से इंडस्ट्री से दूर हैं। आखिरी बार उन्होंने सनी देओल के साथ फिल्म भैयाजी सुपरहिट में काम किया था। भले ही वह बड़े पर्दे से दूर हैं, लेकिन बिजनेसफील्ड में वह बहुत एक्टिव हैं। फिटनेस इंडस्ट्री में इन्वेस्टमेंट करने से लेकर PZNZ मीडिया के नाम से प्रोडक्शन हाउस चलाने तक प्रीति जिंटा फिल्मों से इतर काम करके भी काफी पैसा कमा रही हैं।

### 100 प्रतिशत बढ़ी IPL में इन्वेस्टमेंट

यही नहीं, प्रीति जिंटा इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) की क्रिकेट टीम पंजाब किंग्स (Punjab Kings) की भी मालकिन हैं। वह करण पौल, नेस वदिया और मोहित बर्मन के साथ इस टीम को रन करती हैं। वह 2008 से टीम की को-ऑनर हैं। मनी कंट्रोल के मुताबिक, एक्ट्रेस ने उस वक्त इस टीम में 35 करोड़ रुपये की इन्वेस्टमेंट की थी जिसकी अब वैल्यू 350 करोड़ रुपये है।

# रेचल गुप्ता ने लौटाया मिस ग्रैंड इंटरनेशनल का क्राउन

## लगाए सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोप

मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2024 जीत कर इतिहास रचने वालीं जालंधर की रेचल गुप्ता ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी आपबीती सुनाई है. ब्यूटी पेजेंट विनर ने दावा किया है कि उन्हें मिस ग्रैंड इंटरनेशल के खिताब से बेदखल नहीं किया गया है बल्कि उन्होंने खुद इसे लौटाया है. इसकी वजह वो अपने साथ होने वाले बुरे बर्ताव को बताती हैं. रेचल ने बताया कि वो क्राउन को वापस कर चुकी हैं. साथ ही उन्होंने MGI पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके साथ बदसलूकी की गई है. रेचल ने ऑर्गनाइजर्स पर सेक्सुअल ओर मेंटली हैरेसमेंट के गंभीर आरोप लगाए हैं.



रेचल ने कहा कि मेरे साथ बहुत गलत व्यवहार किया गया और गलत शब्दों का इस्तेमाल कर मुझे परेशान किया गया. उन्होंने MGI के साथ हुए कॉन्ट्रैक्ट को लेकर कहा कि जो कॉन्ट्रैक्ट हुआ था मैं उसी तरह से कॉन्ट्रैक्ट के मुताबिक काम कर रही थी. लेकिन MGI के मेंबर और CEO द्वारा मुझे परेशान किया गया और सेक्सुअल हैरेसमेंट की गई. यही नहीं मुझ पर दवाब भी बनाया गया. लेकिन मैं उनके आगे झुकी नहीं और क्राउन वापस कर दिया. अब कॉन्ट्रैक्ट को खत्म कर दिया गया है. रेचल ने आगे बताया कि कांट्रैक्ट के मुताबिक उन्हें एक भी रुपया नहीं दिया गया है. जो भी दूसरी बातें सामने आ रही हैं वह सब MGI द्वारा मनगढ़ंत बातें बनाई जा रही हैं. रेचल ने ऑर्गनाइजर्स पर बैड टच के भी गंभीर आरोप लगाए हैं. मीडिया से बातचीत में रेचल ने कहा कि उन्हें कपड़ों से लेकर रहन-सहन तक के खर्चे उन्होंने खुद किए हैं.

